✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✱ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 174 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते नीतीश कुमार

# बिहार में 10वीं बार नीतीशे कुमार

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार समेत 27 मंत्रियों को दिलायी पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना का गांधी मैदान गुरुवार को एक बार फिर ऐतिहासिक गवाही देता नजर आया, जब नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। व्यापक जनसमर्थन, देशभर के नेताओं की उपस्थिति और अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह क्षण बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय फिर जोड़ दिया गया है। बिहार के मुख्मयंत्री नीतीश कुमार ने अपनी कैबिनेट के 26 मंत्रियों के साथ गुरूवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ली।











शपथ लेने वालों में भारतीय जनता पार्टी के 14, जनता दल यूनाईटेड के आठ, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के एक-एक मंत्री शामिल हैं। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री के रूप में 10वीं बार शपथ ग्रहण कर लिया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। उनके बाद सम्राट चौधरी ने मंत्री पद की शपथ ली। वह दूसरी बार बिहार के डिप्टी (शेष पृष्ठ 10 पर)

## नीतीश कैबिनेट में तीन महिलाओं को मिली जगह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में तीन महिलाओं को जगह मिली। इनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद पुतुल कुमारी की पुत्री अंतर्राष्ट्रीय शूटर श्रेयसी सिंह, पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद और लेशी सिंह को जगह मिली है। इनमें से लेशी सिंह पिछले नीतीश मंत्रिमंडल में भी शामिल थीं जबकि श्रेयसी सिंह और रमा निषाद को इस बार मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर मिला है। श्री कुमार के मंत्रिमंडल में एकमात्र मुस्लिम चेहरा जमा खान हैं जो पिछले मंत्रिमंडल में भी शामिल थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह लोगों के भरोसे, सरकार की कोशिशों और बिहार के विकास की जीत है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन (शेष पृष्ठ 10 पर)

## पीएम मोदी ने पांच बार झुककर किया अभिवादन, लहराया गमछा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आज नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित इस समारोह को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन की तरह भी देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा भाजपा-एनडीए शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। समारोह के अंत में पीएम मोदी का खास अंदाज भी दिखा। समारोह के दौरान सभी नेताओं ने





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना की और बिहार की नई सरकार को शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। सबसे पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। मंच पर मौजूद शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों के पास जाकर उन्होंने (शेष पृष्ठ 10 पर)

## एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी के पैर में लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बेगूसराय और पटना जिले की सीमा पर एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सीमावर्ती गंगा नदी के दियारा इलाके में छापेमारी के दौरान एनकाउंटर में एक बदमाश घायल हो गया है। उसकी पहचान मोकामा थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी नीरज कुमार के तौर पर हुई है। घायल ने कहा है कि मेरे साथ कुछ भी हो सकता है। पैसे पर एसटीएफ गई है। एनकाउंटर के दौरान बाएं पैर में गोली लगी है। गोली लगने के बाद सबसे पहले इलाज के लिए तेघड़ा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया था। जहां से हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर से तीन बदमाशों को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही दो राइफल, एक कट्टा, पिस्टल, 15 कारतूस, 7 खोखा बरामद हुआ है। इधर एनकाउंटर की सूचना मिलते ही एसपी मनीष के नेतृत्व में बेगूसराय की पुलिस और एसटीएफ इलाके में लगातार कार्रवाई कर रही है। गंगा नदी के उस पार मोकामा एवं (शेष पृष्ठ 10 पर)



# बिहार की जनता के आशीर्वाद और प्यार से दसवीं बार नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ढलती उम्र, थकान और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों तथा अटकलों को दरकिनार करते हुए नीतीश कुमार ने गुरुवार को दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर राज्य की राजनीति में अपने निरंतर प्रभाव और जनता के भरोसे की एक बार फिर पुष्टि तो की ही साथ ही देश में एक नया कीर्तिमान भी स्थापित कर दिया। लगभग दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद नीतीश कुमार इस बार के चुनाव में अपनी सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा का सामना कर रहे थे। सुशासन बाबू के रूप में जाने जाने वाले नीतीश को इन चुनावों में बढ़ती उम्र, थकान और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सार्वजनिक रूप से सामना करना पड़ा। मीडिया से नीतीश से दूरी, कुछ मंचों से उनके दिए बयान और हाव भाव पर लोग सवाल उठाते रहे। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नीतीश कुमार को अचेत मुख्यमंत्री कहते थे। अपनी सेहत और नेतृत्व पर महागठबंधन की तरफ से उठते सवालों के बावजूद नीतीश जनता की पसंद बने रहने में कामयाब हुए। बिहार में जनादेश की बहार में 'नीतीशे कुमार' पर जनता ने एक बार फिर ऐतबार जता दिया। बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली प्रचंड जीत ने सबको चौंका दिया। छह महीने पहले तक जहां नीतीश कुमार की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे थे और विपक्षी दल महागठबंधन मजबूत दिख रहे थे, वहीं चुनाव नतीजों ने सबको गलत साबित कर दिया। नीतीश कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे बिहार की राजनीति के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह जीत सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि बिहार की जनता की निरंतरता और स्थिरता की चाहत का प्रमाण है। जनता ने फिर से कहा, बिहार में बहार है नीतीशे कुमार हैं.... नीतीश कुमार अपनी जनसभाओं, रैलियों में कहते, 2005 से पहले कुछ था... कोई काम किया है ऊ लोग(राजद)....कोई शाम के बाद निकल पाता था... नीतीश कहते रहे कि सब हम लोग कितना काम किए जी... नीतीश ने अपनी ये बात वोटरों के मन में बैठा दी कि 2025 के चुनाव में जनता दल यूनाइटेड के राजनीतिक पतन या कहें कि रसातल में जाने की कल्पना कर रहा महागठबंधन खुद उस रसातल 35 सीटों पर सिमट गया वहीं नीतीश की अगुवाई वाला जदयू वर्ष 2020 के चुनाव की तुलना में करीब दुगनी 85 सीटों पर जीत हासिल करने में सफल रहा। नीतीश का लगातार पांचवां विधानसभा चुनाव जीतना और 10वीं बार मुख्यमंत्री बनना, भारतीय राजनीति में एक दुर्लभ उपलब्धि है, खासकर हिंदी भाषी राज्यों में, जहां भारतीय लोकतंत्र में बदलाव की उम्मीद की जाती है, वहीं बिहार ने बार-बार दोहराए जाने वाले चेहरे पर अपना विश्वास दिखाया है। इस बार राजग में भाजपा और जदयू ने बराबर-बराबर 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा और राजग ने उन्हें फिर से मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में आगे रख कर चुनाव लड़ा। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की छवि का फायदा मिला। राजग ने 2010 के 200 से अधिक सीटों को जीतने के प्रदर्शन को दोहराया। कभी बिहार में भाजपा के बड़े भाई की भूमिका में रहे जदयू को इस बार छोटे भाई की भूमिका में देखा जा रहा था। यह धारणा थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ब्रांड वोट खींचेगा, न कि नीतीश का। चुनाव से पहले यह व्यापक रूप से माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री मोदी की स्थायी लोकप्रियता और भाजपा का राष्ट्रीय प्रभुत्व ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सबसे बड़ी ताकत होगी, जो नीतीश की घटती लोकप्रियता की भरपाई कर सकती है। इस चुनाव के परिणाम से सबसे चौंकाने वाली सच्चाई यह है कि जिस नीतीश की व्यक्तिगत विश्वसनीयता को खत्म माना जा रहा था, वह असाधारण रूप से टिकाऊ साबित हुई। भाजपा के रणनीतिकारों ने भी जदयू की इस स्तर की वापसी की उम्मीद नहीं की होगी। इस चुनाव में नीतीश कुमार ने महिला मतदाताओं के बीच एक मजबूत सद्भावना अर्जित की है। बिहार की 'दीदियों' ने मजबूती से उनका हाथ थामे रखा। यह बात लंबे समय से मानी जाती रही है कि बिहार की महिलाएं 2005 से चली आ रही नीतीश नेतृत्व वाली राजग सरकार की महिला-केंद्रित योजनाओं की वजह से उनसे खूब जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस बार गेम-चेंजर बना चुनावी सीजन के दौरान 1.4 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को दिया गया,10 हजार रूपये का नकद भुगतान। 'दस-हजारिया' लाभार्थी और जीविका दीदियां राजग की बड़ी जीत का असली इंजन बन गईं। सरकारी योजनाओं से लाभ पाने वाली महिलाएं बड़ी संख्या में है और वे हर जाति, समुदाय और वर्ग से आती हैं। इस बार 71.6 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाला, जो पुरुषों (62.8 प्रतिशत) से करीब नौ प्रतिशत ज्यादा है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना जैसी कल्याणकारी पहलों के माध्यम से महिला मतदाताओं ने उनके नेतृत्व के लिए एक स्थिर बल के रूप में काम किया है जिससे उन्हें अन्य वर्गों के झटकों से बचाव मिला है। वर्ष 2020 के विपरीत जहां जदयू के कैडर में भ्रम दिखा था, इस बार पार्टी की संगठनात्मक शक्ति अधिक प्रभावी ढंग से सक्रिय हुई। ग्रामीण नेताओं और स्थानीय प्रभावशाली लोगों पर आधारित उसके पारंपरिक कैडर ढांचे ने निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर भाजपा के साथ बेहतर समन्वय के साथ काम किया। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। उनके कई उलटफेरों के बावजूद, उनके निर्वाचन क्षेत्रों से संदेश साफ था 'आप जहां जाएंगे, हम भी वहीं जाएंगे।' विरोधियों की ओर से उनके स्वास्थ्य और शासन क्षमता पर लगातार हमलों ने उनके समर्थकों को पहले से कहीं ज्यादा मतदान केंद्रों तक पहुंचाया। सुशासन बाबू होने के अलावा, नीतीश 'मिस्टर क्लीन' भी हैं। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी नीतीश पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगाया है। सत्ता विरोधी लहर के बावजूद, स्थिरता, कल्याणकारी योजनाओं, जातिगत समावेशिता और प्रशासनिक निरंतरता की बुनियादी धारणाएं ब्रांड नीतीश के साथ मजबूती से जुड़ी रहीं जिसने उन्हें न केवल प्रासंगिक बनाए रखा, बल्कि उम्मीदों से कहीं अधिक मजबूत बनाकर उभारा। इस प्रकार 'टाइगर अभी जिंदा है' का नारा सिर्फ एक राजनीतिक उद्घोष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की राजनीतिक वजूद और विश्वसनीयता का प्रमाण भी रहा। हाल के दिनों में कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों में नीतीश की चूकें चर्चा में थीं, लेकिन इसके बावजूद महिलाओं के बीच उनकी छवि एक भरोसेमंद, परिवार-जैसे नेता की बनी हुई है और महिलाएं इस भरोसे का जवाब वोट से दिया और मिस्टर भरोसेमंद नीतीश कुमार दसवीं बार राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। बिहार में पटना जिले के बख्तियायापुर में एक मार्च 1951 को एक साधारण परिवार में जन्मे नीतीश कुमार के पिता स्व. कविराज राम लखन सिंह स्वतंत्रता सेनानी और वैद्य थे। श्री कुमार बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज पटना में पढ़ायी के दौरान ही लोक नायक जयप्रकाश नारायण से प्रभावित होकर वर्ष 1974 के छात्र आंदोलन में कूद पड़े थे। नीतीश पहली बार सियासत में 1977 में उतरे जब पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ माहौल बन चुका था। इस दौर में जनता पार्टी मजबूती से उभरी और लगभग पूरे देश में वर्चस्व बनाया। हालांकि नीतीश कुमार चुनावी राजनीति में बेहतर शुरुआत नहीं कर पाए। वर्ष 1977 का चुनाव हुआ तब वह जनता पार्टी के टिकट पर नालंदा जिले के हरनौत विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़े लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1980 के विधानसभा चुनाव में भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा तब उनके परिवार वालों ने उन पर राजनीति छोड़कर नौकरी के लिए दबाव बनाना शुरु कर दिया, लेकिन श्री कुमार नहीं माने और राजनीति में डटे रहे। इसके बाद श्री कुमार को पहली बार 1985 के विधानसभा चुनाव में हरनौत से ही सफलता मिली और उसके बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में वह बाढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनकर लोकसभा पहुंचे। श्री कुमार 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री बने। वर्ष 1991 के मध्यावधि चुनाव में वह फिर से लोकसभा के सदस्य चुने गये। यही वह दौर था जब इंजीनियर से नेता बने नीतीश कुमार उभार पर आए। कभी लालू प्रसाद यादव के 'छोटे भाई' के तौर पर उनके विश्वासपात्र माने जाने वाले नीतीश ने धीरे-धीरे पिछड़ी जातियों, खासकर कुर्मी-कुशवाहा समाज को अपनी तरफ खींचना शुरू कर दिया। इसके अलावा उन्होंने अति-पिछड़ा समाज (ईबीसी) के बीच भी पैठ बनाई। इस जातीय समीकरण को बिठाकर उन्होंने लालू यादव के समर्थन में खड़े यादव समुदाय की एकजुटता की काट खोजी। लालू प्रसाद यादव से राजनीतिक मतभेद के कारण वर्ष 1994 में जनता दल से अलग होकर श्री कुमार ने जार्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में समता पार्टी बनाकर 1995 का विधानसभा चुनाव लड़ा तब उनकी पार्टी मात्र सात सीट पर ही जीत हासिल कर सकी। श्री कुमार ने इस हार से सबक लेते हुए लालू विरोधी मतों के विभाजन को रोकने के इरादे से वर्ष 1996 में भाजपा के साथ गठजोड़ कर लिया। उनका यह फार्मूला कामयाब रहा और उसका फायदा उन्हें आज तक मिल रहा है। श्री कुमार वर्ष 1996, 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुए। श्री कुमार ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वर्ष 1998 में रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री का कार्य भार संभाला। 1999 में फिर बनी वाजपेयी सरकार में वह भूतल परिवहन और कृषि मंत्री बनाये गये। वर्ष 2000 के विधानसभा चुनाव में त्रिशंकु विधान सभा में उन्होंने राजग विधायक दल के नेता के रूप में मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली, लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाने के कारण विधानसभा में शक्ति परीक्षण से पहले ही सात दिनों के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। श्री कुमार के लिए यह बड़ा राजनीतिक झटका था। उसके बाद वह फिर से केन्द्र की राजनीति में लौट गये और वर्ष 2000 से लेकर 2004 तक वाजपेयी सरकार में मंत्री और रेल मंत्री रहे। 2004 के लोकसभा चुनाव में श्री कुमार ने दो सीटों से चुनाव लड़ा जिसमें वह बाढ़ से चुनाव हार गये लेकिन नालंदा सीट से विजयी हुए। उस साल केन्द्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार बनने के बाद श्री कुमार ने अपने आप को पूरी तरह बिहार की राजनीति पर केन्द्रित कर लिया। फरवरी 2005 में जब विधानसभा का चुनाव हुआ तब किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला और कोई भी दल सरकार बनाने में सफल नहीं रहा। नवम्बर 2005 में दुबारा हुए चुनाव में श्री कुमार के नेतृत्व वाले राजग को स्पष्ट बहुमत मिल गया और वह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के रूप में विकास पुरुष की छवि बना चुके श्री कुमार के नेतृत्व में जब राजग ने 2010 का विधानसभा चुनाव लड़ा तो उसे दो-तिहाई बहुमत हासिल हुआ। श्री कुमार ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी संभाली। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के तौर पर पेश किये जाने की कोशिशों के विरोध में भाजपा से 17 साल पुराना अपना नाता तोड़कर एक बड़ा राजनीतिक जोखिम उठाया। भाजपा से नाता टूटने के बाद अल्पमत में आयी अपनी सरकार को उन्होंने निर्दलीय और अन्य दलों के बाहर से समर्थन के बल पर किसी तरह से बचा कर रखा। इसके बाद जब वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव हुआ तो श्री कुमार की पार्टी जदयू को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए उन्होंने 17 मई 2014 को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया और अपने भरोसेमंद नेता जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनवा दिया लेकिन छह माह के अंदर ही श्री कुमार को लगने लगा कि उन्होंने श्री मांझी को मुख्यमंत्री बनाकर एक बड़ी राजनीतिक भूल कर दी। करीब 15 दिनों के राजनीतिक ड्रामे के बाद श्री मांझी ने इस्तीफा दिया और 22 फरवरी 2015 को श्री कुमार ने चौथी बार मुख्यमंत्री का पद संभाला।



# अंचल कार्यालयों में सीएससी-वीएलई को स्थान उपलब्ध कराने में लापरवाही पर विभाग सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आम रैयतों एवं भू-धारकों को विभागीय ऑनलाइन सेवाएं सुगमता से प्रदान कराने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक अंचल कार्यालय में सीएससी के चयनित वीएलई को प्रमुख स्थान पर बैठाने का निर्देश पहले ही जारी किया गया था। इसके बावजूद विभाग को प्राप्त फीडबैक में यह पाया गया कि अधिकांश अंचलों में इस आदेश का पालन नहीं किया गया है जो अत्यंत खेदजनक है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह द्वारा जारी नवीनतम निर्देश में यह स्पष्ट किया गया है कि अधिकांश अंचल अधिकारियों ने सीएससी-वीएलई को बैठने का स्थान निर्धारित नहीं किया है जबकि इसके लिए विभाग का स्पष्ट आदेश 30 अप्रैल 2025 तथा पुनः 18 नवंबर 2025 को जारी किया गया था जिन कुछ अंचलों में स्थान उपलब्ध कराया भी गया है, वहां ऐसी जगह बैठाया गया है जहां वे रैयतों की नजर में ही नहीं आते, इससे विभागीय उद्देश्य की पूरी तरह से अनदेखी होती है। अपर मुख्य सचिव श्री सिंह ने इसे विभागीय निर्देश की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता मानते हुए सभी समाहर्ताओं को कड़े शब्दों में निर्देश दिया है कि सभी अंचल अधिकारियों को आदेशित करते हुए सीएससी के एक वीएलई को अंचल कार्यालय के प्रमुख एवं सुगम स्थान पर बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा है कि सभी समाहर्ता 28 नवंबर तक विभाग को अनुपालन रिपोर्ट भेजें जिन अंचल अधिकारियों द्वारा इस आदेश का पालन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध तत्काल निलंबन एवं अनुशासनिक कार्रवाई हेतु आरोपपत्र भेजने का निदेश भी दिया गया है।

## सीएससी वीएलई के चौथे बैच के प्रशिक्षण की शुरुआत


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ऑनलाइन सेवाओं को आम नागरिकों के और करीब लाने के लिए विभाग द्वारा सीएससी के साथ समन्वय स्थापित कर उनके वीएलई को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सभी जिलों के वीएलई को विभिन्न बैचों में बांटकर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद ये वीएलई अंचल कार्यालयों में बैठेंगे तथा नियत दर पर आमलोगों को सभी ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की प्राप्ति में मदद करेंगे। कॉमन सर्विस सेंटर के ये वीएलई सीधे अंचल कार्यालयों में स्थापित काउंटरों पर बैठकर आम जनता के लिये राजस्व विभाग के सलाहकार के रुप में भी कार्य करेंगे। इसी उद्देश्य से गुरुवार को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में वीएलई के चौथे बैच के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वीएलई के चौथे बैच की शुरूआत करते हुए विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि ऑनलाइन सेवाएं पूरी तरह उपलब्ध होने के बावजूद शिकायतों का जारी रहना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व सेवाओं को ऑनलाइन करने का उद्देश्य जनता को सुगमता से विभाग की सेवायें पहुंचाना था ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों तथा पदाधिकारियों के पास चक्कर न लगाना पड़े। परंतु आज भी राज्य की बड़ी आबादी राजस्व तथा भूमि संबंधी मामलों में ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर अनिश्चितता और भय से ग्रसित है।

# गांधी मैदान में बना इतिहास, नीतीश ने रचा नया कीर्तिमान : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता, पूर्व मंत्री और गया शहर से लगातार नौ बार विधायक रहे डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को 'अभूतपूर्व और ऐतिहासिक क्षण' बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10वीं बार और गांधी मैदान में चौथी बार शपथ लेकर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों–सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को बधाई देते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों के मंत्रियों और सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने जनता के भारी जनादेश का सम्मान किया है। उन्होंने सभी मंत्रिमंडल सदस्यों को शुभकामनाएं और आभार प्रकट किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नई सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की रफ्तार को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों उपमुख्यमंत्री बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। एनडीए के वादों को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि हम पांच पांडव–एनडीए–ने जो वादा किया है, उसे 5 वर्षों में पूरा कर इतिहास रचेंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि बिहार सरकार इस सपने को साकार करने में अपना अहम योगदान देगी। अंत में उन्होंने नई सरकार को शुभकामनाएं



# एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण पर युवा नेता प्रेम सागर ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एनडीए गठबंधन की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा के बिहार प्रदेश युवा नेता प्रेम सागर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह गठबंधन बिहार के समग्र विकास, सुशासन और स्थिर प्रशासन के लिए नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ काम करेगा। प्रेम सागर ने विश्वास व्यक्त किया कि नीतीश कुमार के अनुभवी नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और राज्य की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों–विजय कुमार सिंह और सम्राट चौधरी को भी शुभकामनाएं दीं। अपने बयान में उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में संगठन मजबूत हुआ है और अब शासन-प्रशासन में उनकी भूमिका बिहार को नई दिशा देगी। वहीं, विजय कुमार सिंह का सरल स्वभाव, जनसरोकारों से निकटता और प्रशासनिक दृष्टि राज्य के विकास को गति देगी। प्रेम सागर ने कहा कि एनडीए गठबंधन के सभी मंत्रियों के शपथ लेने से बिहार की जनता में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन द्वारा दिया गया 'विकसित बिहार' का संकल्प अब धरातल पर उतरने जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, जल-जीवन-हरियाली जैसे क्षेत्रों में व्यापक और प्रभावी कार्य होंगे जिनका सीधा लाभ राज्य के हर नागरिक तक पहुंचेगा। अंत में प्रेम सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में बिहार को मजबूत, समृद्ध और विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे।



# नीतीश... जारी है राजनीतिक अध्याय...

***अभिषेक दास***

***पटना।*** *सामाजिक न्याय और सुशासन के संकल्प पर चलते हुये नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। एक इंजीनियर से समाजवादी और समाजवादी से सत्ता के सबसे स्थिर चेहरों में बदलने की लगभग तीन दशकों की इस यात्रा ने नीतीश कुमार को भारतीय राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण चेहरे के रूप में स्थापित किया है। लोक नायक जय प्रकाश नारायण और जन नायक कर्पूरी ठाकुर के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले नीतीश कुमार ने हरनौत से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मिली शुरुआती दो हार के बाद भी हिम्मत नहीं हारी। 1985 में लोकदल के टिकट पर इसी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने के साथ उन्होंने अपने संसदीय सफर की शुरूआत की। चार साल बाद 1989 में उन्होंने बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से जनता दल के टिकट पर जीत हासिल की और उन्हें वी.पी. सिंह सरकार में कृषि राज्य मंत्री बनाया गया। वर्ष 1994 में उन्होंने समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस के साथ मिलकर समता पार्टी का गठन किया जो आगे चलकर जनता दल यूनाइटेड बनी। 1996 में समता पार्टी और भाजपा का लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन हुआ और इस गठबंधन ने बिहार में छह सीटें जीती। 2004 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटों से किस्मत आज़माई; बाढ़ हार गए, पर नालंदा जीत ली। उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी के सरकार में रेलवे और कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गयी। मार्च, 2000 में नीतीश कुमार पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने, लेकिन सदन में बहुमत नहीं होने के कारण उनका यह कार्यकाल केवल 07 दिनों का रहा। नीतीश कुमार की राजनीति ने वर्ष 2005 में बड़ी करवट ली। झारखंड अलग होने के बाद फरवरी में हुए चुनाव अधूरे रह गए और राष्ट्रपति शासन लगा, लेकिन अक्टूबर के चुनावों में जद(यू) 88 सीटों और भाजपा 55 सीटों पर पहुंच गई जबकि राजद 54 पर सिमट गया। नीतीश ने लोकसभा से इस्तीफा दिया और मुख्यमंत्री पद संभाला। इसके बाद विधान परिषद के सदस्य बने, जहां वे आज तक बने हुए हैं। 24 नवम्बर 2005 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही नीतीश कुमार ने राज्य में सामाजिक न्याय के साथ विकास के एजेंडे पर काम शुरू किया। 2005 से अब तक नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में एक तरह से स्थायी केन्द्र बन चुके हैं। उन्होंने कभी भाजपा तो कभी राजद के साथ गठबंधन बदला, लेकिन सत्ता पर अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी। लगातार उतार-चढ़ाव और राजनीतिक परिवर्तनों के बीच 74 वर्षीय नीतीश कुमार ने एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। बिहार के सत्ता गलियारों में उनके कदमों की आहट सिर्फ चुनावी आंकड़ों से नहीं मापी जाती, बल्कि उस जिद्दी अनुशासन से जिसे उन्होंने सालों की असफलताओं, कठिन फैसलों और बार-बार लौटकर आने की क्षमता से अर्जित किया। नीतीश का राजनीतिक अध्याय जारी है।*

## जन कल्याण का काम करेगी सरकार : प्रमोद कु. सिन्हा

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** जदयू के जिला महासचिव प्रमोद कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने एवं नए मंत्रिमंडल गठन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार के लोगों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं जिन्होंने डबल इंजन की सरकार को भारी मतों से विजय बनाकर राज्य में तेजी से विकास को और आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अगुवाई में एनडीए की सरकार फिर से विकास के कार्यों को आगे बढ़ते हुए जन कल्याण एवं सूबे के विकास का काम करती रहेगी।

# केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने की मां ब्लड सेंटर, पटना के कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मां ब्लड सेंटर, पटना में केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज पधारे और सेंटर द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदान एवं रक्त उपलब्धता के क्षेत्र में संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की। मंत्री ने निरीक्षण उपरांत अपनी टिप्पणी में लिखा–'मां ब्लड सेंटर अपने आप में एक नवाचार है और समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। समिति के सभी सदस्यों के मन में कूट-कूट कर परोपकार की भावना भरी हुई है। इससे बढ़कर मानवता की सेवा और क्या हो सकती है।' एम. पी. जैन ने बताया कि मंत्री के आगमन से समिति के सभी सदस्य अत्यंत उत्साहित हुए और इसे संस्था के कार्यों की मान्यता के रूप में देखा। जैन ने बताया कि इस दौरान समिति के प्रमुख सदस्य मुकेश हिसारिया, कन्हैया अग्रवाल (कन्नू), जितेंद्र कुमार (जीतू), नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश सुरेखा, शिव गुप्ता, बद्री मित्तल, श्रवण गोयनका, विकास, रितेश कमलिया, अजय बजाज, जयप्रकाश सरावगी, संजय तोतला, मोनू, सतीश खेमानी, मनीष बनेटिया, नरेश, टीटू सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में बी. डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि बाल अधिकार सप्ताह के उपलक्ष्य में बीएसएसीएस द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के कुशल मार्गदर्शन में दो छात्राओं ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। सपना कुमारी -प्रथम पुरस्कार, दीप्ति करण-द्वितीय पुरस्कार। दोनों छात्राओं ने अपनी अद्वितीय रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यभर के प्रतिभागियों में विशिष्ट पहचान बनाई। उनका यह उपलब्धि कॉलेज द्वारा प्रतिभाओं के संवर्धन, रचनात्मक अभिव्यक्ति और समग्र विकास के प्रति किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। बी. डी. कॉलेज, पटना विजेताओं को हार्दिक बधाई देता है और प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के प्रेरक नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता है।

## नई राजग सरकार में और तीव्र होगी विकास की गति : नंदकिशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नयी सरकार में शामिल सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। श्री यादव ने आज यहां कहा कि बिहारवासियों के लिए आज गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि बिहार में न सिर्फ नयी सरकार का गठन हुआ है, बल्कि विकास की नयी गति का आगाज हुआ है। नयी सरकार विकास का नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। यह विकास हर क्षेत्र और हर तबके के लिए खास होगा। आज विकास की क्षितिज में सूर्य की नयी किरणें प्रस्फुटित हुई है जिसमें पहले से ज्यादा ऊर्जा और उजास है।

# नैतिक शिक्षा का आधार आंतरिक अनुशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री अरविंद की नैतिक शिक्षा का आधार आंतरिक अनुशासन और आदर्शों का अनुकरण है जहां शिक्षक एक सहायक और पथ-प्रदर्शक के रूप में कार्य करता है। स्थानीय श्री अरविंद सोसायटी द्वारा परिसर में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सम्बद्ध बाबा गणिनाथ कालेज व जगजीवन कालेज से आए छात्र-छात्राओं के बीच सर्वांगीण शिक्षा पर आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप प्रोजेक्ट के नियमानुसार स्थानीय महाविद्यालयों से आए ये विद्यार्थीगण आगे के 120 घंटों के ऑनलाइन कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे। सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ.(प्रो.) संगीता सिंह ने श्री अरविंद के नैतिक शिक्षा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्री अरविंद के अनुसार शिक्षा को नैतिक और भावनात्मक प्रगति से जोड़ना, गुरु की प्राचीन परंपरा के अनुसार मित्रवत संबंध, 'संसूचन विधि' द्वारा नैतिक मूल्यों का विकास और चरित्र निर्माण के लिए शास्त्रीय भारतीय आदर्शों का उदाहरण देना। उन्होंने बताया कि उनके नैतिक शिक्षा के मुख्य सिद्धांतो में बौद्धिक और नैतिक विकास का एकीकरण था। श्री अरविंद का मानना था कि केवल बौद्धिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए नैतिक और भावनात्मक प्रगति भी आवश्यक है। नैतिक शिक्षा के बिना, बौद्धिक शिक्षा हानिकारक हो सकती है।

वे कहते थे नैतिक शिक्षा के लिए शिक्षक को सुझाव देना चाहिए न कि आदेश या थोपना। वे व्यक्तिगत आदर्श जीवन और पौराणिक महापुरुषों के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को नैतिक विकास के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने शिक्षक को ज्ञान देने वालों के बजाय एक मार्गदर्शक और सहायक के रूप में कार्य करने को कहा था। उनका काम बच्चों को ज्ञान प्राप्त करने और विकसित करने में सहायता करना है। श्रीमती सिंह ने कहा कि श्री अरविंद का मानना था कि वास्तविक अनुशासन आंतरिक होता है जो स्वेच्छा से कर्तव्य पालन करने की भावना से आता है। शिक्षक को बच्चों के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए जिसका वे अनुकरण कर सकें। उन्होंने शारीरिक और आध्यात्मिक विकास पर जोर दिया था। नैतिक शिक्षा के साथ ही शारीरिक और आध्यात्मिक विकास को भी सर्वांगीण शिक्षा का अभिन्न अंग माना जाता है। उनका मानना था कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मन हो सकता है और शिक्षा का लक्ष्य व्यक्ति को उसके आध्यात्मिक विकास के लिए सक्षम बनाना है। मौके पर बाबा गणिनाथ कालेज के डॉ आलोक कुमार, प्रो. अलीशा, प्रो नीतू कुमारी, प्रो वीणा कुमारी, प्रो रानी कुमारी, प्रो विनोद कुमार आदि मौजूद थे।



# आरपीएफ ने महिला शराब तस्कर को अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन पर प्रभारी निरीक्षक राम विलास राम के निर्देशन में सउनि उपेंद्र कुमार, आरक्षी अभिमन्यू सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन तथा प्रधान आरक्षी 39 मो. अजलीम अली, महिला आरक्षी-292 रेणु कुमारी तथा महिला आरक्षी 759 ज्योति कुमारी दोनों जीआरपी डिहरी ऑन-सोन के साथ यात्रियों की भीड़ को देखते हुए संयुक्त रूप से डिहरी ऑन-सोन स्टेशन में गश्त व चेकिंग करने के क्रम में समय लगभग 21.00 बजे एक महिला पूजा देवी उम्र-22 वर्ष, पति-संतोष पासवान, ग्राम-बारुन, भुइया टोली, थाना-बारुन, जिला-औरंगाबाद (बिहार) को प्लेटफार्म संख्या 1 के पूर्वी छोर पर स्थित ऊपरगामी पुल के नीचे तीन झोले में अवैध शराब के साथ पकड़ा गया जिसमें फूलदार प्लास्टिक के झोले में रखे कुल 16 -0410, 12.10.25 प्रत्येक 180 एमएल तथा कीमत 150 रुपया इस प्रकार कुल 2 लीटर 880 एमएल टोटल कीमत-2400 रुपया (02) उजला रंग का प्लास्टिक झोले में रखे कुल 34 अदद ब्लू लाइम देशी शराब 607-एल-1 दिनांक-14.11.25 प्रत्येक 200 एमएल तथा कीमत 75 रुपया इस प्रकार कुल 06 लीटर 800 एमएल टोटल कीमत-2550 रुपया (03) उजला रंग का प्लास्टिक झोले में रखे कुल 17 अदद ब्लू लाइम देशी शराब बैच नं. -607- एल-6, 14.11.25 प्रत्येक 200 एमएल तथा कीमत 75 रुपया इस प्रकार कुल 03 लीटर 400 एमएल टोटल कीमत-1275 रुपया जब्त किया गया। इस प्रकार कुल जब्त शराब की मात्रा 13 लीटर 80 एमएल कुल कीमत 6225 रुपया है। उक्त महिला से उसके कब्जे से जब्त शराब के बारे में पूछने पर बताई कि शराब को बिहार में बेचने के लिए वाराणसी (उप्र) से लाई हूं जिसके उपरांत बरामद सभी जब्त शराब को मौके पर कागजी कार्रवाई करने के उपरांत जब्त कर गिरफ्तारी नियमों का पालन करते हुये महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जीआरपी डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किया गया।



# आर.एस.के. पब्लिक स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आर.एस.के. पब्लिक स्कूल में बुधवार को भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने स्वयं बच्चों के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा प्रकृति के संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। आनंद सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण, बदलते मौसम और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक पेड़ न सिर्फ ऑक्सीजन देता है, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विद्यालय परिसर में नीम, अमरूद, अशोक, पीपल सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा सभी ने वर्षभर इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं और उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करती हैं। समापन अवसर पर निदेशक आनंद सिंह ने सभी बच्चों को पौधे लगाने और उन्हें बचाने की शपथ दिलाई।



# बाइक की ठोकर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मालाबिगहा गांव के समीप मंगलवार की शाम एक बाइक सवार ने महिला को ठोकर मार दिया जिससे महिला घायल हो गई। उसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तिलौथू पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। वहां भी घायल महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने वाराणसी के ट्रामा सेंटर को रेफर कर दिया। पिछले दो दिनों से घायल महिला का इलाज ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा था, लेकिन अंततः गुरुवार को इलाज के क्रम महिला की मृत्यु हो गयी। मृतका संगीता कुमारी उम्र 40 वर्ष की पहचान मालाबिगहा गांव निवासी भैयाराम की पत्नी के रूप में की गई। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि बीते 18 नवंबर को घायल महिला संगीता कुमारी बगल के ही हरनाचीति गांव में दवाई कराने गई थी। दवाई कराकर लौट रही थी तभी एक बाइक सवार ने महिला को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई और गुरुवार को लगभग 5:00 बजे सुबह वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। वही परिजनों ने बताया कि महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गयी और पूरे गांव में मातम पसर गया। परिजनों ने बताया कि मृत महिला की तीन बेटी और एक बेटा है। वही इन सभी बच्चों के उपर से अपनी मां का साया उठ गया।

# मोहम्मद जमा खान के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसी के साथ कैमूर के चैनपुर विधानसभा से विधायक मोहम्मद जमा खान ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर कैमूर जिला के भभुआ में जेडीयू कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। वही शपथ ग्रहण के बाद पटना में जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल, जेडीयू कैमूर जिला प्रवक्ता डॉ सुशील जयसवाल, जेडीयू आईटी सेल जिलाध्यक्ष अतुल पटेल द्वारा मंत्री जमा खान को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। वही जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने कहा कि यह दिन कैमूर के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि नीतीश कुमार के साथ कैमूर के चैनपुर विधानसभा से विधायक मोहम्मद जमा खान ने भी चौथी बार मंत्री पद की शपथ लिया है यह चैनपुर विधानसभा के साथ पूरे कैमूर के लिए गौरव की बात है।

## नीतीश कुमार के 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने पर डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नीतीश कुमार के 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर बिहार के सुशासन और स्थिर नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाता है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने बीते वर्षों में बिहार के विकास को नई दिशा दी है। अब दोनों नेताओं के संयुक्त नेतृत्व में राज्य में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज होगी।

## पुलिस वर्दी में पांच लाख के गहने की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के पड़ाव मैदान सब्जी मैदान के पास स्कूटी सवार ग्रामीण से बाइक सवार पुलिस वर्दी में दो ठगों ने लगभग पांच लाख रुपये के सोने का चेन व दो अंगूठी की ठगी कर लिया। पुलिस के अनुसार मानीकपुर निवासी धनंजय सिंह सब्जी खरीद कर अपनी स्कूटी से गांव लौट रहे थे। सब्जी मंडी पर बाइक सवार पुलिस वर्दी में ठगों ने उनकी बाइक को रोका। कहा आगे एक की हत्या हो गई है। आभूषण पहन कर नही जाना है। गले का चेन व अंगूठी एक कागज में लपेटा और उन्हें थमा दिया। उन्होंने आगे जाकर कागज खोला तो उसमें नकली आभूषण था। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से अपराधियों की तलाश कर रही है। पीड़ित का आवेदन प्राप्त हुआ है कार्रवाई की जा रही है।

# जिला सैनिक कार्यालय का निरीक्षण, स्थायी भवन जल्द बनने की उम्मीद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राज्य सैनिक बोर्ड के निदेशक एवं पूर्व ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार तथा सह-निदेशक कर्नल संतोष त्रिपाठी ने गुरुवार को जिला सैनिक कार्यालय, डिहरी-ऑन-सोन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सीएसडी कैंटीन, सैनिक आराम गृह तथा जिला सैनिक कार्यालय हेतु स्थायी लोकेशन की तलाश में विभिन्न संभावित स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने बताया कि बहुत जल्द जिला सैनिक कार्यालय को एक स्थायी भवन में स्थानांतरित किया जाएगा जिससे पूर्व सैनिकों को सभी सुविधाएं एक ही परिसर में निर्बाध रूप से उपलब्ध होंगी। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्व सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष आर. के. सिंह, सचिव, पूर्व पेटी ऑफिसर शैलेन्द्र सिंह, कार्यालय प्रधान क्लर्क के. के. सिंह तथा जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल अजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भरोसा दिलाया कि बहुत कम समय में जिला सैनिक कार्यालय को स्थायी रूप से स्थापित कर दिया जाएगा जिससे जिले के सभी पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सेवाओं में और अधिक मजबूती आएगी।

# अपहृत किशोरी को अपहरणकर्ता के साथ आरपीएफ ने बरामद कर चुटिया थाना के किया सुपुर्द



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि अमित कुमार उम्र 23 वर्ष पिता-स्व. उपेंद्र दास ग्राम-कन्हाईपुर थाना-मोकामा जिला- पटना (बिहार) नामक व्यक्ति को जिस पर रिया कुमारी नामक बच्ची का अपहरण करने के संबंध में चुटिया थाना में कांड संख्या 69/25, 09.10.25 अंतर्गत धारा 126(2),115(2),137(2),85,351(2)/3/5 बीएनएस दर्ज है के उक्त बच्ची रिया कुमारी के साथ डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर उपस्थित होने के बाबत उनके परिजनों के द्वारा सूचना मिलने के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन के अधिकारी व स्टाफ द्वारा दोनों को बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर चुटिया थाना को सूचित किया गया। चुटिया थाना के सहायक अवर निरीक्षक पंकज कुमार धीरज तथा महिला आरक्षी/1549 ज्योति कुमारी पोस्ट पर उपस्थित हुई जिन्हें उनके घर वालों की उपस्थिति में सुपुर्दगीनामा तैयार कर उक्त व्यक्ति अमित कुमार एवं नाबालिग बच्ची रिया कुमारी को स्वतंत्र गवाहों के समक्ष फोटो ग्राफी करते हुए सही सलामत सुपुर्द किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–खुली निविदा सूचना**

**ई खुली निविदा संख्या–एसजी–डब्ल्यू–डीडीयू–ओटी–01–2025–26 (टू पैकेट सिस्टम)**

मुहरबंद निविदाएं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों द्वारा निम्नलिखित कार्य निष्पादन हेतु आमंत्रित किया जाता है।

**क्र.सं i), विवरण: कार्य का नाम एवं स्थान और कार्य करने की अवधि : टिप्पणी :** प्रोविजन ऑफ ऑटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग सिस्टम बिटविन सोननगर (एसईबी) एंड गढ़वा रोड–(जीएचडी) (एक्सक्लूसीव) सेक्शन इन डी०डी०यू० डिविजन **(92.79 Km)**। सेक्शन– पं० दीन दयाल उपाध्याय डीविजन, कार्य पूर्ण करने की अवधि–18 (अठारह) महीना।, **ii) अनुमानित लागत :** रूपये 111,47,68,612.35 (रूपये एक सौ ग्यारह करोड़ सैतालीस लाख अरसठ हजार छः सौ बारह एवं पैसे पैतीस मात्र), **iii) बिड सिक्युरिटी (अग्रधन) जो जमा करना है:** रूपये 57,23,900.00/– (रूपये संतावन लाख तेइस हजार नौ सौ मात्र)।, **iv) निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 19.12.2025 अपराहन 12.00 तक, **खोलने की तिथि एवं समय:** 19.12.2025 अपराहन 12.30 तक, **v) संबंधित वेबसाईट जहाँ से निविदा का पूर्ण विवरण, इत्यादि देखा जा सके: संबंधित वेबसाईट www.ireps.gov.in पर सभी सूचनाए उपलब्ध है।**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (कार्य)
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1316/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25–26/36



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: डीएल_एयर _कंप्रेसर_एचडब्ल्यूएच _164, दिनांक: 17.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/लोको, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निविदा सं.: **डीएल_एयर _कंप्रेसर_ एचडब्ल्यूएच _164** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 02 (दो) वर्षों के लिए हावड़ा डीजल शेड में 1750 एलपीएम एयर कंप्रेसर और मोटर्स, मेक ईएलजीआई, मॉडल संख्या RR20100CGMOB की मरम्मत/ओवरहॉलिंग। मात्रा–60 नग (30 लोको)। **बोली प्रणाली** : दो पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 73,08,463.31, **बयाना राशि:** रु.1,46,200/– **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 5,000/–, **समापन अवधि:** 24 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 17.11.2025 को 17.19 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.11.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 09.12.2025 को 16.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-407/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# सोशल मीडिया पर कट्टा लहरानेवाला युवक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाव थाना द्वारा गुरुवार को देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। सोशल मीडिया पर कट्टा लहराते हुए धान के खेत में युवक ने वीडियो अपलोड किया था। वीडियो वायरल होने के बाद बेलाव थाने की पुलिस सक्रिय हुई और युवक की पहचान में जुट गई। तकनीकी जांच के बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी बेलाव थाना क्षेत्र के कटकरा गांव निवासी कैलाश बिंद के पुत्र रामसूरत बिंद बताया जाता है। बेलाव थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा ने बताया कि युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है कि कट्टा कहां से लाया था।

## चौकीदार पुत्र हत्या मामले में महिला गई जेल

**शेरघाटी।** पुलिस ने सेवानिवृत्त चौकीदार पुत्र के हत्या के मामले में बनिया ब्राउन गांव से एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि बीते दो दिनों पूर्व श्रवण कुमार नामक युवक की हत्या कर उसके शव को बोरी में बांधकर कुंए में फेंक दिया था।

# खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार राज्य बाल संरक्षण आयोग, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में जिले में समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना अंतर्गत संचालित ऑब्जर्वेशन होम, रोहतास, सासाराम में 14 नवंबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक बाल अधिकार संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें आयोग द्वारा निर्देशित विभिन्न कार्यक्रम यथा खेलकूद, चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता, संगीत आदि का आयोजित किया गया था। 20 नवंबर 2025 को बाल अधिकार संरक्षण सप्ताह के समापन के अवसर पर पर्यवेक्षण गृह, रोहतास, सासाराम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल अधिकार संरक्षण सप्ताह में आयोजित किए गए खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किशोरों को सम्मानित तथा प्रोत्साहित किया गया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर अमित कुमार पाण्डेय, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद, रोहतास तेजबली सिंह, सदस्य, किशोर न्याय परिषद, रोहतास, विक्रमादित्य पाल, बाल संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत), जिला बाल संरक्षण इकाई, रोहतास, सासाराम जय प्रकाश कुमार, अधीक्षक, पर्यवेक्षण गृह, रोहतास चंदन कुमार, गृह पिता, रेखा देवी, कुमारी गृह माता तथा गृह में कार्यरत शिक्षकगण अवनीश कुमार सिंह, अंकुर कुमार, नवल किशोर, रौशन कुमार शर्मा, उदय नारायण एवं अन्य सभी गृहकर्मी उपस्थित थे।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025 *for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/10 Dated : 20.11.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 22.09.2025, 2025/03 dated 03.10.2025, 2025/06 dated 31.10.2025 & 2025/08 dated 05.10.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year UG Ayush Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2025 Online 3rd Round counselling held from 17.11.2025 to 19.11.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/09 Dated 20.11.2025 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of 3rd round Counselling will be available on Board's website from **20.11.2025**. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round Counselling. **The candidate must see it before filling up of their Choices for Online Counselling.**
3. **Stray Vacancy Round Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 21.11.2025 and close on 24.11.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/09 Dated 20.11.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**

# नालंदा केवल नाम नहीं बल्कि एक सभ्यता : गजेन्द्र सिंह शेखावत




नव नालंदा महाविहार का 75वां स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नव नालंदा महाविहार के 75वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत स्वयं को विश्वविद्यालय परिवार का अभिन्न सदस्य बताते हुए इस ऐतिहासिक अवसर में शामिल होने को गौरवपूर्ण क्षण बताया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नालंदा एक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सभ्यता का जीवंत प्रतीक है। विश्वविद्यालय के उद्देश्य वाक्य "ज्ञान मानवता को जोड़ता है, विभाजित नहीं करता" को इसकी आत्मा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान वैश्विक बौद्ध अध्ययन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद नव नालंदा महाविहार ने राष्ट्र-निर्माण में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के केंद्र के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर विदेश लौटने वाले विद्यार्थी बौद्ध धर्म के सांस्कृतिक दूत के रूप में विश्वभर में शांति और सद्भाव के संदेश का प्रसार करते हैं। उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भिक्षु जगदीश कश्यप और महान चीनी यात्री ह्वेनसांग के योगदानों का विशेष रूप से स्मरण किया तथा विश्वविद्यालय की 75 वर्षों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की। कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि नव नालंदा महाविहार, संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एनईपी को अक्षर और भावना में लागू करने वाला पहला विश्वविद्यालय है। अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि सामूहिक प्रयासों से नव नालंदा महाविहार को पुनः विश्व पटल पर शिखर पर स्थापित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के गांव कल्याण बिगहा में मनी होली-दिवाली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पूरे बिहार के लिए बृहस्पतिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। क्योंकि नालंदा के लाल नीतीश कुमार 10 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ पटना के गांधी मैदान में लिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ लेने के साथ ही उनके गृह क्षेत्र हरनौत प्रखंड में भी खुशियों की झलक हर तरफ दिखाई दी। मुख्यमंत्री के पैतृक गांव कल्याण बिगहा में उनके समर्थकों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के 10 वीं बार शपथ लेने पर जमकर आतिशबाजी की एवं कविराज राम लखन सिंह स्मृति वाटिका में माता परमेश्वरी देवी पिता स्वर्गीय राम लखन सिंह एवं पत्नी स्वर्गीय मंजू देवी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कल्याण बिगहा के ग्रामीणों ने कहा कि जब तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद पर हैं। बिहार का लगातार विकास होता रहेगा। ग्रामीणों ने नीतीश कुमार को विकास पुरुष के साथ-साथ भगवान का अवतार भी बताया। जैसे भगवान राम अयोध्या लौटने के बाद ग्रामीणों ने दीप जलाकर स्वागत किया था ठीक उसी तरह से आज नीतीश कुमार के 10 वीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद गांव में आतिशबाजी हुई। वहीं ग्रामीण युवाओं ने कहा कि नीतीश कुमार 10 वीं बार मुख्यमंत्री बने हैं तो निश्चित तौर पर युवाओं के बारे में सोचेंगे रोजगार देंगे। पलायन एवं समस्याओं को भी जड़ से खत्म किया जाएगा। बिहार की जनता ने सुशासन विकास सुरक्षा के नाम पर प्रचंड बहुमत देने का काम किया है। उधर विधायक हरनारायण सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, रौशन, मुकेश, टुनटुन, बंटी आदि नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

# छात्र जदयू ने मनाया जश्न, एनडीए के जनादेश पर जनता का जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ (नालंदा)।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के छात्र नेताओं ने नीतीश कुमार के रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर ऐतिहासिक दिन के रूप में जश्न मनाया। बिहारशरीफ के हरदेव चौक पर छात्र जदयू नालंदा के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर छात्र नेताओं ने कहा कि पूरे जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को मंत्रिमंडल में पुनः शामिल किया है। छात्र नेताओं ने श्रवण कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि वे हमेशा कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में शामिल होते हैं, उनके मान-सम्मान की रक्षा करते हैं और गरीबों-वंचितों के विकास के लिए तत्पर रहते हैं। वे लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए मजबूती से लगे रहते हैं।

हालिया चुनाव परिणामों में नालंदा जिले में एनडीए को मिले जबरदस्त जनादेश को लेकर जिले भर में चर्चा है। खासकर छात्र और युवा वर्ग ने खुलकर एनडीए के पक्ष में मतदान किया, जिसके बाद स्थानीय छात्र और युवा नेताओं ने जनता का धन्यवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र जिलाध्यक्ष सन्नी पटेल और नगर अध्यक्ष संजीत यादव ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "नालंदा के छात्र और युवा जिस उमंग के साथ लोकतंत्र में आगे आए, उससे पूरे जिले में सकारात्मक माहौल बना। हम नालंदा की जनता का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।" छात्र नेताओं ने बिहारवासियों और जिलेवासियों का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने जनप्रिय नेता नीतीश कुमार को पुनः अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने मुख्यमंत्री के 'न्याय के साथ विकास' और सुशासन मॉडल पर अपना विश्वास व्यक्त किया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर एसपी ने थानाध्यक्ष को किया पुरस्कृत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में विधि व्यवस्था संघारण एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारी को एसपी ने सम्मानित किया है।दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गयी। इन त्यौहार में ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा और विधि व्यवस्था तक दुरुस्त दिखी थी। सभी पूजा पंडाल व छठ घाट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। जिस कारण जिले के वारिसलीगंज में त्योहार शांतिपूर्ण व सोहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। दूसरी ओर तुरंत बाद ही लोकतंत्र का महापर्व 2025 विधानसभा चुनाव भय मुक्त वातावरण,शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न हुआ।इसी कड़ी में जिले में 2009 बैच के तेज तरार वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने मेहनत और कुशल नेतृत्व में दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पुजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाकर तुरंत बाद ही लोकतंत्र का महापर्व 2025 विधानसभा चुनाव भय मुक्त वातावरण,शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही प्रखंड से लेकर जिला तक बड़े-बड़े कद्दावर नेताओं प्रधानमंत्री सहित अपने एवं कई राज्यों के मुख्यमंत्री एवं बड़े महानुभवों की सभा/कार्यक्रम के अवसर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन अत्यंत मेहनत, लगन व परिश्रम से किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए हार्दिक शुभकामना दीं। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने जिस तरह समर्पण भाव से दायित्वों का निर्वहन किया है,वह पूरे विभाग के लिए प्रेरणादायी है। इसी अनुकरणीय प्रदर्शन,उत्कृष्ट योगदान तथा दायित्वों के प्रति समर्पण के सम्मान स्वरूप एसपी ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

## एक नजर

### बिजली विभाग ने छह लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**पकरीबरावां।** बिजली विभाग ने छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि रेवार में एक, बुधन बिगहा में दो एवं मड़वा के तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है एवं जुर्माना भी लगाया गया है। बताया गया कि रेवार एवं बुधन बिगहा में बाईपास कर बिजली का उपभोग करने एवं मड़वा में अधिक बकाया के कारण लाइन काट दिए जाने के बाद भी बिजली जलाए जाने के आरोप में कार्रवाई की गई है। बिजली विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### विज्ञान शिक्षकों की बीआरसी में कार्यशाला आज

**पकरीबरावां।** प्रोजेस्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय में कार्यरत वर्ग छह से आठ के विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुक्रवार को बीआरसी में होगी। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने विद्यालयों के प्रधानों को इसकी जानकारी दे दी है। कार्यशाला में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां की शिक्षिका बबली सिन्हा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के शिक्षक धीरज कुमार प्रशिक्षक के रुप में हैं।

### पेंशनर भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर भवन नारदीगंज में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान पंडपा दरियापुर निवासी बिरला कम्पनी के सेवानिवृत्त कर्मी गोविंद प्रसाद के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा गया मृतक भाजपा मंडल के प्रखंड उपाध्यक्ष रहे। कहा उनके निधन होने से समाज व परिवार में एक अपूर्णीय क्षति पहुंची है। मौके पर पेंशनर समाज सचिव श्रीकांत सिंह,सियाशरण दास,रामशरण सिंह,कामता प्रसाद सिंह, दशरथ प्रसाद,यमुना सिंह,नरेश कुमार, रघुनंदन प्रसाद,सियाशरण दास समेत अन्य लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम 22 को

**नारदीगंज,नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय में कार्यरत नामित विज्ञान व नामित गणित शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम इंटर विद्यालय नारदीगंज में आगामी 22 नवम्बर 2025 को एक बजे शुरु होगी। आयोजित कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण दी जाएगी। बीईओ दीपक सक्सेना व प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन ने संयुक्त रूप से कहा आयोजित प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार हो रहा है। इस कार्यक्रम में मध्य विद्यालयों में कार्यरत नामित गणित और नामित विज्ञान के शिक्षकों को ससमय उपस्थित होना अति आवश्यक है।

### मोबाइल के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवादा।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र की चकवाय पंचायत अंतर्गत मीर बीघा गांव से महिला से छिनतई की गई मोबाइल के साथ संबंधित गांव के नाथुन राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि एक माह पूर्व थाना क्षेत्र की एक महिला बैंक से पैसा निकाल कर जा रही थी।उसी दौरान बीके साहू स्कूल के पास अज्ञात बाइक सवार द्वारा थैला में रहे 49000 रुपए मोबाइल आदि की छिनतई कर ली गई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से छिनी गई मोबाइल बरामद किया गया है। बताया कि गुप्त सूचना मिली की आरोपी अपने घर पर है। सूचना बाद छापेमारी कर मंगलवार की रात्रि आरोपी को छिनी गई मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के बिहटा–सरमेरा टू-लेन पर भेन्डा मोड़ के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के मालती गांव निवासी 25 वर्षीय अंबेडकर पासवान के रूप में हुई है। घायल अनिकेत कुमार हिलसा थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव का रहने वाला है। परिवार ने बताया कि अंबेडकर अपने बहनोई अनिकेत के साथ अहियाचक गांव शादी का कार्ड बांटने जा रहा था। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि 4 दिसम्बर को मृतक की शादी होने बाली थी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सम्मान समारोह




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकंगरसराय में स्थित प्रखंड के सभागार में एमओआइसी स्नेह लता वर्मा एवं सीडीपीओ कविता कुमारी की अध्यक्षता में 2.5 से 3 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों का संपूर्ण टीकाकरण पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण कराने वाले अभिभावकों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्ण टीकाकरण युक्त बच्चियों ब उनके अभिभावकों को बच्चियों के नाम एक पौधा, फल की टोकरी एवं बेबी किट देकर सम्मानित की गई। इस अवसर पर एमओआइसी स्नेह लता वर्मा ने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण न केवल बच्चों को रोगों से सुरक्षित करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज की नींव भी रखता है। हर माता-पिता का दायित्व है कि वे समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ कविता कुमारी एब महिला विकास निगम की टीम के द्वारा अभिभावकों को टीकाकरण पोषण, तथा स्वच्छता के साथ साथ बच्चियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं की भी जानकारी दी। साथ ही 3–5 वर्ष तक के आगामी टीकाकरण की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना प्रबंधक एवं लैंगिक विशेषज्ञ पूजा कुमारी के द्वारा किया गया। 2.5–3 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों का संपूर्ण टीकाकरण पूर्ण कराने बाले अभिभावकों को सम्मान व जागरूकता सामग्री का वितरण किया गया। टीकाकरण व पोषण पर जागरूकता सत्र बेटी बचाओ–बेटी बढ़ाओ अभियान को मजबूत करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अभिभावकों ने भविष्य में नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण–सम्बंधी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटी गई मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य सामानों को बरामद कर लिया है। पकरीबरावां थाना में गुरुवार को आयोजित पीसी में पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि बुधवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि पकरीबरावां थाना क्षेत्र के देवीबीघा गांव निवासी गिरजा प्रसाद यादव के पुत्र मनोज कुमार के साथ दो बाइक पर सवार छह लोगों ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और वारिसलीगंज की ओर भाग गए। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल गठित की गई। पुलिस ने लुटेरों का पीछा किया। वारिसलीगंज के पटेल चौक के पास स्थानीय लोगों के सहयोग से एक लुटेरा काशीचक थाना क्षेत्र के भौआर गांव निवासी रामानंद प्रसाद के पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से लूटी गई मोबाइल, लैपटॉप, फिंगर प्रिंट डिवाइस, नकद राशि, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लूट में प्रयुक्त बाइक आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक ने बताया कि दो बाइक पर सवार उसके छह साथियों ने कसार थाना के सुमका में भी लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया कि वहां एक युवक से लैपटॉप एवं अन्य सामान जबकि एक इंजन रिक्शा के चालक से नकद राशि की लूट की है। उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपितों कसार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी चंद्रिका पासवान के पुत्र संदीप उर्फ गब्बर एवं इसी थाना क्षेत्र के बाय बिगहा के फिरंगी यादव के पुत्र नौलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि तीनों गिरफ्तार लोगों ने लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस संबंध में महेश कुमार ने पकरीबरावां थाना में जबकि सुमका के जितेंद्र कुमार एवं एक इंजन रिक्शा के चालक ने कसार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, पकरीबरावां के थानाध्यक्ष रंजन चौधरी, वारिसलीगंज थाना के थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, कसार थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार, पकरीबरावां थाना के एसआई सौरभ कुमार, वारिसलीगंज थाना के एएसआई पप्पू कुमार, पीटीसी ओमप्रकाश शामिल थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी हेतु नवादा न्याय मंडल में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर गुरुवार को नवादा न्याय मंडल में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनी राज द्वारा उनके प्रकोष्ठ में की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। आधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभिन्न प्रकार के सुलहनीय वादों में संबंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करें तथा तामीला के आधार पर वादों के निष्पादन में सहयोग सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक वादों का आपसी सहमति से निवारण संभव हो सके। इस बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गण, अपर मुख्य दंडाधिकारी गण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा धीरेंद्र कुमार पांडे तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणीगण उपस्थित रहे।

# मोतनाजे में कार्य प्रगति का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

## गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-2



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश मोतनाजे में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-2 पार्ट-1 के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दों पर मौजा मधुबन एवं मौजा मोतनाजे के ग्रामीणों से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वास हेतु उपयुक्त जमीन चिह्नित करने का निर्देश नवादा एवं नारदीगंज के अंचल अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजना से जुड़े सभी कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया।

गंगाजल आपूर्ति योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सुनिश्चित होगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–10बी–25, दिनांक** 17.11.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–10बी–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटरों के प्रावधान के लिए अतिरिक्त आइटमों की अनुमानित अनुसूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,02,65,560.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,01,300/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.12.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-408/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक** 18.11.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–151–25–26, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सियालदह मंडल के तहत आवश्यक पाइपलाइन कार्य के साथ विभिन्न स्टेशनों में टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 1,97,71,668.85, **बयाना राशि :** रु.2,48,900/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 12.12.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 12.12.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-265/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# अभ्यर्थियों में स्वरोजगार हेतु स्टडी किट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा नियोजन सेवा के विस्तार योजना अंतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु टूल किट तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट प्रदान की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक योग्यता एवं नियम निम्नवत हैं—

टूल किट योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर रिपेयर, फिटर, मोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई, ब्यूटीशियन, प्लम्बर आदि ट्रेडों में ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वार्षिक आय 3,00,000/- से कम होनी आवश्यक है। शैक्षणिक योग्यता हेतु अभ्यर्थी को केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान (आरसेटी, जन शिक्षण संस्थान, पीएमकेवीवाई, डीडीयू-केवाई, आरपीएल) से सम्बद्ध ट्रेड में न्यूनतम तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी का जिला नियोजनालय, नवादा में एनसीएस पोर्टल पर छह माह पूर्व निबंधन होना आवश्यक है। स्टडी किट योजना के तहत यूपीएससी, बीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कमजोर वर्ग (ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थियों को लाभ दिया जाएगा। अभ्यर्थी की वार्षिक आय 3,00,000/- से कम होनी चाहिए। आयु सरकारी सेवा हेतु निर्धारित नियमों के अनुरूप होनी चाहिए तथा अभ्यर्थी बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए। साथ ही एनसीएस पोर्टल पर छह माह पूर्व निबंधन अनिवार्य है।

सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी दिनांक 18 नवम्बर 2025 से 1 दिसम्बर 2025 तक अपराह्न 05:00 बजे तक संबंधित प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियों के साथ जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा को संबोधित आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# व्यवसायी पर हमले की फिराक में रहा युवक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के शांतिनगर मोहल्ला में मंगलवार की रात एक बड़ी घटना टल गई, जहां व्यवसायी बाल-बाल बच गया। धारदार हथियार से लैस एक युवक स्थानीय व्यवसायी शैलेन्द्र साव की हत्या की नियत से घात लगाए बैठा मिला। शैलेन्द्र साव ने बताया कि वह रात करीब दस बजे अपने घर के पास पहुंचा। बताया कि घर के पास छिपा युवक उस पर हमला करने ही वाला था कि उसकी नजर उस पर पड़ गई और वह संभलते हुए शोर मचाया। शोर सुनते ही आसपास के लोग मौके पर दौड़े और युवक को धर-दबोचा। ग्रामीणों ने उससे धारदार हथियार भी बरामद कर लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और युवक को थाना के हवाले कर दिया। उसकी पहचान रामपुर गांव के जयपाल कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद व्यवसाई शैलेन्द्र ने पकरीबरावां थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### मगध विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# कुलपति एसपी शाही ने दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने की। बैठक में विभिन्न संकायों और प्रशासनिक विभागों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में समारोह की रूपरेखा, अतिथि आमंत्रण, मंच संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मीडिया प्रबंधन और प्रमाण-पत्र वितरण प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का गौरवपूर्ण अवसर होता है, इसलिए इसकी तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से अपने दायित्व पूरे करने के निर्देश दिए। शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए और समारोह को सफल, सुव्यवस्थित तथा गरिमापूर्ण बनाने का आश्वासन दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि तैयारियों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक और बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कुलसचिव प्रोफेसर बीके मंगलम, शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफेसर सुशील कुमार सिंह, विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर एसएनपी यादव, कुलानुशासक प्रोफेसर उपेंद्र कुमार, मानवीकी संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर निभा सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार, सचिव दीपक कुमार, चौधरी रमन सहित विश्वविद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों और अभिभावकों से सहयोग और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। ताकि दीक्षांत समारोह को यादगार और गरिमामय बनाया जा सके।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों का कुलपति ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने गुरुवार को आगामी दीक्षांत समारोह की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल, मंच व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत-सम्मान की रूपरेखा, सुरक्षा प्रबंध, तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता तथा छात्रों के प्रवेश और निर्गमन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के गौरव और प्रतिष्ठा का प्रतीक होता है, इसलिए इसका आयोजन पूर्ण गरिमा, अनुशासन और सुसंगत व्यवस्था के साथ होना आवश्यक है। कुलपति ने यह भी सुनिश्चित किया कि हर व्यवस्था में छात्र हित सर्वोपरि रहे। उन्होंने विभिन्न समितियों द्वारा किए जा रहे तैयारियों की समीक्षा की और जहां आवश्यक लगा, वहां सुधार संबंधी सुझाव भी दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से अपील की कि सभी लोग अपने स्तर से सहयोग दें। ताकि दीक्षांत समारोह को सफल, सुव्यवस्थित और यादगार बनाया जा सके।

# लाखों रुपये खर्च कर किसानों ने की क्षतिग्रस्त हदहदवा बांध की मरम्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड मुख्यालय से 14 किलोमीटर उत्तर स्थित अमैठी एवं घुरियावां पंचायत के आधे दर्जन गांवों के किसानों के पटवन हेतु हदहदवा बांध के क्षतिग्रस्त होने के कारण जमा पानी नदी में बह रहा था जिससे रबी के फसल का नुकसान होने की प्रबल संभावना को देखते हुए अमैठी पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष आदित्य प्रसाद पंचायत के अन्य किसानों के सहयोग से अपने संसाधन द्वारा गत दिन बैठक कर बांध बांधने का निर्णय लिया। करीब 10 दिनों तक जेसीबी एवं ट्रैक्टर के माध्यम से 130 फीट लंबा, 70 फिट चौड़ा एवं 18 फीट ऊंचा बांध का निर्माण करवाया जा रहा है। पंचायत के किसानों ने बताया कि हमलोगों का मुख्य फसल धान एवं गेहूं का उपज हदहदवा बांध एवं बबुरैन बांध के सहारे अमैठी एवं घुरियावां पंचायत के सैकड़ों किसानों के हजारों एकड़ भूमि का पटवन इसी संसाधन से होता है। क्षेत्रिय किसान रामबालक प्रसाद, अजय यादव, अर्जुन यादव, बिनोद चौधरी आदि ने बताया कि सरकार द्वारा अगर पक्का गाइडवॉल, चहका एवं छिलका का निर्माण करवाया जाए तो हमेशा बांध टूटने की समस्या से निजात मिल सकता है। विदित हो कि वर्ष 2024- 2025 में हदहदवा बांध टूट जाने के कारण रवि की फसल पर ग्रहण लगने की प्रबल संभावना थी जिसे ससमय ठीक करवा लिए जाने से अब ओरैल, अमैठी, मदरडीह, सिंघौरा, रामपुर, मचलबिगहा, भरेती, जोधी बिगहा, सेलवे आदि गांव के किसानों को फसल उपजाने में सिंचाई करना आसान हो जाएगा। विदित हो कि बरसात के मौसम में जकोहरी एवं मंगुरा नदी में पूर्वकालीन बांध के सहारे इस जलाशय में पानी जमा किया जाता है, ताकि सालों भर सिंचाई की सुविधा हेतू प्रयाप्त पानी मिल सके। पूर्व में मंगूरा नदी में क्षतिग्रस्त बांध एवं बबुरैन बांध का भी मरम्मत किया गया था, लेकिन कई बार सरकार से आग्रह किए जाने के बावजूद किसानों के सिंचाई का इकलौता संसाधन पर कोई पहल नहीं किया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिला में 25 नवंबर से नाइट ब्लड सर्वे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 25 नवंबर से नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जायेगा। जिला के 24 प्रखंड में स्थित सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नाइट ब्लड सर्वे किया जायेगा।वहीं शहर के सात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भी नाइट ब्लड सर्वे के तहत ब्लड के सैंपल लिये जायेंगे। इसे लेकर वृहस्पतिवार को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग तथा जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लैब टैक्नीशियनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने प्रतिभागियों को रक्त सैंपल लेने के तरीकों तथा उसे सुरक्षित रखने संबंधी तकनीकी जानकारी दी। इस मौके पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय नाथ, सहायक प्रोफेसर डॉ रमेश प्रसाद, पैथोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार, आर्मी हॉस्पिटल तथा सीआरपीएफ के लैब टेक्निशियन, फाइलेरिया विभाग से अजय कुमार, पंकज कुमार, शिवनारायण वर्मा सहित सभी सीएचसी पीएचसी के लैब टेक्निशियन मौजूद रहे। डॉ एमई हक ने बताया कि सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों से नाइट ब्लड सर्वे के लिए किट के उठाव के लिए कहा गया है।बताया कि जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग को अब प्रभावती अस्पताल परिसर में शिफ्ट किया गया है। बताया कि शेरघाटी, आमस, परैया, इमामगंज, फतेहपुर, गुरारू, बेलागंज, मोहरा, गुरुआ, खिजरसराय, बाराचट्टी, डोभी, बांकेबाजार, मोहनपुर, टनकुप्पा, डुमरिया सहित अंबेडकर नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामसागर, कटारी हिल, घुघरीटांड, डेल्हा एवं भुसंडा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में नाइट ब्लड सर्वे किया जाना है। इन जगहों पर वर्ष 2024 में दो साइट पर नाइट ब्लड सर्वे किया गया था जिसमें माइक्रोफाइलेरिया दर एक प्रतिशत या उससे अधिक पाई गई थी। इसलिए नाइट ब्लड सर्वे गतिविधि के लिए यहां दो साइटों का पुनः चयन किया गया है। इनमें एक सेनिटल और एक रैंडम साइट है। प्रत्येक साइट से रात के समय तीन–तीन सौ स्लाईड यानि छह सौ स्लाईड लेना है। एनबीएस साइट के लिए पांच–पांच सदस्यीय टीम तैयार की गयी है। इसके अलावा नौ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर तीन साइट चयन बनाये गये हैं। इनमें टिकारी, कोंच, नीमचक बथानी, अतरी, बोधगया, वजीरगंज, सदर प्रखंड, मानपुर पीएचसी तथा तेलबीघा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के क्षेत्र शामिल हैं।

## सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के चिचौरा गांव में 10 नवंबर को हुए सड़क हादसे में घायल एक महिला की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में गुरुवार को मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार चिचौरा गांव निवासी 34 वर्षीय प्रियंका देवी टोटो पर सवार होकर बाजार से लौट रही थीं। गांव के पास एक बेकाबू बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से प्रियंका देवी को तुरंत कोंच अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** रौशनगंज थाना क्षेत्र में अवैध शराब के धंधे पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 18 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई नवादा गांव के पास गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने शराब ले जाने में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष अन्नू राजा ने बताया कि गुरुवार को शाम करीब 5 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल पर दो युवक बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर इलाके से गुजरने वाले हैं। सूचना की पुष्टि करते हुए पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और नवादा गांव के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक से 18 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके पर ही दोनों कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने शराब की खेप को कहीं सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र के अमरसी बिगहा गांव निवासी शुभम कुमार और सुनील कुमार के रूप में की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शराब की आपूर्ति और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर ऐसे अवैध कारोबार को बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

# अंतर्वाहिनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल विजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के ई-समवाय धनगई परिसर में 18 से 19 नवंबर तक आयोजित अंतर्वाहिनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2025 का सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशानुसार आयोजित की गई थी। इसमें क्षेत्रक मुख्यालय गया के अंतर्गत 16, 26, 29, 32 और 35 वाहिनी की कुल पांच टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला 16 वाहिनी जमुई और 29 वाहिनी गया के बीच खेला गया जिसमें 29 वाहिनी ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। खिलाड़ियों के दमदार स्मैश, सटीक सर्विस और टीम भावना ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन समारोह में उप कमांडेंट अबनीश यादव ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। कार्यक्रम में उप कमांडेंट आशीष कुमार सहित अधीनस्थ अधिकारी और बलकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं होतीं, बल्कि बलकर्मियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम वर्क और मानसिक मजबूती को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। वॉलीबॉल जैसे खेल जवानों को दबाव की स्थिति में सामूहिक निर्णय लेने और तालमेल बनाने की क्षमता प्रदान करते हैं, जो सीमा सुरक्षा कार्यों में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि खेलकूद बलकर्मियों में ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है। इसी भावना के साथ एसएसबी विभिन्न वाहिनियों में समय-समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। ताकि जवानों में खेलों के प्रति रुचि बढ़े और उन्हें स्वस्थ एवं मजबूत बनाए रखा जा सके। प्रतियोगिता का समापन सौहार्द, खेल भावना और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

**एडमिन यूनिट/जोन:** सियालदह मंडल–वाणिज्यिक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** एसडीएएच–पार्सल–48, **नीलामी करने वाले अधिकारी:** वरिष्ठ डीसीएम/सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 03.12.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** 03.12.2025 को 16.10 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोन:** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि:** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार। **निर्णय का माध्यम :** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई–**नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड –**हाँ। **विवरण:** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट) [क्रम सं. एए/1 से एए/22 के लिए] और पार्सल वैन में पार्सल जगह [क्रम सं. एबी/1 के लिए] । **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** 12377–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–एनओक्यू–25–3 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 12.30 बजे, **एए/2,** 15047–एसएलआर–एफ1–केओएए–जीकेपी–25–3 (पार्सल–एसएलआर), 626, 03.12.2025 को 12.40 बजे, **एए/3,** 12343–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एचडीबी–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 12.50 बजे, **एए/4,** 22317–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–जेएटी–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 13.00 बजे, **एए/5,** 22197–एसएलआर–एफ1–केओएए–वीजीएलजे–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 13.10 बजे, **एए/6,** 12379–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एएसआर–25–3 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 13.20 बजे, **एए/7,** 12377–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एनओक्यू–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 13.30 बजे, **एए/8,** 12313–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एनडीएलएस–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 13.40 बजे, **एए/9,** 12329–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एएनवीटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 156, 03.12.2025 को 13.50 बजे, **एए/10,** 13147–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–बीएक्सटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 14.00 बजे, **एए/11,** 13105–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–बीयूआई–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 14.10 बजे, **एए/12,** 12315–एसएलआर–एफ1–केओएए–यूडीजेड–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 156, 03.12.2025 को 14.20 बजे, **एए/13,** 12363–एसएलआर–आर1–केओएए–एचडीबी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 469, 03.12.2025 को 14.30 बजे, **एए/14,** 12987–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–एआईआई–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 14.40 बजे, **एए/15,** 13105–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–बीयूआई–25–2 (पार्सल–एसएलआर), 470, 03.12.2025 को 14.50 बजे, **एए/16,** 13181–एसएलआर–एफ1–केओएए–एसएचटीटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 15.00 बजे, **एए/17,** 22201–एसएलआर–आर1–एसडीएएच–पीयूआरआई –25–1 (पार्सल–एसएलआर), 470, 03.12.2025 को 15.10 बजे, **एए/18,** 13115–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–जेपीई–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 15.20 बजे, **एए/19,** 13121–एसएलआर–एफ1–केओएए–जीसीटी–23–1 (पार्सल–एसएलआर), 157, 03.12.2025 को 15.30 बजे, **एए/20,** 12259–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–बीकेएन–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 626, 03.12.2025 को 15.40 बजे, **एए/21,** 13151–एसएलआर–एफ1–केओएए–जेएटी–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 1096, 03.12.2025 को 15.50 बजे, **एए/22,** 12357–एसएलआर–एफ1–केओएए–एएसआर–25–1 (पार्सल–एसएलआर), 313, 03.12.2025 को 16.00 बजे, **एबी/1,** 13155–13156–वीपी–1–केओएए–एसएमआई–24–1 (पार्सल–पार्सल वैन), 313, 03.12.2025 को 16.10 बजे। **रेट यूनिट:** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क [क्रम सं. एए/1 से एए/22 के लिए] और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) [क्रम सं. एबी/1 के लिए]। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी :** 10% (प्रत्येक हेतु)। **टर्नओवर की आवश्यकता:** रु.2000000 [क्रम सं. एए/1 से एए/3, एए/7, एए/10, एए/11, एए/14, एए/20 और एए/21 एवं एबी/1 के लिए], रु.5000000 [क्रम सं. एए/8 के लिए] और रु.0 [क्रम सं. एए/4 से एए/6, एए/9, एए/12, एए/13, एए/15 से एए/19 एवं एए/22 के लिए]। **लॉट की स्थिति :** आरपी पेंडिंग (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-263/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# शेरघाटी में हत्याकांड का खुलासा, महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** सेवानिवृत्त चौकीदार के पुत्र श्रवण कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बनिया ब्राउन गांव से एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि दो दिनों पहले श्रवण कुमार की बेरहमी से हत्या कर शव को बोरी में बांधकर कुएं में फेंक दिया गया था। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस के अनुसार घटना की जानकारी तब सामने आई जब सुबह बैंक कर्मी बैंक नहीं खुलने पर श्रवण कुमार के घर चाभी लेने पहुंचे। वहां उनका पता नहीं चलने पर आसपास खोजबीन शुरू की गई। खोज के दौरान कुएं में मिली तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कुएं की तलाशी करवाई तो भीतर बोरी में बंधा शव बरामद हुआ। शव की पहचान श्रवण कुमार के रूप में की गई। घटना की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देते हुए कई लोगों पर संदेह जताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने शक के आधार पर गांव की एक महिला नीरू देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द पूरे घटनाक्रम का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

# जदयू प्रखंड अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, सुरक्षा की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच में जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. जलीलू रहमान को जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार को हुई जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मो. जमीलू रहमान जो कोंच निवासी स्व. मो. जुबेर मियां के पुत्र हैं, ने इस संबंध में थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह करीब 9 बजे वे पार्टी कार्यालय पर जदयू का झंडा लगा रहे थे। इसी दौरान चंदन कुमार, पिता अवधेश शर्मा वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि उसने जमीलू रहमान के साथ मारपीट की और उन्हें झंडा उतारने को कहा जब उन्होंने बात नहीं मानी तो चंदन कुमार ने उन्हें जान से मारने और पाकिस्तान भेजने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से अपनी सुरक्षा की मांग की है और किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है।

## विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए बीपीई एक्ट के तहत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रॉकी कुमार (35 वर्ष), पिता रामबरत यादव, धुरी यादव (50 वर्ष), पिता स्व. रघु यादव और मंटू कुमार, पिता धुरी यादव के रूप में हुई है। तीनों आरोपी ग्राम यादवचक, थाना-परसा, जिला-पटना के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी सवारी गाड़ी (टेपू) से यात्रा कर रहे थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से कुल 15 लीटर विदेशी शराब बरामद की। बरामदगी के बाद तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई।

# विश्व बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्व बाल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सदर अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवजात शिशुओं एवं उनकी माताओं के बीच बेबी किट वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य, मातृत्व सुरक्षा और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक तथा महिला एवं बाल विकास निगम के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने माताओं को नवजात शिशुओं की देखभाल, नियमित टीकाकरण, स्तनपान के महत्व तथा शिशु के प्रारंभिक 1,000 दिनों में पोषण संबंधी विशेष सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चा स्वस्थ होगा तभी उसका भविष्य सुरक्षित होगा और यही विश्व बाल दिवस का मुख्य संदेश है। अस्पताल प्रशासन द्वारा वितरित बेबी किट में शिशुओं की आवश्यक सामग्री जैसे– तेल, साबुन, पाउडर तथा साफ-सफाई से जुड़ी जरूरत की वस्तुएं शामिल थीं। इस पहल का उद्देश्य जन्म के प्रथम दिन से ही माताओं को स्वच्छता एवं देखभाल के प्रति प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अस्पताल प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास निगम की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बेबी किट जैसी पहलें वास्तव में सहायता प्रदान करती हैं और इससे अस्पताल में सेवाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। समापन अवसर पर अधिकारियों ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को धन्यवाद दिया तथा आगे भी इसी प्रकार जनहितैषी गतिविधियों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह, अस्पताल प्रबंधक संजय कुमार अंबष्ट, जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा, जी एस विशाल कुमार वर्मा, एफ एल एस रोहित कुमार एवं अन्य अस्पताल के कर्मी मौजूद थे।

## पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में महाबोधि कॉलेज के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. डीटीई_जेएमपी_08/25–26, दिनांक 19.11.2025,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "एटीई/जमालपुर के अधीन जमालपुर वर्कशॉप में भवनों एवं कार्यालयों के लिए बुनियादी ढांचे का सुधार कार्य"। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.78,27,774/–, **बयाना राशि:** रु. 1,56,600/–, **खुलने की तिथि:** 16.12.2025, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **विवरण यहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

MISC-295/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**शपथ पत्र**

मैं अरविन्द कुमार, पिता- राम बिलाश प्रसाद, उम्र- 49 वर्ष, ग्राम-मदनपुर, पो.+थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक एवं निष्ठा के साथ बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।
वैभव राज (VAIBHAV RAJ) मेरा पुत्र है।
मेरे पुत्र का आधार कार्ड में गलत से हर्ष राज हो गया है।
वैभव राज का सभी मूल कागजात में वैभव राज नाम है जो कि सही एवं सत्य है। अपने पुत्र के आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु शपथ-पत्र दे रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 23972 दिनांक 7.11.25

शपथकर्ता
अरविन्द कुमार



**कंचनपुर प्रा. कृषि साख सहयोग समिति लि.**

**कंचनपुर, ओबरा (औरंगाबाद)**

Mob.- 9162348341, 9523837820

**निविदा**

| क्र. | परियोजना का नाम | इकाई विवरणी | प्रति इकाई लागत (राशि लाख में) | निविदा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कम्पोजिट यूनिट | आटा चक्की, दाल मिल, तेल मिल, मसाला मिल | 7.00 फाउंडेशन कार्य सहित | कार्यालय, प्रा. कृ. साख, स.स. कंचनपुर, ललारो |

1. इकाई के अधिष्ठापन की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
2. आपूर्तिकर्ता को पांच साल की वारंटी देनी होगी।
3. सभी यंत्र प्रतिष्ठित कम्पनी एवं मानक अनुरूप होना चाहिए।
4. निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय समिति का होगा जो सभी के लिए मान्य होगा।

अन्य जानकारी हेतु श्री राम प्रवेश सिंह, अध्यक्ष, कंचनपुर पैक्स, प्रखंड ओबरा का मोबाइल नं. -9162348341 से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 25.11.2025 तक है।

अध्यक्ष
प्राथमिक कृषि साख स.स., कंचनपुर
प्रखंड–ओबरा

संपादकीय

# नवम्बर में रिकॉर्ड तोड़ ठंड!

अभी तो नवंबर आधा ही बीता है और इस बार ठंड ने अभी से रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में सर्दी का पारा रात में 5.2 डिग्री तक जा पहुंचा, जिसने ठंड का 87 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जबकि साल के सबसे सर्द महीने दिसंबर और जनवरी अभी आने हैं। हालत यह है कि प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा है। गौरतलब है कि झीलों की नगरी भोपाल में इतना कम तापमान नवंबर 1938 में 5.6 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद 1975 में यह 6.4 डिग्री और 2025 में भी 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। तीसरी बार ऐसा हुआ है, जब नवंबर में तापमान इतने निचले स्तर पर पहुंचा है। प्रदेश में ठंड इतनी तेज पड़ी कि 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। ठिठुरन बढ़ने की वजह उत्तर भारत और राजस्थान की ओर से आ रही बर्फीली व शुष्क हवाएं बताई जा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिन छोटे होने और सूर्य की तिरछी किरणें पड़ने से भी ठंड का असर ज्यादा महसूस हो रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी। विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में श्रीलंका के पास एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह जब पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा तब ठंड में कुछ राहत मिलेगी। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तरी बना हुआ है और राजस्थान से शुष्क ठंडी हवाएं आ रही हैं। इस कारण प्रदेश में सीवियर कोल्ड वेव की स्थिति बनी हुई है। वैसे प्रदेश में सबसे कम तापमान राजगढ़ जिले में 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 8.1 डिग्री कम है। यह पूरे प्रदेश में सबसे कम है। इस बीच राज्य के सभी स्कूलों का समय बदलने की मांग की जा रही है। वर्तमान में सिर्फ ग्वालियर, छिंदवाड़ा और देवास कलेक्टर ने ही स्कूल लगने का समय बदला है। वैसे सर्दी उत्तर भारत के सभी राज्यों में लोगों को ठिठुरा रही है। रविवार को राजस्थान में दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सीकर 4.3 डिग्री पारे के साथ सबसे ठंडा रहा। उधर दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवंबर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। यह लगभग शीतलहर की स्थिति है। दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति और खराब हो गई। हालांकि राजधानी में प्रदूषण को रोकने के लिए GRAP-III पहले से लागू है। देश में सर्दी अभी और बढ़ेगी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन रातें सर्द होने लगी हैं। बीते कई दिनों से उत्तराखंड का मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन यह स्थिति तापमान में गिरावट ला रही है, विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में पाला पड़ने लगा है, जिसने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जबकि हरियाणा में तापमान अब तेजी से गिरता जा रहा है। सुबह के तापमान के मामले में हिसार कल उत्तर और मध्य भारत के उन टॉप 10 शहरों में शामिल रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 6.8° सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड हुआ। दिन का तापमान भी सामान्य से दो डिग्री नीचे चल रहा है। चिंता की बात यह है कड़ाके की ठंड इस बार काफी पहले शुरू हो गई है। वरना दिसंबर अंत में तेज सर्दी की शुरूआत हुआ करती थी। जानकारों के मुताबिक यह क्लायमेट चेंज का असर है।

# यूपी-बंगाल में भी महिलाओं-युवाओं पर दांव

**विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता में भी योगदान दिया। जहां पुरुष वोटरों में सत्ता-विरोधी लहर की चर्चा थी, वहां महिलाओं ने योजनाओं के ठोस असर को प्राथमिकता दी। उदाहरण के तौर पर, दरभंगा की अलीनगर सीट से भाजपा की 25 वर्षीय लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने 11,730 वोटों से जीत हासिल की, जो युवा महिलाओं की नई ऊर्जा का प्रतीक बनीं। कुल 88 महिला उम्मीदवार मैदान में उतरे, जिनमें से 28 विजयी रहीं, और भाजपा ने 13 में से 10 को जीतकर रिकॉर्ड बनाया। यह जीत सिर्फ सीटों की नहीं, बल्कि एक नए वोट बैंक की स्थापना की है, जहां जाति से ऊपर उठकर विकास और सुरक्षा का मुद्दा हावी हो गया। अब नजरें उत्तर प्रदेश पर हैं, जहां योगी आदित्यनाथ सरकार साढ़े आठ साल के शासन में कानून-व्यवस्था का पर्याय बन चुकी है। बिहार की सफलता से प्रेरित होकर भाजपा यहां 'वाई' फॉर्मूले को और मजबूत करने की तैयारी में है।**

**संजय सक्सेना**

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री का ताज पहनाया, बल्कि भारतीय जनता पार्टी को एक ऐसा फॉर्मूला सौंप दिया जो अब उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में परखा जाएगा। एनडीए की 202 सीटों वाली ऐतिहासिक जीत के पीछे आधी आबादी का हाथ साफ दिख रहा है। महिलाओं ने 71.78 प्रतिशत मतदान कर पुरुषों के 62.98 प्रतिशत को पीछे छोड़ दिया, और यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आईना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता इसे 'वाई' यानी वीमेन-यूथ सेंट्रिक पॉलिटिक्स की जीत बता रहे हैं, जहां जातीय समीकरण टूटे और विकास की योजनाओं ने वोटों का ध्रुवीकरण किया। अब सवाल यह है कि क्या यह मॉडल यूपी की योगी सरकार और बंगाल की ममता बनर्जी की चुनौतियों को पार कर पाएगा? राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हां, अगर बजट से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक सही दांव चले गए। बिहार की धरती पर जो कुछ हुआ, वह कोई संयोग नहीं था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, कुल 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 के बाद का रिकॉर्ड है। लेकिन असली खेल तो महिलाओं ने खेला। नीतीश सरकार की 'महिला स्वरोजगार योजना' के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की किस्त पहुंची, और यह पैसा वोटिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतारों के रूप में दिखा। एक तरफ लालू प्रसाद के पुराने मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण की बातें हवा में तैर रही थीं, वहीं आधी आबादी ने एनडीए को ऐसा साथ दिया कि महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। भाजपा अकेले 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी, और जनता दल यूनाइटेड को 85 मिलीं।

विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता में भी योगदान दिया। जहां पुरुष वोटरों में सत्ता-विरोधी लहर की चर्चा थी, वहां महिलाओं ने योजनाओं के ठोस असर को प्राथमिकता दी। उदाहरण के तौर पर, दरभंगा की अलीनगर सीट से भाजपा की 25 वर्षीय लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने



11,730 वोटों से जीत हासिल की, जो युवा महिलाओं की नई ऊर्जा का प्रतीक बनीं। कुल 88 महिला उम्मीदवार मैदान में उतरे, जिनमें से 28 विजयी रहीं, और भाजपा ने 13 में से 10 को जीतकर रिकॉर्ड बनाया। यह जीत सिर्फ सीटों की नहीं, बल्कि एक नए वोट बैंक की स्थापना की है, जहां जाति से ऊपर उठकर विकास और सुरक्षा का मुद्दा हावी हो गया। अब नजरें उत्तर प्रदेश पर हैं, जहां योगी आदित्यनाथ सरकार साढ़े आठ साल के शासन में कानून-व्यवस्था का पर्याय बन चुकी है। बिहार की सफलता से प्रेरित होकर भाजपा यहां 'वाई' फॉर्मूले को और मजबूत करने की तैयारी में है। फरवरी 2025 में पेश हुए 2025-26 के बजट को ही देख लीजिए 8,08,636 करोड़ रुपये का यह 'चुनावी बजट' महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित था। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये आवंटित हुए, जो बेरोजगार युवाओं को लोन और ट्रेनिंग का वादा करता है। इसी तरह, निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन योजना पर 2,980 करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान किया गया, जिससे लाखों महिलाओं को मासिक सहायता मिलेगी। मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने की योजना ने भी सुर्खियां बटोरीं, और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की तर्ज पर महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार हो रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पेश होने वाले बजट में रोजगार पर कोई बड़ा ऐलान हो सकता है।

योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन कर 60 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का तोहफा दिया, जो बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के हुआ। यह भरोसा अब विधानसभा चुनाव में कैशेबल हो सकता है। लेकिन यूपी की सियासत सिर्फ योजनाओं पर नहीं थमेगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी 'पीडीए' यानी पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक पॉलिटिक्स को मजबूत करने में जुटे हैं, जो लोकसभा 2024 में कामयाब रही थी। उपचुनावों में यह कमजोर पड़ी, लेकिन अखिलेश इसे आजमाने को तैयार हैं। भाजपा की काट के तौर पर 'वाई' समीकरण ही काम आएगा।बिहार में जहां एमवाई फॉर्मूला टूटा, वहां यूपी में यादव वोटों का बिखराव भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। एनडीए के यादव उम्मीदवारों ने बिहार में महागठबंधन से ज्यादा सीटें जीतीं, और यूपी में भी ऐसा ट्रेंड दिख सकता है। ऊपर से कानून-व्यवस्था का मुद्दा। योगी सरकार ने महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई, जहां एनकाउंटर और सख्त कार्रवाई ने महिलाओं में सुरक्षा की भावना जगाई। पिछले दो सालों में ऐसे सैकड़ों केसों में त्वरित न्याय हुआ, जो चुनावी साल में 'बेटी बचाओ, अपराधी ठोको' का नारा बन सकता है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि अगर बजट में महिलाओं के लिए 10 हजार रुपये वाली स्वरोजगार योजना जैसा कुछ आया, तो सपा का पीडीए समीकरण धराशायी हो सकता है।

पश्चिम बंगाल की सियासत में तो यह फॉर्मूला और भी रोमांचक साबित होगा। 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने बिहार मॉडल को ही आधार बनाया है। पार्टी का लक्ष्य 160 सीटें है, और हर बूथ पर नजर रखने के लिए 'चौकड़ी' तैयार की गई है केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव, सह प्रभारी सुनील बंसल और आईटी हेड अमित मालवीय।बिहार जीत के ठीक बाद बंगाल में लड्डू बांटे गए, और पीएम मोदी ने इसे 'ममता मैजिक तोड़ने' का संकेत दिया। यहां बड़ा मुद्दा महिला सुरक्षा बनेगा। आरजी कर घोटाला, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के गैंगरेप जैसे मामले तृणमूल कांग्रेस की कमजोरी उजागर कर रहे हैं। भाजपा व्यक्तिगत हमलों से बचते हुए मुद्दों पर फोकस करेगी, जैसा कि अक्टूबर 2025 में रणनीति बदली गई थी।

बंगाल भाजपा प्रमुख समिक भट्टाचार्य का दावा है कि 2026 में सत्ता उनके हाथ आएगी। युवाओं को साधने के लिए डिजिटल कैंपेन और बूथ मजबूती पर जोर होगा, जबकि महिलाओं के लिए बिहार जैसी योजनाओं का विस्तार। तीन साल से लगे तंबू अब फल ला रहे हैं, और बिहार का प्रयोग यहां अलग रंग में चलेगा जहां बंगाल की सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखा जाएगा। यह सब देखकर लगता है कि भाजपा ने बिहार से एक टेम्पलेट तैयार कर लिया है, जो जाति की दीवारें तोड़कर विकास की नींव रखेगा। यूपी में जहां योगी का 'ठोक दो' मॉडल महिलाओं को आकर्षित कर रहा है, वहीं बंगाल में ममता की किलेबंदी को भेदने के लिए सामूहिक नेतृत्व और पीएम मोदी के विकास एजेंडे पर दांव लगेगा।लेकिन चुनौतियां कम नहीं। यूपी में सपा का पीडीए अभी भी मजबूत है, और बंगाल में तृणमूल का स्थानीय समर्थन। फिर भी, आंकड़े बोलते हैं बिहार में 71.78 प्रतिशत महिला वोटिंग ने खेल पलट दिया, और अगर यूपी-बंगाल में 60 प्रतिशत भी ऐसा हुआ, तो 2026 का नक्शा बदल जाएगा।राजनीति के इस नए दौर में 'वाई' ही राज करेगा, जहां आधी आबादी और युवा ऊर्जा मिलकर इतिहास रचेंगे। कुल मिलाकर, बिहार की लहर अब पूरे हिंदुस्तान को छू लेगी, और भाजपा का यह दांव या तो मास्टरस्ट्रोक साबित होगा या सबक। वक्त ही बताएगा, लेकिन तैयारी तो जोरों पर है।

अध्यात्म

## अभ्यास का महत्व

प्राचीन समय में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर ही पढ़ा करते थे।. बच्चे को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था। बच्चे गुरुकुल में गुरु के सानिध्य में आश्रम की देखभाल किया करते थे. और अध्ययन भी किया करते थे। वरदराज को भी सभी की तरह गुरुकुल भेज दिया गया। वहां आश्रम में अपने साथियों के साथ घुलने मिलने लगा। लेकिन वह पढ़ने में बहुत ही कमजोर था। गुरुजी की कोई भी बात उसके बहुत कम समझ में आती थी। इस कारण सभी के बीच वह उपहास का कारण बनता है। उसके सारे साथी अगली कक्षा में चले गए लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाया। गुरुजी जी ने भी आखिर हार मानकर उसे बोला, 'बेटा वरदराज! मैने सारे प्रयास करके देख लिये है। अब यही उचित होगा कि तुम यहां अपना समय बर्बाद मत करो। अपने घर चले जाओ और घरवालों की काम में मदद करो।' वरदराज ने भी सोचा कि शायद विद्या मेरी किस्मत में नहीं हैं। और भारी मन से गुरुकुल से घर के लिए निकल गया गया। दोपहर का समय था। रास्ते में उसे प्यास लगने लगी। इधर उधर देखने पर उसने पाया कि थोड़ी दूर पर ही कुछ महिलाएं कुएं से पानी भर रही थी। वह कुवे के पास गया। वहां पत्थरों पर रस्सी के आने जाने से निशान बने हुए थे,तो उसने महिलाओ से पूछा, 'यह निशान आपने कैसे बनाए।' तो एक महिला ने जवाब दिया, 'बेटे यह निशान हमने नहीं बनाएं। यह तो पानी खींचते समय इस कोमल रस्सी के बार बार आने जाने से ठोस पत्थर पर भी ऐसे निशान बन गए हैं।' वरदराज सोच में पड़ गया। उसने विचार किया कि जब एक कोमल से रस्सी के बार-बार आने जाने से एक ठोस पत्थर पर गहरे निशान बन सकते हैं तो निरंतर अभ्यास से में विद्या ग्रहण क्यों नहीं कर सकता। वरदराज ढेर सारे उत्साह के साथ वापस गुरुकुल आया और अथक कड़ी मेहनत की। गुरुजी ने भी खुश होकर भरपूर सहयोग किया। कुछ ही सालों बाद यही मंदबुद्धि बालक वरदराज आगे चलकर संस्कृत व्याकरण का महान विद्वान बना। जिसने लघु सिद्धान्तकौमुदी, मध्य सिद्धान्तकौमुदी, सार सिद्धान्त कौमुदी, गीर्वाणपदमंजरी की रचना की। दोस्तो अभ्यास की शक्ति का तो कहना ही क्या हैं।. यह आपके हर सपने को पूरा करेगी। अभ्यास बहुत जरूरी है चाहे वो खेल मे हो या पढ़ाई में या किसी ओर चीज़ में। बिना अभ्यास के आप सफल नहीं हो सकते हो। अगर आप बिना अभ्यास के केवल किस्मत के भरोसे बैठे रहोगे, तो आखिर मैं आपको पछतावे के सिवा और कुछ हाथ नहीं लगेगा। इसलिए अभ्यास के साथ धैर्य, परिश्रम और लगन रखकर आप अपनी मंजिल को पाने के लिए जुट जाए।

# डिजिटल हमलों से डरती महिलाएं

**दुनिया भर में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ डिजिटल साधनों का दुरुपयोग एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके महिलाओं को बदनाम करने, परेशान करने और ब्लैकमेल करने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएनओ) ने इस वर्ष 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक के 16 दिवसीय सक्रियता अभियान की थीम ही महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध डिजिटल हिंसा को समाप्त करने पर केंद्रित की है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ डिजिटल हिंसा को समाप्त करने के लिए वातावरण तैयार करना है।**

**अमरपाल सिंह वर्मा**

'यूएनओ' के अनुसार महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध हिंसा हर तीन में से एक महिला को प्रभावित करती है। यह एक वैश्विक मानवाधिकार आपातकाल है जिसे रोका जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के सबसे तेज़ी से बढ़ते रूपों में महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध डिजिटल हिंसा प्रमुख है। भारत में जितनी तेजी से डिजिटल क्रांति हुई है, उतनी तेजी से कोई क्रांति नहीं हुई। डिजिटल क्रांति ने मोबाइल फोन और इंटरनेट को आम लोगों तक पहुंचा दिया है। इसकी बदौलत आम जनता में जागरूकता और सशक्तिकरण जहां सकारात्मक पक्ष है, वहीं इसकी वजह से महिलाओं के खिलाफ हिंसा का एक नया रूप भी उभर कर सामने आया है। इसे ही 'डिजिटल हिंसा' नाम मिला है। यह वही हिंसा है जिसका सामना महिलाएं और लड़कियां सालों से वास्तविक दुनिया में करती रही हैं, पर डिजिटल युग में अब उसका रूप और माध्यम बदल गया है।

'यूएनओ' के अनुसार किसी व्यक्ति या समूह द्वारा की गई वह हिंसा, जिसकी जड़ें लैंगिक असमानता या भेदभाव में हों और जिसमें डिजिटल या संचार तकनीक का इस्तेमाल किया गया हो, उसे डिजिटल लिंग आधारित हिंसा कहा जाता है। 'यूएनओ' के 'जनसंख्या कोष' (यूएनएफपीए) के मुताबिक डिजिटल हिंसा महिलाओं और लड़कियों के लिए सामाजिक बदनामी का कारण बनती है। इस वजह से एक ओर उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, वहीं इस कारण वे ऑफलाइन और ऑनलाइन संसार में अलग-थलग पड़ जाती हैं। इसका परिणाम शैक्षणिक संस्थानों और नेतृत्व की भूमिकाओं में उनकी भागीदारी प्रभावित होने के रूप में भी निकल रहा है।

महिलाओं के विरुद्ध 'डिजिटल हिंसा ऑनलाइन हैरॉसमेंट,' 'हेट स्पीच,' तस्वीरों से छेड़छाड़, ब्लैकमेल, भद्दे संदेश भेजने और अवांछित कॉल जैसे कई रूपों में सामने आ रही है। 'आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस' (एआई) के दौर में फर्जी वीडियो, 'डीपफेक' और एडिटेड कंटेंट तैयार करना पल भर का काम हो गया है। ऐसे में महिलाओं के लिए समस्या और भी बढ़ गई है।

महिलाएं किस कदर डिजिटल हिंसा को झेल रही हैं, इसका अनुमान 'द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट' के एक सर्वे से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक दुनिया में 85 प्रतिशत महिलाओं को किसी-न-किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का सामना करना पड़ा है। भारत में स्थिति चिंताजनक है। 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' (एनसीआरबी) के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों के मामले तेजी से बढे हैं जिनमें ब्लैकमेलिंग, बदनाम करना, तस्वीरों से छेड़छाड़, अभद्र सामग्री भेजना और फेक प्रोफाइल बनाना जैसी घटनाएं प्रमुख हैं।

महिलाओं और लड़कियों का पीछा करने, उन्हें परेशान करने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है। आज महिलाएं डिजिटल दुर्व्यवहार के सबसे कठिन



दौर से गुजर रही हैं। कब कोई किसी महिला की अंतरंग तस्वीरों को बिना उसकी अनुमति के सोशल मीडिया पर डाल दे या कब कोई व्यक्ति किसी महिला की फर्जी या डिजिटल रूप से हेरफेर की गई न्यूड तस्वीर अथवा वीडियो बनाकर सार्वजनिक कर दे, कौन जानता है। इसके बाद ब्लैकमेलिंग, धमकाने और यौन उत्पीडन् का सिलसिला भी अब कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र भाषा और भद्दे कमेंट्स अब रोजमर्रा की बात हो गई है। ये घटनाएं केवल ऑनलाइन तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि कई बार यही मानसिक और सामाजिक हिंसा, वास्तविक जीवन में शारीरिक शोषण और हत्या तक का कारण बन जाती है।

बड़ा सवाल है कि आखिर डिजिटल हिंसा क्यों बढ़ रही है? डिजिटल हिंसा का एक बड़ा कारण टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के लिए कमजोर नियम और कानूनी ढांचे की अपर्याप्तता है। अधिकांश देशों में अब तक डिजिटल हिंसा को अलग अपराध के रूप में कानूनी मान्यता नहीं दी गई है। भारत में भी कानून तो हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने की जरूरत है। समस्या की एक बड़ी वजह सोशल नेटवर्किंग साइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जवाबदेही का अभाव भी है। ये प्लेटफॉर्म अक्सर महिलाओं के उत्पीड़न या निजी डाटा के दुरुपयोग पर समय पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे मामलों में रिपोर्टिंग प्रक्रिया जटिल है और कई बार पीड़ित महिलाओं को उल्टा शर्मिंदगी और समाज के संदेह का सामना करना पड़ता है।

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल दुर्व्यवहार को रोकना मुश्किल इसलिए है क्योंकि अपराधी अदृश्य, गुमनाम और तकनीकी रूप से सक्षम होते हैं। वे नकली पहचान, वीपीएन या फर्जी अकाउंट्स का इस्तेमाल करते हैं जिससे उनकी पहचान छिपी रहती है। साथ ही, सोशल मीडिया का तेज़ प्रसार, डाटा का निजीकरण न होना और डिजिटल साक्षरता की कमी भी इस समस्या को और बढ़ा रही है। हमारे यहां ज्यादातर महिलाओं को यह भी नहीं पता होता कि उनके पास क्या कानूनी अधिकार हैं और वह ऐसे मामलों मे शिकायत कैसे दर्ज कराएं।

सवाल यह उठता है कि इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है? इसमें कोई दो राय नहीं है कि डिजिटल हिंसा को समाप्त करना किसी एक संस्था या सरकार का नहीं, बल्कि साझा प्रयासों का काम है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार को सख्त और स्पष्ट कानून बनाने होंगे। पुलिस और न्याय व्यवस्था में डिजिटल अपराधों की जांच के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है। टेक्नोलॉजी कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

'एआई' के दौर मे 'डीपफेक,' फेक प्रोफाइल और ऑनलाइन ट्रोलिंग के खिलाफ स्वचालित सुरक्षा तंत्र विकसित किए बिना समाधान की ओर नहीं बढ़ा जा सकता। समाज को भी रवैया बदलना होगा। पूर्वाग्रह के चलते ऐसे मामलों में महिलाओं को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है, जबकि जरूरत इस बात की है कि पीड़ित महिलाओं को दोष देने के बजाय उनकी मदद की जाए।

मीडिया को डिजिटल हिंसा से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता बढ़ानी होगी। अब समय आ गया है, जब स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल नैतिकता और ऑनलाइन सुरक्षा पर आधारित पाठ्यक्रम जोड़ने चाहिए। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि डिजिटल युग में हिंसा का चेहरा बदल गया है, लेकिन उसका असर उतना ही गहरा है। डिजिटल हिंसा की शिकार हुई महिलाओं से इस बारे में पूछा जाए तो इसका पता चल सकता है।

(सप्रेस)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
गैस की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। धार्मिक अनुष्ठानों में आप रुचि ले सकते हैं। किसी घटना को लेकर मन व्यथित हो सकता है।

**वृषभ**
आज अपने मन की करें। दूसरों से अधिक सलाह न लें। मित्रों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर होंगे।

**मिथुन**
रिश्तेदारों की चिन्ता हो सकती है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे।

**कर्क**
आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। समाज में आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**सिंह**
किसी परिजन को लेकर चिन्ता रहेगी। गलत खानपान के कारण सेहत खराब हो सकती है। मन में भविष्य को लेकर चिन्ता हो सकती है।

**कन्या**
आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। अटके हुये कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा।

**तुला**
विरोधियों के बीच आपका सामर्थ्य बढ़ेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और आप से किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे।

**वृश्चिक**
अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा करें। पुराना लोन आज चुका सकते हैं।

**धनु**
दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। घर में अकेलापन और बोरियत जैसा महसूस हो सकता है। मानसिक उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। अधिक काम के कारण पैरों में दर्द हो सकता है।

**मकर**
किसी नये कार्य की योजना बना सकते हैं। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ने वाला है। व्यवसाय में आपका मन लगेगा। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाये रखें। आप छुट्टी के मूड में हो सकते हैं।

**कुंभ**
सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित करने का प्रयास करें।

**मीन**
परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में अत्यन्त सक्रिय रहने वाले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर अपराधियों ने बैंक खाते से उड़ाए 35 हजार रुपये

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराधियों ने थाना क्षेत्र के संचार नगर अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 406 निवासी संजय कुमार सिंह को अपना शिकार बनाकर 35 हजार रुपये की ठगी कर ली.इस संबंध में संजय कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है. संजय कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधियों ने फोन पर झांसा देकर उनके खाते से 35 हजार रुपए निकासी कर लिया. जब मोबाइल पर मैसेज आया तो होश उड़ गये. इस संबंध में साइबर थाना और स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है.

### सीएम, डिप्टी सीएम सहित मंत्रियों को दी बधाई

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को आधुनिक एवं श्रेष्ठ बिहार के सृजनकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सामाजिक एवं भौगोलिक रूप से संतुलित मंत्रिमंडल के गठन पर मनेर के सामाजिक राजनैतिक एवं आम जन में खुशी की लहर है। जिसे लेकर सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिंह, मंत्री रामकृपाल यादव सहित कैबिनेट के अन्य मंत्रियों को एनडीए के नेताओ व समाजसेवियों ने बधाई दी है। मौके पर पूर्व विधायक श्रीकांत निराला, पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री निखिल आनंद, दीपक सोनी, राजकुमार शर्मा, चुन्नु शर्मा, किसान नेता विनय कृष्ण, यमुना सिंह, ई. राहुल सिंह, जदयू नेता गिरजा यादव, राजेश कुमार सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।

### शराब के साथ पांच महिला समेत 6 गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर सरारी गुमटी के पास से 6 लोगों के पास से 32 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार खुशबू कुमारी दीदारगंज, अनिता देवी व मंजू देवी हिलसा नालंदा, फुलवा देवी फतुहा, जूली कुमारी चंडी नालंदा व मो शाहनवाज आलमगंज पटना निसारी शामिल है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि मुगलसराय से ट्रेन से शराब लेकर सरारी गुमटी के पास उतर कर पैदल जा रहे थे. सूचना मिलने पर पांच महिला व एक युवक को 32 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लोजपा के मंत्री बनाने पर दी बधाई

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने नीतीश कुमार के 10वीं बार सीएम बनाने पर बधाई दिया है और लोजपा के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह व संजय कुमार पासवान को मंत्री बनाये जाने पर सीएम नीतीश कुमार व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बधाई दी. श्री यादव ने कहा कि एनडीए के प्रचंड बहुमत मिलने से सूबे में समुचित विकास तेज गति से होगा. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में विकास का समुचित विकास किया जायेगा. मौके पर अनिल यादव , सनोज यादव , लल्लू यादव अजीत राय समेत आदि मौजूद थे.

### सूरत में काम कर रहे मजदूर की हत्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के लेमुआबाद पंचायत निवासी लल्लू यादव की गुजरात के सूरत में हुई निर्मम हत्या से पूरे पंडारक प्रखंड के पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। परिजनों के अनुसार, यह हत्या सूरत में हुई, जहाँ लेमुआबाद के ही निवासी विक्की यादव पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। सूरत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी विक्की यादव को गिरफ्तार कर लिया है।परिजनों ने आरोप लगाया कि हत्या पैसों के लेनदेन के विवाद में की गई। पुलिस गिरफ्त में आरोपी ने भी कथित तौर पर यह स्वीकार किया है कि उसने ही लल्लू यादव की हत्या की है।घटना के बाद लेमुआबाद गांव में तनाव और आक्रोश दोनों देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

### कई ट्रक धान लापरवाही के चलते गोदाम में ही सड़ गया, खाद्य आपूर्ति विभाग बेखबर



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शहरी पंचायत स्थित बाजार समिति के पीछे अवस्थित गोदाम में कई ट्रक धान का फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया जानकारी के मुताबिक यह धान का फसल गोदाम में वर्ष 2014 से पड़ा हुआ है तब तक कई पदाधिकारी आए और गए लेकिन इस अनाज को राइस मिल भेज कर ना तो चावल निकल गया और ना ही इसका कोई लेखा-जोखा विभाग के पास है जिसके चलते गोदाम में मानो कचरा का भंडार लगा हुआ है और इसके चलते जहरीले जीव जंतु भी इसी कचरे में अपना रैन बसेरा बनाया हुआ है। जिसके चलते गोदाम के मजदूर भी काम करने से कतराते हैं। गोदाम मैनेजर से जब जानकारी चाहा तो उन्होंने कहा कि इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है। अभी मैं हाल में ही आया हूं मामले पर कोई प्रशासनिक पदाधिकारी भी बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन इतना तो जरूर है कि यदि विभाग इस पर ध्यान देता तो यह धान का चावल हजारों लोगों की पेट की भूख मिटाने में कामयाब हो जाता/अब तो यह इंसान क्या जानवर के लिए भी सुरक्षित नहीं है।

### डूबने से दो लोगों की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के बसावन चक गांव में विशकुरबा खंधा के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से रंजीत महतो की पुत्री 7 वर्षीय सोनाली कुमारी की मौत हो गई । वहीं दूसरी तरफ सीलदही गांव के महारानी स्थान के पास गड्ढे के पानी में डूबने से श्रोक महतो नामक व्यक्ति के 18 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों लाश को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ में पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद लाश परिजनों को सौंप दी है।

### मनेर व बिहटा के तीन विद्यालयों का उप शिक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उप शिक्षा निदेशक राजकुमार ने गुरुवार को मनेर व बिहटा के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे संतुष्ट दिखें। इस बाबत पूछे जाने पर आरडीडी राजकुमार ने बताया कि मनेर प्रखंड के इंटर स्तरीय विद्यालय परिसर में चलने वाले कस्तूरबा विद्यालय साथ ही प्रखंड कार्यालय समीप स्थित कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं से उनके शिक्षा का स्तर खाने पीने की व्यवस्था से लेकर अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गई जो संतोषजनक दिखा।वहां सभी क्लास विषय वार होता है या नहीं साथ ही अन्य बातें भी आवासीय विधालय की छात्राओं से पूछी।हालांकि उन्होंने बताया कि मनेर हाई स्कूल स्थित कस्तूरबा विद्यालय के आगे की जल जमाव था एवं जंगल झाड़ थे इसे साफ सफाई करने का निर्देश पीएम श्री उच्च विद्यालय मनेर के प्रचार्य डॉ. रामरतन प्रसाद को दिया गया है। उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया वहीं ही बिहटा बुनियादी विधालय स्थित कस्तूरबा विद्यालय का भी आरडीडी ने निरीक्षण किया। इस मौके पर संजय कुमार, पवन कुमार ,अवधेश चंद्र यादव ,विनय कुमार ,संतोष कुमार ,ज्ञान गौरव, वीरेंद्र कुमार शर्मा ,रश्मि सिंह ,रोजी, पल्लवी ,मनीषा बाला, खुशबू ,लक्ष्मण राम, रामसोहन राय आदि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे'

### सड़क बेहाल, प्रशासन बेखबर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के शहरी पंचायत से होते हुए परसामा, ग्वासा शेखपुरा, डभामा, और बिहारी बीघा पंचायत सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क साथ बाबा से लेकर ढकवाहा चक के मददपुर गांव तक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कुछ साल पहले इस सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने के चलते साथ ही सड़क के किनारे किनारे नाला का निर्माण नहीं होने के चलते स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है। बरसात के दिनों में और भी परेशानी का सामना पैदल चलने वाले यात्रियों तक को करना पड़ता है। अब तक दर्जनों लोग सड़क हादसा का शिकार होकर अपना हाथ पैर तुड़वा चुके हैं लेकिन अनुमंडल प्रशासन इस गंभीर समस्या के प्रति अभी तक जागरूक नहीं है। चुनाव के दौरान कई नेताओं ने सड़क को ठीक करवाने का वादा तो किया है लेकिन अभी तक अमली जामा नहीं पहनाया गया है।

# जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष के साथ असाधारण आम सभा की बैठक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष के साथ बिहार राज्य सहकारी बैंक के सभाकक्ष में असाधारण आम सभा की बैठक की गई। बैठक उपरान्त एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। उक्त बैठक में बिहार के सभी जिलों में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 हेतु अधिप्राप्ति कार्य में हो रहे गंभीर कठिनाईयों के विषय पर बैठक किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निम्न माँगों को जबतक पूरा नहीं किया जाएगा तबतक अधिप्राप्ति कार्य करने में सभी बैंक असमर्थ हैः-

1. धान/गेहूँ अधिप्राप्ति में संलग्न समितियों को कमीषन, मिलिंग षुल्क मंडी श्रम षुल्क, और हैंडलिंग षुल्क की आकस्मिक दरों में वर्ष 2012-13 से हीं वृद्धि नहीं किया गया है, जबकि महंगाई में कई गुणा वृद्धि हुई है। सहकारी समितियों( पैक्स/व्यापार मंडल) को आकस्मिक व्यय मद में देय राषि को पुनरीक्षित करने हेतु आवष्यक कार्रवाई कराने की कृपा की जाए ताकि अधिप्राप्ति व्यवसाय उनके लिए लाभप्रद हो सके एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।

2. समितियों को दिए जा रहे कैश क्रेडिट ऋण पर भारीत सूद को माफ किया जाए।

3. पैक्स एवं व्यापार मंडलों को धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध समतुल्य सीएमआर आपूर्ति करना होता है उसके लिए राइस मिलों से पैक्स एवं व्यापार मंडलों के अनुरोध अर्थात सहमति से मिल टैगिंग किया जाए न कि राइस मिलों के दवाब में मनमाने ढंग से टैगिंग किया जाय।

4. धान अधिप्राप्ति एवं जमा करने में विगत वर्षो में हुई कठिनाई के मद्देनजर आवश्यक समाधान अपेक्षित है। पैक्स, संबंधित सहकारी बैंक एवं एसएफसी के बीच त्रिपक्षीय समझौता आवश्यक है। कारण कि चावल एसएफसी में जमा होता है।

5. जिस प्रकार समितियों द्वारा किसानों को अधिप्राप्ति धान के विरुद्ध 48 घंटे के अंदर भुगतान कर दिया जाता है उसी प्रकार एसएससी द्वारा समितियों को 72 घंटे के अंदर आपूर्ति सीएमआर का भुगतान करना है। वत्र्तमान समय में लगभग 06 माह से आपूर्ति सीएमआर का भुगतान लंबित है। आपूर्ति सीएमआर का भुगतान लंबित रहने के कारण राज्य के सभी जिलों में अधिकांश पैक्स डिफॉल्ट हो गई हैं एवं अतिरिक्त सूद की बोज से घाटे में है।

6. धान अधिप्राप्ति हेतु राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है लेकिन को धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जवाब देही नहीं दी गई है सिवाय प्राप्ति के इससे सीएमआर आपूर्ति में अनावश्यक रूप से मिलर और द्वारा समितियों की गुणवत्ता के नाम पर परेशान किया जाता है। इसलिए मिलर से ब्डत प्राप्ति की जवाबदेही को दी जाय, समिति द्वारा अधिप्राप्ति धान लॉट वार या जो भी आदेश हो संबंधित मिलर को उपलब्ध कराने के लिए सहमत है। इससे मिलर को गुणवत्तापूर्ण सीएमआर आपूर्ति करने की जवाबदेही तथा को प्राप्त करने की सुविधा होगी।




7. चूंकि धान अधिप्राप्ति सरकार की महत्वपूर्ण योजना है तथा सरकार के गारंटी पत्र के आलोक में बैंक द्वारा समितियों को कैश क्रेडिट ऋण की सुविधा दी जाती है इसलिए गारंटी ऋण पत्र के लिए प्रत्याभूति शुल्क, कुल के 0.25 प्रतिशत सहकारी बैंक को जमा करने का आदेश निर्गत किया गया है इस राशि को सरकार द्वारा ही वहन या भुगतान किया जाय।

8. उसना चावल आपूर्ति करने वाली समितियों को भी अरवा चावल आपूर्ति करने वाली समितियों की तरह सुखवन का भुगतान किया जाय। चूंकि समितियां हीं धान का कस्टोडियन होता है न कि उसना चावल मिलर।

9. किसानों से फरवरी माह तक धान अधिप्राप्ति किया जाता है परन्तु से की राषि लगभग 372 करोड़ रुपए का भुगतान अभी भी बाकी है। अतः पैक्सों पर अतिरिक्त सूद की व्यवस्था सरकार स्तर से किया जाए ताकि पैक्स डिफाल्ट होने से बचे।

10. राजकीय गारंटी के आलोक में की जा रही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति हेतु जिला बैंकों द्वारा पैक्सों को देय कैष-क्रेडिट की राषि जो बैंकों की फँस गई है उसे सरकार बैंकों को भुगतान करें ताकि जिला बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ रहे साथ हीं पैक्स अधिप्राप्ति कार्य कर सके।

11. टास्क फोर्स की बैठक में निष्चित रूप से जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष को बुलाया जाए।

12. अरवा-उसना चावल मिल का समानुपातिक रूप से चयन किया जाए।

13. जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों में सहकारिता विभाग बिहार द्वारा प्रतिनियुक्त प्रबंध निदेषकों का वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट संबंधित बैंक के अध्यक्ष द्वारा अनुषंसा की जाएगी।

बैठक में सासाराम सह- बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र चौबे, प्रबंध निदेशक - मनोज कुमार सिंह, साथ हीं विभिन्न जिला बैंक के अध्यक्ष यथा आरा - सत्येन्द्र नारायण सिंह, मुगेर- मिन्टु देवी, गोपालगंज - महेश राय, औरंगाबाद - संतोष कुमार सिंह, पाटलिपुत्र- रितेश कुमार, रोहिका- रमन कुमार सिंह, वैशाली - सुधी रंजन प्रसाद, बेतिया - संतोष कुमार गुप्ता, समस्तीपुर - विनोद कुमार राय, मगध - विनय कुमार बेगुसराय - नरेन्द्र सिंह, खगड़िया- अखिलेश कुमार विद्यार्थी, कटिहार - श्रीमती शाहिन कलाम, एवं अन्य अध्यक्षों की विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थिति रही।

# आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने एम. श्रीनिवास रेड्डी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी रेफ्रिजरेशन उत्पाद एवं समाधान प्रदाता कंपनियों में से एक है, ने श्री एम. श्रीनिवास रेड्डी को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 14 नवंबर 2025 से प्रभावी होगी। श्री रेड्डी तीन दशकों से अधिक के व्यापक उद्योग अनुभव, मजबूत नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक दृष्टि और व्यवसायिक परिवर्तन को गति देने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आइस मेक से जुड़े हैं। वे इंजीनियरिंग स्नातक हैं, एमबीए धारक हैं तथा लंदन बिजनेस स्कूल, लंदन के सीनियर एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम के पूर्व छात्र भी हैं। साथ ही, वे वर्ष 2024-25 के लिए CII महाराष्ट्र राज्य परिषद के निर्वाचित सदस्य भी रहे हैं। आइस मेक से जुड़ने से पूर्व, श्री रेड्डी ब्लू स्टार में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट झ्र कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी एवं बिजनेस डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत थे। आइस मेक में, वे कंपनी की विकास गति को तेज करने, ग्राहक मूल्य को बेहतर बनाने और अगली रणनीतिक विस्तार यात्रा को दिशा देने की जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर चंद्रकांत पी. पटेल ने कहा कि हम आइस मेक परिवार में एम. श्रीनिवास रेड्डी का हार्दिक स्वागत करते हैं। उनकी गहरी उद्योग विशेषज्ञता, रणनीतिक सोच और व्यवसायों को स्केल करने के सिद्ध अनुभव के चलते वे हमारे नेतृत्व दल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। जैसे ही आइस मेक अपने विकास के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, उनका मार्गदर्शन हमारी विस्तार पहलों, उत्पाद नवाचार और ग्राहक एवं शेयरधारक मूल्य वृद्धि को नई गति देगा। एम. श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि आइस मेक जैसी तेजी से बढ़ती, नवाचार-प्रधान और ग्राहक-केंद्रित कंपनी से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। पिछले तीन दशकों में कंपनी ने विश्वास, गुणवत्ता और नवाचार की जो मजबूत नींव बनाई है, उसी पर आगे बढ़ते हुए मैं नेतृत्व टीम के साथ मिलकर बाजार उपस्थिति को सुदृढ़ करने, उत्पाद एवं समाधान पोर्टफोलियो का विस्तार करने और ग्राहकों एवं हितधारकों के लिए और अधिक मूल्य सृजन करने की दिशा में कार्य करूंगा। मेरा प्रयास रहेगा कि आइस मेक को ऊर्जा-कुशल और सतत रेफ्रिजरेशन समाधानों के क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया जाए। श्री रेड्डी की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है जब आइस मेक अपना उत्पाद पोर्टफोलियो मजबूत कर रहा है, भौगोलिक विस्तार को तेज कर रहा है, और भारत की बढ़ती किफायती एवं सक्षम कोल्ड चेन अवसंरचना की मांग के अनुरूप अपनी क्षमताओं को नए स्तर पर ले जा रहा है—विशेषकर कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, फार्मास्युटिकल्स और लॉजिस्टिक्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में।



# स्टेशन चौक बाजार पर महाजाम की स्थिति से यात्री परेशान, प्रशासन की नाकामी



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन जाने वाली चौक बाजार के पास गुरुवार के दिन बेतरकीब वाहन चलाए जाने के चलते महाजाम की स्थिति पैदा हो गई, करीब 1 घंटे तक पैदल चलने वाले यात्रियों को भी निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। चारों तरफ ई रिक्शा मोटरसाइकिल और जुगाड़ गाड़ी के चलते महाजाम की स्थिति पैदा हो गई लेकिन प्रशासन की कोई पुलिस वाहन लोगों को जाम से छुड़ाने के लिए नहीं पहुंचा। आखिरकार कुछ दबंग तबके के लोगों ट्रैफिक पुलिस की तरह जाम हटाते नजर आएने तब जाकर जाम की स्थिति से लोगों ने छुटकारा पाया स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पहले ट्रैफिक पुलिस के रहने से इस तरह की स्थिति पैदा नहीं होती थी लेकिन करीब 1 साल से सिस्टम हटा दिए जाने के चलते फिर से पुरानी स्थिति पैदा हो गई है। एक तो सकरा रास्ता ऊपर से दुकानदार के द्वारा दो से तीन फीट दुकान बाहर निकलना और उसके आगे सब्जी की ठेला और फिर ई रिक्शा स्टैंड की तरह सड़क पर खड़ा रहना जाम का मुख्य कारण है कुछ दिन पहले अनुमंडल प्रशासन के द्वारा रोड को वनबे किया गया था। इसके बावजूद भी हालत में परिवर्तन नहीं हुए फिर जस की तस स्थिति उत्पन्न हो गई कई यात्रियों के ट्रेन भी छूट गए।

# दानापुर में नीतीश 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेने पर जदयू नेताओं ने बांटी मिठाई





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने गोलापर बिचली गडी मोड के पास 10वीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने की खुशी में कार्यकताओं के साथ अतिशबाजी की. साथ ही मिठाई बांट व अबीर-गुलाल लगा कर खुशी का इजहार किया. श्री सिंह ने दानापुर नवनिर्वाचित विधायक रामकृपाल यादव को मंत्री बनाये जाने पर खुशी जताते हुए सीएम नीतीश कुमार व पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया. श्री सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार राज्य के 10 वीं सीएम पद के पद का शपथ लिये है. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार 2010 में जिस तरह प्रचंड बहुमत से सरकार बनायी थी , उसी तरह 2025 में भी एनडीए सरकार प्रचंड बहुमत हासिल किये है और पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार का गठन किया गया है. उन्होने कहा कि सीएम नीतीश कुमार संकल्प पत्र पर खरा उतारेंगे. उन्होंने कहा कि रामकृपाल यादव के मंत्री बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इनके मंत्री बनाने से दानापुर का समुचित विकास किया जायेगा. मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार , किशोर कुमार सिंह , अशोक सिंह , विनोद कुमार , भोला सिंह , अखिलेश कुमार , राजू, अजय, सुरेंद्र कुमार सिन्हा, मनोज मेहता, रोशन , रंजन , संतीश , धीरज, कृष व अभिषेक समेत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे. . वही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 10वीं बार बनाये जाने पर जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह ने खुशी जाहिर किया और रामकृपाल यादव को मंत्री बनाये जाने पर बधाई दी. बधाई देने वालों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ,गौरव गुप्ता , रिंकू कुमार , अवधेश यादव , सोनू कुमार, जयलाल यादव, लड्डू सिह, नीरज, मनीष व अजय सिंह मौजूद थे. जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो अरशद हुसैन ने नीतीश कुमार के 10वी सीएम का शपथ लेने पर सगुना हवेली में अल्पसंख्यक समाज के बीच मिठाई बांटकर खुशी जाहिर किया. श्री हुसैन ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में विकास और तेजी से होगा. मो सद्दाम हुसैन, आसिफ हुसैन, मो यासिन खान, मो सरफुद्दीन अंसारी, जमाल खान, आफताब आलम, मो मोसाद अहमद, अवि सिंह,यासिन, नजमी खातून, बबली खातून, शहनाज खातून, मो शक्कूर, मो ताबीज व मो एहसान समेत आदि मौजूद थे

# रामकृष्ण नगर की दस लाख की लूट का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार, बैग बरामद



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में 7 नवम्बर को हुई दस लाख रुपये की बड़ी लूटकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. इस वारदात में शामिल हाजीपुर के दो अपराधियों—विक्की और जितेंद्र—को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य अपराधी अभी फरार हैं. पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर लूट का बैग भी बरामद कर लिया है. थाना अध्यक्ष और डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार के अनुसार फरार बदमाशों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है. पुलिस के मुताबिक, लूट को अंजाम देने के लिए चारों अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाजीपुर से पटना आए थे. योजना के तहत जीरो माइल के पास उन्होंने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से पिस्टल की नोक पर दस लाख रुपये लूटे और विरोध करने पर गोली मार दी. वारदात के बाद चारों अपराधी रुपये से भरा बैग लेकर सीधे हाजीपुर लौट गए और आपस में रकम बाँटने की तैयारी कर रहे थे.

घटना ऐसे हुई थी.

भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अविनाश दस लाख रुपये लेकर जीरो माइल स्थित बैंक में जमा करने जा रहे थे. यूनियन बैंक के नीचे पहुंचते ही मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने उन पर हमला किया और रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की. अविनाश ने विरोध किया तो एक लुटेरे ने पिस्टल से गोली चला दी. गोली उनके बांह में लगी. घायल अवस्था में उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है. घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी (पूर्वी), डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार सिंह और रामकृष्ण नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. फुटेज में हेलमेट पहने बाइक सवार दो अपराधी स्पष्ट रूप से नजर आ रहे थे. वैज्ञानिक अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने हाजीपुर में छापेमारी कर विक्की और जितेंद्र को गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने लूट की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है और फरार दो साथियों के नाम भी बताए हैं. डीएसपी सदर-2 ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा किया है कि चारों ने मिलकर लूट की योजना बनाई थी. पुलिस ने लूट में इस्तेमाल बैग को बरामद कर लिया है. फरार दो बदमाशों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी.

# दानापुर में छात्र जीवन से रामकृपाल यादव ने राजनीतिक शुरू किया



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्र जीवन से रामकृपाल यादव ने राजनीतिक शुरू किया था. रामकृपाल यादव ने छात्र जीवन में एएन कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष बने थे. मगध विश्वविद्यालय के सीनेट मेम्बर, वार्ड पार्षद, पटना के डिप्टी मेयर, 2 बार विधान पार्षद , धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष, पांच बार लोकसभा सांसद, एक बार राज्यसभा सांसद रह चुके है. 2025 में दानापुर विधानसभा चुनाव जीतने के बाद मंत्री पद का शपथ लिये है. राम कृपाल यादव के सामाजिक जीवन की यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव रहा है. श्री यादव समाज सेवा में हर स्तर पर योगदान हीं इनकी पहचान बनी हुई है. बिहार में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव , सुशील कुमार मोदी जैसे चंद नेताओं को हीं चारों सदनों का सदस्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ है . दानापुर की जनता ने राम कृपाल यादव को यह सम्मान दिया. सामाजिक जीवन में बेदाग रहते हुए इन्होंने वार्ड पार्षद से लेकर केंद्रीय मंत्री पद तक का सफर तय किया है. पटना की जनता ने झोली भर-भर के अपने सेवक को आशीर्वाद दिया है. पूरे बिहार के कोने-कोने में मौजूद शुभचिंतकों का आशीर्वाद रूपी ढाल हीं राम कृपाल यादव का पहचान है. इस चुनाव में शामिल कार्यकताओं, शुभचिंतकों, अभिभावकों और दोस्तों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ. पूरे पटना और दानापुर विधानसभा के निवासियों को धन्यवाद .जिन्होंने अपना आशीर्वाद नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के विकास मॉडल को दिया. पूरे बिहार का विश्वास, मोदी और नीतीश के साथ.लालू प्रसाद , सुशील मोदी ,उपेंद्र कुशवाहा और नागमणि के बाद पांचवा नाम बिहार की राजनीति में रामकृपाल यादव का शुमार हो गया है . जो चारों हाउस के मेंबर रह चुके हैं.लोकसभा, राज्यसभा, विधान परिषद और अब विधानसभा की शोभा बढ़ाएंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव.रामकृपाल यादव के बारे में एक कहावत बेहद मशहूर है कि कई पीढियों के भैया हैं रामकृपाल भैया .

अत्यंत साधारण परिवार से आने वाले रामकृपाल यादव की दिनचर्या सुबह 6 बजे गांधी मैदान से शुरू होती है, जहां वह सैकड़ो लोगों से मॉर्निंग वॉक के दौरान मिलते-जुलते हैं, जो लोग हाथों में मोबाइल लेकर पहुंचते हैं. रामकृपाल उनका त्वरित निष्पादन वही मोबाइल से फोन लगाकर कर देते हैं. जिन्हें चिट्ठी पत्री लिखना हो, वह गोरिया टोली उनके आवास पर पहुंचते हैं और वहां उनके कार्यों का निष्पादन किया जाता है. श्री यादव स्नान , पूजा पाठ के बाद लगभग 12 बजे के बाद रामकृपाल यादव अपने संसदीय क्षेत्र निकल जाते हैं और दोपहर से 12 बजे से रात 12 बजे तक जनता के दुख दर्द में शामिल होने से लेकर शादी समारोह और श्राद्धकर्म तक के आमंत्रण में शामिल होते है. कई बार ये सिलसिला पूरी रात भी चलता है, लेकिन रामकृपाल यादव उफ्फ तक नहीं करते .रामकृपाल यादव केंद्रीय मंत्री रहे, सांसद रहे, विधायक रहे या ना रहे लेकिन वह अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र की जनता के दिलों पर अनवरत राज करते रहे हैं. शायद यही वजह है कि दानापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से किस्मत आजमाते वक्त शायद किसी को यह अंदाजा नहीं रहा होगा कि रामकृपाल यादव को दियारा के इलाकों में भी अपार जन समर्थन मिलेगा. चुनाव जीतने या चुनाव हारने की प्राथमिकताओं से ऊपर रामकृपाल यादव वास्तव में जनता के असली रहनुमा है ,जो उनके दुख दर्द में हर वक्त खड़े नजर आते हैं. शायद यही वजह है कि उनके विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर होना पड़ता है कि रामकृपाल यादव वाकई फुल टाइम पॉलिटिशियन हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण से परेशान शिक्षक-छात्र, प्रशासन मौन



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कोटवा बाजार स्थित शिवधार अनूठा उच्च विद्यालय के मुख्य द्वार पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से विद्यालय का वातावरण प्रभावित हो रहा है। विद्यालय प्रशासन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण को भेजे पत्र में बताया है कि मुख्य द्वार के ठीक सामने कई दुकानदारों ने अवैध दुकानें लगा ली हैं। इन दुकानों से निकलने वाला कचरा, पॉलिथीन, सड़े-गले फल और अंडे आदि का अवशेष विद्यालय परिसर और मुख्य प्रवेश द्वार पर फेंक दिया जाता है, जिससे बदबू और गंदगी फैल रही है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार दुकानों पर आने वाले ग्राहक अक्सर शौच आदि के लिए विद्यालय परिसर में घुस जाते हैं, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और पढ़ाई का माहौल दोनों प्रभावित हो रहे हैं।अतिक्रमण के कारण बच्चों की उपस्थिति पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। विद्यालय द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा मिश्रा ने शिक्षा विभाग से तत्काल अतिक्रमण हटाने और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में सीओ मोनिका आनंद ने बताया की हल्का कर्मचारी को भेज कर जांच कराया जा रहा है।

### 22 नवंबर से 22 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का व्यापक गृह संपर्क अभियान

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्यापक गृह संपर्क अभियान 22 नवंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा। यह अभियान सम्पूर्ण देश में चलाए जा रहे हैं। प्रखंड संपर्क प्रमुख राजेश कुमार ने बताया कि व्यापक गृह संपर्क अभियान के तहत संघ के कार्यकर्ता प्रखंड के सभी 99 गांवों में घर-घर जाकर स्थानीय निवासियों को संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों एवं सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही वे प्रत्येक परिवार से समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए स्वेच्छा से किसी न किसी सेवा या जन-जागरण कार्य से जुड़ने की अपील भी करेंगे। अभियान के तहत प्रत्येक घर में भारत माता के चित्र और स्टीकर लगाए जाने की अपील की जाएगी। साथ ही संघ के पत्रक और मार्गदर्शिका का वितरण किया जाएगा। अभियान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन की तैयारी करना है। प्रखंड कार्यवाह अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संघ के विचार, संस्कार, सेवा-परंपरा और सामाजिक उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान हर व्यक्ति और परिवार को संघ द्वारा प्रस्तावित ह्रापंच परिवर्तन्ह को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पंच परिवर्तन का लक्ष्य व्यक्ति, परिवार, समाज, पर्यावरण और राष्ट्र इन पांचों के समग्र विकास की दिशा तय करना है।

### बाइक की ठोकर से रिटायर्ड दारोगा की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया अरेराज पथ में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाल पर्यवेक्षण गृह के समीप बाइक की ठोकर से रिटायर्ड दारोगा राजकिशोर साह की मौत हो गयी। यह हादसा बुधवार की शाम करीब छह बजे हुआ, जब वे प्रतिदिन की तरह सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। और फरार हो गया। राजकिशोर साह वहीं जख्मी होकर गिर पड़े। आसपास के लोगो ने उन्हें देखा और पहचान करते हुए परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से जीएमसीएच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक राज किशोर साह मुफस्सिल थाना के बनवत पसराहे वार्ड नंबर 37 के निवासी थे और 2020 में पश्चिम चंपारण के मानपुर थाना से दारोगा पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### स्पेशल ड्राइव में सात वारंटी धराए


**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एस ड्राइव के तहत पुलिस अंचल क्षेत्र के अलग-अलग थाने की पुलिस ने अलग अलग गांव से सात वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि सुखलही से मुंद्रिका यादव, पिपरा संतपुर से हीरालाल दास को गिरफ्तार किया गया है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सेरवा गांव से वारंटी राजा साह व अमीरी चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। वही इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया इनरवा से लाल मियां काशीम मियां एंव मुस्लिम मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा अपना भवन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चंपारण जिले के 35 भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र अपना भवन मिलेगा। नाबार्ड की ओर से इसका निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राशि स्वीकृत हो गई है। प्रति आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण पर 12 लाख रुपये खर्च होंगे। नाबार्ड से 90 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण को लेकर जिले से प्रस्ताव भेजे गए थे, जिसमें 35 की स्वीकृति मिल गई है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार वर्तमान में 17 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राशि मिल गई है। निर्माण का जिम्मा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को सौंपा गया है। निर्माण में किसी तरह की गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए राशि स्वीकृत की गई है, उनमें मझौलिया प्रखंड में तीन, लौरिया में दो, चनपटिया में दो, योगापट्टी में दो, बगहा एक में तीन, बगहा दो में तीन नरकटियागंज में दो, सिकटा में दो, रामनगर में तीन, गौनाहा में तीन, नौतन प्रखंड में तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा बैरिया प्रखंड में एक, मैनाटांड प्रखंड में दो, मधुबनी एवं पिपरासी में एक-एक, भितहां प्रखंड में एक और ठकराहां प्रखंड में दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। शेष स्वीकृति आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए राशि शीघ्र स्वीकृत करने की बात बताई जा रही है। जिले के सभी आईसीडीएस प्रखंडों में 4131 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराया जा रहा है। हालांकि इसमें 50 प्रतिशत केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है। इस तरह के केंद्र किराए के भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। कई आंगनबाड़ी केंद्र तो फुस के घर में चलाया जा रहा है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुल 4131 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों के पास अपना भवन है। जबकि 250 केंद्र अन्य सरकारी भवनों में संचालित किए जा रहे हैं।

### मैट्रिक-इंटर सेंटअप परीक्षा शुरू, 2026 बोर्ड एग्जाम के लिए उपस्थिति अनिवार्य

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्लस टू उच्च विद्यालयों और उत्क्रमित विद्यालयों में सेंट-अप परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई है।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार, यह परीक्षा वर्ष 2026 की वार्षिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य है।परीक्षा के पहले दिन मैट्रिक के विद्यार्थियों ने पहली पाली में हिंदी और दूसरी पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा दी। मैट्रिक की सेंट-अप परीक्षा शनिवार को समाप्त होगी।इंटरमीडिएट के कला एवं विज्ञान संकाय की सेंट-अप परीक्षा भी बुधवार से शुरू हुई। विज्ञान संकाय के छात्रों ने पहली पाली में भौतिकी और दूसरी पाली में रसायनशास्त्र की परीक्षा दी।कला संकाय के विद्यार्थियों ने पहली पाली में दर्शनशास्त्र और दूसरी पाली में राजनीति विज्ञान की परीक्षा दी। इंटर की सेंट-अप परीक्षा का



समापन 26 नवंबर को होगा।इस संबंध में प्रखंड के प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजीव कुमार आलम ने बताया कि प्रखंड के सभी प्लस टू और उच्च विद्यालयों में परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की जा रही है।उन्होंने कहा कि दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो रही है और किसी भी केंद्र से किसी प्रकार की अनियमितता की सूचना नहीं है।सभी केंद्रों को निगरानी में रखा गया है तथा तय दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा का संचालन कराया जा रहा है।

# 10वीं बार बिहार के सीएम बने नीतीश कुमार, नेताओं दी बधाई




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के विकास पुरुष व माननीय लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुनः 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर पूर्वी चम्पारण सहित पूरे देश में हर्षोल्लास है। इनके मुख्यमंत्री बनने पर पूर्वी चम्पारण जिला जदयू परिवार ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की मंगल कामनाएँ देते हुए बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व और अनुभवसंपन्न मार्गदर्शन में एनडीए सरकार 'विकसित बिहार' के संकल्प को साकार करते हुए सुशासन, प्रगति और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। विश्व पटल पर बिहार अपनी नई पहचान गढ़ते हुए विकास की अभूतपूर्व ऊँचाइयों को स्पर्श करेगा। बधाई देने वाले में जिला जदयू के अध्यक्ष मंजू देवी,सांसद लवली आनंद,विधायक शालिनी मिश्रा, विशाल कुमार शाह,विधानपार्षद प्रो.विरेन्द्र नारायण यादव, डॉ.खालिद अनवर, पूर्व मत्री विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह,रजिया खातून, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, वरिष्ठ जदयू नेता प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद , ई राजीव सिंह,दीपक पटेल अधिवक्ता, हिमराज राम अधिवक्ता,भरत पटेल, शंभू कुशवाहा, राजकिशोर ठाकुर, रंजन सिंह पटेल,साकेत सिंह, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, महानगर अध्यक्ष प्रकाश चौधरी अधिवक्ता,वरिष्ठ जदयू नेता मिथिलेश सिंह, ब्रजेश श्रीवास्तव, अमरेन्द्र सिंह, यतिन्द्र कश्यप, विनय कुमार सिंह, कविन्द्र कुशवाहा,देवेन्द्र सहनी, ब्यास प्रसाद सिंह,सरदार मंजीत सिंह, शमार्नंद सहनी, संजय सिंह,हाजी मोहम्मद अकिलुर्रहमान, बबन कुशवाहा, कुणाल पटेल, शकील अंसारी, दिनेश पासवान, बृजबिहारी पटेल, कैप्टन अब्दुल हमीद, परमानंद पटेल,पप्पु कुशवाहा, रोहित गिरी, सुनील सिंह, जितन पटेल, प्रमोद पासवान, विरेन्द्र राय पटेल, सचिन्द्र कुशवाहा, सुनील भूषण ठाकुर, शोभा सिंह, अनील कुशवाहा, कुणाल सिंह पटेल, अभिषेक प्रकाश रजक, अमरनाथ प्रसाद अधिवक्ता,शाहजाद खान, ई.श्यामाकांत कुशवाहा, संजय मोदी, बृजमोहन गुप्ता,रंधीर कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, संजय सिंह पटेल, डॉ खुर्शीद अजीज,सगीर अहमद, कुमार शिवशंकर,श्री सरफराज अहमद, कौशल सिंह,दिनेश गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चुन्नू बाबू,कबीर पटेल, असदुल्ला उर्फ बाबू साहेब, कृष्ण कांत मिश्र, अमिरूल होदा, मणी गुप्ता,इशरत जहां,लक्ष्मण पासवान, विश्वनाथ पासवान,ध्रवलाल मांझी, संजय किशोर तिवारी,सुदामा बैठा, धीरज चन्द्रवंशी,गोविन्द सिंह,डॉ .आसीफ हुसैन, ई.राजेश कुमार पाण्डेय, चन्द्र भूषण सिंह,अभय गुप्ता, गुड्डू खान,सन्नी पटेल, रमेश चंद्र मिश्र,अभिषेक राम, ज्याऊल हक, डॉ.तफ्फजुल हुसैन, सुनील पटेल, ई.राजीव कुमार सिंह, ब्रजेश पटेल, ई.रुपेश कुमार सिंह, राधा कुमारी पटेल, संतोष सिंह, नागेश्वर कुशवाहा, सुरेश कुमार प्रसाद, डॉ.अनील कुमार यादव, चंदेश्वर प्रसाद,बद्री पासवान, अरविंद कुमार तिवारी, धर्मेंद्र पटेल, सुनील यादव, हीरालाल महतो, जितेन्द्र कुमार यादव, रमेश भाई पटेल,हफीज मियां, वशी अख्तर, राजेश सिंह, बैधनाथ प्रसाद, रिपुरंजन सिंह,बसंत कुशवाहा, बैधनाथ भगत, राजू पटेल, छोटन पटेल, बृजकिशोर सिंह, मंटू सिंह, लालबाबू सिंह, दीलिप कुशवाहा, मोहन राय पटेल शामिल थे। उपरोक्त जानकारी जिला जदयू प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच द्वारा दी गई।

## जिले में मार्च तक होंगे कई कार्यक्रम

### युवा उत्सव, जिला स्थापना दिवस, वाल्मीकि महोत्सव, नंदनगढ़ महोत्सव से लेकर बिहार दिवस तक होंगे कई बड़े कार्यक्रम



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा पश्चिम चम्पारण जिले में विभिन्न महोत्सव, दिवस एवं उत्सवों के सफल आयोजन को लेकर आज कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों, आयोजन स्थलों एवं विभागीय दिशा-निदेशों के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि विभागीय निदेशों के अनुसार जिले में जिलास्तरीय युवा उत्सव, जिला स्थापना दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, बिहार दिवस, वाल्मीकि महोत्सव, नंदनगढ़ महोत्सव, गोपाल सिंह नेपाली महोत्सव, चाणक्य महोत्सव, मकर संक्रांति महोत्सव और वसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि पश्चिम चम्पारण की सांस्कृतिक विरासत बेहद समृद्ध है, और जिले में आयोजित होने वाले सभी महोत्सव न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। सभी कार्यक्रम योजनाबद्ध, समयबद्ध और उच्च स्तर के हों। प्रत्येक आयोजन में गुणवत्ता और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों में जनभागीदारी जितनी अधिक होगी, कार्यक्रम उतने सफल होंगे। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि स्थानीय कलाकारों, छात्र-छात्राओं और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। कार्यक्रम जनसहभागिता और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव बनें। हर महोत्सव का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और स्वागतयोग्य हो। प्रचार-प्रसार इस तरह किया जाए कि जिले का हर नागरिक होने वाले आयोजनों की जानकारी से जुड़ सके। बैठक में नगर आयुक्त बेतिया लक्ष्मण तिवारी, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) कुमार रविन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी बगहा गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विकास कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार, वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम, जिला कला, संस्कृति पदाधिकारी, राकेश कुमार, डीआईओ अभिषेक मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोटवा प्रखंड में धान खरीद धीमी, 13 पैक्स में से केवल दो पर शुरू हुई प्रक्रिया

### कोटवा में 2 करोड़ 90 लाख का सीसी स्वीकृत, सिर्फ दो पैक्स सक्रिय

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष धान खरीद की प्रक्रिया सुस्त पड़ी हुई है। कुल 13 पैक्स और 1 वापर मंडल को धान खरीद के लिए चयनित किया गया है, लेकिन अभी तक राज्य द्वारा जिले को कोई आधिकारिक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर सभी पैक्स को दो-दो लॉट का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एक लॉट में 43 एमटी धान निर्धारित होता है। इसी आधार पर सभी पैक्स को दो लॉट का लक्ष्य दिया गया है। बताया गया कि प्रत्येक पैक्स को दो लॉट के लिए कुल 20 लाख 60 हजार रुपये का सीसी स्वीकृत किया गया है। पूरे प्रखंड में लगभग 2 करोड़ 90 लाख रुपये का सीसी अनुमोदित हो चुका है। बावजूद इसके, अभी तक केवल बाथना और कररिया पैक्स में ही धान खरीद की शुरूआत हो पाई है, जबकि शेष पैक्स लक्ष्य मिलने के बाद भी धान उठाव शुरू नहीं कर सके हैं। कई पैक्स अध्यक्षों ने आरोप लगाया है कि बीसीओ अनिल शर्मा न तो नियमित रूप से प्रखंड कार्यालय आते हैं और न ही कॉल रिसीव करते हैं। इससे धान खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस संबंध में डीसीओ प्रिंस अनुपम ने बताया कि सभी पैक्स को जल्द से जल्द धान खरीद शुरू करने का निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बरतने वाले पैक्स पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बीसीओ के खिलाफ पहले भी शिकायतें आई हैं और यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो उन पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। धान खरीद में हो रही देरी से किसान परेशान हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप कर प्रक्रिया को सुचारू करेगा।

पैक्स अध्यक्ष बोले- बीसीओ नहीं आते,कॉल भी नहीं उठाते

डीसीओ बोले- बीसीओ नहीं सुधरे तो होगी करवाई

## हरैया पुलिस ने ट्रक से 444.166 किलो गांजा किया बरामद

### चालक-उपचालक दोनों गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 444.166 किलो गांजा बरामद किया है। बाजार में जप्त किये गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ पचास लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से ट्रक के चालक और उपचालक दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान अनवत राउत कुर्मी, पिता नथुनी राउत कुर्मी, उम्र 66 वर्ष तथा उपचालक की पहचान सिकंदर राउत, पिता विश्वनाथ राउत कुर्मी, उम्र 56 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों नेपाल के पोखरिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गाँव के रहने वाले बताए गए हैं। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान के अनुसार, पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर की गई जांच के दौरान ट्रक से गांजा की बड़ी खेप बरामद की गई। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि यह



खेप कहाँ से लाई जा रही थी और किसे सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ट्रक को भी जब्त कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तारी के बाद नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी गई है।

## मोतिहारी चैम्बर ऑफ कॉमर्स की 26 वीं कार्यकारिणी की बैठक

### कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय- व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के 26 वीं कार्यकारिणी की दसवी बैठक बंजरिया पंडाल स्थित होटल के सभागार में चेंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी। कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक की शुरूआत नए बनाए गए सदस्यों का फाइनल रिपोर्ट तथा सदस्यों के नवीनीकरण शुल्क वसूली रिपोर्ट संयोजक के द्वारा दिया गया। तत्पश्चात चैंबर भवन पे अध्यक्ष अंगद जी ने अभी तक के प्रोग्रेस के बारे में बताया। चैंबर का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम नव वर्ष की उमंग गांव के बच्चों के संग आगामी 25 दिसम्बर को किया जाएगा कार्यक्रम संयोजक चंदू मिश्रा के द्वारा कार्य प्रगति के बारे में बताया गया कि एक स्कूल का चयन कर लिया गया है। वनभोज कार्यक्रम आगामी 14 दिसंबर को किया जाएगा । कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष अंगद सिंह ने कार्य प्रगति के बारे में बताया सभा में पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल,राजीव विजडम उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संयोजक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया उपसचिव अनिल बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य सत्यव्रत जायसवाल, रवि शेखर, अरविंद श्रॉफ, अभिमन्यु कुमार, श्याम कुमार और राहुल शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सिन्हा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र नवनिर्वाचित सह सचिव विनय देवकुलियार पूर्व अध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव और वरिष्ठ सदस्य सुधांशु रंजन की उपस्थिती रही। तालियों के साथ इनका स्वागत किया गया तथा परिचय कराया गया। सभा का धन्यवाद ज्ञापन राजीव जायसवाल के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक स्थगन की घोषणा की गई. उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी श्री आलोक कुमार ने दिया ।

## चंपारण में एक मात्र मंत्री बने नारायण प्रसाद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नौतन विधानसभा क्षेत्र का लगातार तीसरी बार प्रतिनिधित्व करनेवाले नारायण प्रसाद को एक बार फिर नीतीश मंत्रीमंडल में शामिल किये जाने लोगो को काफी उम्मीदें जग गयी है। वर्ष 2021 फरवरी में श्री प्रसाद को मंत्री परिषद में शामिल करते हुए नीतीश कुमार ने उन्हें पर्यटन विभाग की जिम्मेवारी दी। झारखंड बंटवारे के बाद बिहार में नालंदा, गया, वैशाली के बाद यदि पर्यटन की असीम संभावनांए थी तो प.चंपारण जिले में । ऐसे में इस जिले के निवासी एवं विधायक को पर्यटन मंत्री का प्रभार मिलने के बाद श्री प्रसाद के देखरेख में जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। वर्ष 1958 में जन्में नारायण प्रसाद ने वर्ष 1988 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए अपनी राजनीतिक जीवन आंरभ की। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्हें पार्टी में महत्वपूर्ण पद वर्ष 1990 में नौतन का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। वे 1993 में जिला महामंत्री बनाये गये। लेकिन इस दौरान उनकी राजनीतिक महात्वाकांक्षा भी बढ़ती गयी। आपसी तालमेल एवं पार्टी की ओर से टिकट बंटवारे में अपने को उपेक्षित जान श्री प्रसाद ने बसपा का दामन भी थामा और 2005 एवं 2009 में चुनाव लड़ा। उस दौरान उन्हें पराजित होना पड़ा। इसी



बीच पंचायत चुनाव में उन्होंने भाग्य आजमाया और जिला परिषद सदस्य के रुप में वे चुने गये। 2001 से 2006 तक वे जिला परिषद सदस्य रहे। वर्ष 2009 के उपचुनाव में उन्होंने बसपा प्रत्याशी के रुप में नौतन विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। पुनः 2010 के आम चुनाव में लोजपा प्रत्याशी के रुप में उन्हें जदयू प्रत्याशी मनोरमा प्रसाद से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2015 में जदयू और राजद के गठबंधन के बावजुद उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रुप में जीत हासिल की। पुनः 2020 के आमचुनाव में भी पार्टी ने उनपर भरोसा किया और वे जीत दर्ज कराने में सफल रहे। नीतीश कुमार ने मंत्रीमंडल विस्तार के दौरान उन्हें जगह देकर नई जिम्मेवारी सुबे के पर्यटन विभाग की दी। लेकिन कम हीं समय के बाद गठबंधन बदलने के बाद दुबारा भाजपा के साथ गठबंधन में आने पर उन्हें मंत्रीपरिषद में शामिल नही किया गया। राजनैतिक जीवन में नारायण प्रसाद की छवि सहज सुलभ के रुप में जाना जाता है। इस वर्ष एक बार फिर भाजपा ने उनपर विश्वास करते हुए चुनाव मैदान में उतारा और श्री प्रसाद ने अपने जीत हासिल कर ली। मंत्रीमंडल गठन के दौरान जिले के पुराने चार विधायकों में से सबसे अधिक चर्चा पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के नाम की चर्चा थी। लेकिन अचानक नारायण प्रसाद का नाम सामने आ गया। और श्री प्रसाद को मंत्रीमंडल में शामिल किया गया। अब समय बतायेगा कि वे अपने दायित्व एवं कर्तव्यों मे कितना सफल हो पाते है। विदित हो कि आजादी के बाद जिले के नौतन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करनेवाले तीसरे विधायक नारायण प्रसाद है जिन्हें मंत्रीमंडल में स्थान मिला है।और पहले विधायक है जिन्हें दुबारा मंत्रीमंडल में शामिल किया गया है।

## भितिहरवा में मौन उपवास पर बैठे प्रशांत किशोर

### गांधी आश्रम में प्रशांत किशोर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें किया नमन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार चुनाव के नतीजों के बाद प्रशांत किशोर गुरूवार को भितिहरवा गांधी आश्रम में एक दिन के प्रायश्चित मौन व्रत पर बैठे। जन सुराज ने स्वीकार किया कि पार्टी जनता तक अपना उद्देश्य स्पष्ट रूप से नहीं पहुंचा सकी। प्रशांत किशोर सुबह गांधी आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने निर्धारित स्थान पर बैठकर मौन व्रत की शुरूआत की। उनका मौन उपवास कल सुबह 11 बजे समाप्त होगा। इसके बाद वे मीडिया और लोगों से बात करेंगे। प्रशांत किशोर मौन व्रत पर थे, इसलिए पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने प्रेस को संबोधित किया। मौन उपवास पर जन सुराज



प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा तीन साल पहले शुरू किया हमारे प्रयास में सफलता नहीं मिली, इसलिए आज इस संकल्प के साथ बैठे हैं कि फिर से वो प्रयास शुरू करें और जनता को सच्चाई बताएं। जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि यह मौन व्रत जन सुराज के पिछले तीन वर्षों के काम का आत्ममंथन और उन कमियों का प्रायश्चित है जिनकी वजह से पार्टी जनता तक अपनी बात पूरी स्पष्टता से नहीं पहुँचा पाई। उन्होंने कहा कि हमने बिहार में शिक्षा, रोजगार और पलायन रोकने की दिशा में जो प्रयास शुरू किए थे, उन्हें हम उतनी मजबूती से जनता के सामने पेश नहीं कर सके। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज का मौन व्रत इस आत्मचिंतन का प्रतीक है कि हमें और बेहतर तरीके से जनता तक पहुँचना होगा।मनोज भारती ने यह भी कहा कि जन सुराज फिर से बिहार की जनता के बीच जाएगा और लोगों को स्पष्ट रूप से बताएगा कि यह आंदोलन परिवर्तन के लिए था और रहेगा। जन सुराज का यह संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। जो लोग सत्ता में आए हैं, हम उनके प्रति जनता की उम्मीदों की रक्षा करने के लिए आवाज उठाते रहेंगे। हमारी भूमिका विपक्ष की तरह होगी ताकि बिहार की जनता को किसी भी तरह का धोखा न मिले।मौके पर आर के मिश्रा, रितेश पांडेय, अनिल कुमार सिंह, भुवन पटेल आदि भी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से दर्जनों फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर अपनी मामले से संबंधित आवेदन देकर फरियाद की व्यथा पुलिस अधीक्षक को सुनाया जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न वादों की जांच करते हुए उनकी फरियाद सुनी और कई फरियादियों की कागजात दुरुस्त रहने एवं मामला सत्य पाए जाने पर ऑन द स्पोर्ट निस्तारण किया। साथ ही अन्य मामलों की सुनवाई एवं जांच के लिए संबंधित थानाध्यक्ष व केस के अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को सुलझाना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों व संबधित अनुसंधान कर्ताओं को निर्देश दिया कि वे जनता दरबार में आने वाले हर फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें और उनकी शिकायतों को गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि पुलिस को लोगों के बीच विश्वास स्थापित करने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

## पइन से देसी कट्टा बरामद

**मदनपुर/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के दधपी पैक्स गोदाम के समीप मछली पकड़ने के क्रम में स्थानीय लोगों ने पइन से एक देसी कट्टा बरामद किया है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंचे। पीएसआई सुरेन्द्र कुमार ने देसी कट्टा जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम ग्रामीणों की सूचना पर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही पता लगाया जा रहा है। उस जगह देसी कट्टा कैसे पहुंचा और किसके द्वारा फेंका गया।

# जिला पदाधिकारी ने मामलों का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 मामलों पर विचार किया गया और तीन मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। इस दौरान सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर



जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की गई, ऐसे में कुछ मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। जिले यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, नाले की उडाही, भुगतान संबंधित इत्यादि अपीलीय मामले है। सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# आग से सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के छेंदी बिगहा में आग से सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अग्निकांड की घटनाओं को रोकना और लोगों को समय रहते सुरक्षित रहने के उपाय बताना था। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में पहले क्या करें, कैसे करें और किन गलतियों से बचें—इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। सभी लोगों के बीच सुरक्षा पंपलेट का वितरण किया गया, जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर, शॉर्ट-सर्किट, खेत-खलिहान में आग, फसल कटाई के मौसम में सुरक्षा एवं गर्मी के दिनों में बचाव के तरीकों का उल्लेख था। अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों को आपातकालीन सेवाओं के महत्व को समझाते हुए बताया कि डायल 101 पर तुरंत सूचना देने से आग से होने वाले



नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही किसी भी तरह की आपात स्थिति में डायल 112 पर फोन करने की सलाह भी दी गई। अभियान में शामिल अग्निक चालक सुनील कुमार, अग्निक संजय कुमार राय, अग्निक छैला कुमार एवं अन्य जवानों ने बताया कि जागरूकता ही आग से सुरक्षा का सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों में वायरिंग की नियमित जांच कराएं, गैस सिलेंडर के पास ज्वलनशील वस्तुएं न रखें तथा आग लगने पर घबराने के बजाय तुरंत सही कदम उठाएं। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे लोगों को सही जानकारी मिल सके और गांव सुरक्षित रह सके।

# प्रशिक्षु डीएसपी ने ग्रहण किया रफीगंज थानाध्यक्ष का प्रभार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने गुरुवार को रफीगंज थाना में पदभार ग्रहण किया। फिलहाल दो माह तक के प्रशिक्षण अवधि तक रफीगंज थानाध्यक्ष के रूप में तैनात रहेंगे। पदभार ग्रहण के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से औपचारिक जान-पहचान की। उसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया। प्रशिक्षु डीएसपी ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना और अनुसंधान की लंबित मामलों का तीव्रता से निष्पादन करना एवं विधि व्यवस्था प्राथमिकता रहेगी। नए तरीके से गस्ती दल बढ़ाने के साथ साथ असामाजिक तत्वों पर नजर रखा जाएगा।

# राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मदारियों का सकारात्मक निर्वहन करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के सत्र 2023-25 के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। भावपूर्ण रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का गरिमामय समापन करते हुए उन्हें जीवन के अगले दौर के लिए प्रेरित और उत्साहित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार राय ने कहा कि ऐसे आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक परंपरा को मजबूत करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सौहार्द और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विदा हो रहे विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने, निरंतर सीखने और समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का सकारात्मक निर्वहन करने का संदेश



दिया। डॉ. राय ने यह भी कहा कि महाविद्यालय के शिक्षण–प्रशिक्षण की असली सफलता तभी है जब विद्यार्थी यहां से प्राप्त ज्ञान और संस्कारों को अपने जीवन में क्रियान्वित कर समाज में सार्थक परिवर्तन लाएं। फेयरवेल समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत चिट गेम्स, मिमिक्री, सुमधुर गायन और वादन ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया।कार्यक्रम का संचालन छविधारी एवं मनीष कुमार ने प्रभावी ढंग से किया।इस अवसर पर विदाई ले रहे अपने छात्र- छात्राओं को आशीर्वचन देने वालों में वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सियाशरण शर्मा, जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. अशोक कुमार, सुनील कुमार सिंह, अनील कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि वर्मा और असरीन नसराह ने अपने अन्य सहपाठियों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड के नदौल रेलवे स्टेशन से आगे एक युवक की ट्रेन हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां ट्रेन की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक आशीष कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आशीष नदौल स्टेशन पर किसी कारणवश उतर गया था और इसके बाद पैदल ही अपने गांव सेवनन की ओर चलने लगा इसी बिच ट्रेन के चपेट में आने से यह हादसा हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, आशीष प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी सुबह मसौढ़ी जाने के लिए घर से निकला था, जहां वह फिटनेस और ग्राउंड में दौड़ने की प्रैक्टिस करता था।इस दौरान लौटते समय वह मसौढ़ी से ट्रेन से नदौल आया, और वहां से पैदल ही रेलवे के ट्रैक पर चलते हुए गांव जाने लगा।इसी दौरान जब वह रेलवे ट्रैक के किनारे अपनी धुन में चल रहा था, तभी पीछे से पटना से गया की ओर जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद युवक के शव की पहचान होते ही मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक आशीष भाजपा नेता निरंजन कुमार उर्फ बबलू का छोटा बेटा था। घटना के बाद से मृतक के गांव में सन्नाटा और मातम का माहौल कायम है। युवक के माता पिता इस हादसे से पूरी तरह टूट चुके हैं। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## विद्युत चोरी के विरुद्ध पांच पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के फदरपुरा गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। गांव के दीपेंद्र कुमार, अनिता देवी, विरजा यादव, मदन यादव एवं राजेश्वर सिंह के घर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध छापेमारी की गई। पांचों बिजली उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व से कनेक्शन के विपत्र का भुगतान नहीं किये जाने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद टोका फंसाकर इस लोगों के द्वारा विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। दीपेंद्र कुमार को 20968 रु, अनिता देवी को 12208 रु, विरजा यादव को 42958 रु मदन यादव को 34131 रु एवं राजेश्वर सिंह को 29116 रु फाइन किया गया। साथ ही पांचों पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पांच लोगों पर विद्युत चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, विद्युत अवर प्रमंडल अजीत कुमार, मानव बल अजीत कुमार अन्य कर्मी शामिल रहे।

# अमझर गांव के तालाब को जीर्णोद्धार की है जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ-डिंडीर रोड स्थित अमझर गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बरसात के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौध उग आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख

**3.9 एकड़ में फैला है तालाब**



नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तकतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2022 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों ने तालाब के जीर्णोद्धार करने की मांग की है।

# मॉरीशस में नौकरी करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी जमा करें अपना आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला नियोजन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो को मॉरीशस देश के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों से विभिन्न पदों पर रिक्तियों का विवरण प्राप्त हुआ है। जिनसे संबंधित कार्यदायित्व, वेतनमान, आयु सीमा तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् प्रस्तुत है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन अथवा बायोडाटा 21 नवम्बर तक जिला नियोजनालय, औरंगाबाद में कार्यालय समय के भीतर अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि योग्य अभ्यर्थियों की संकलित सूची निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो, पटना को समयोचित रूप से उपलब्ध कराई जा सके।

**रिक्तियों का विवरण**

कैशियर के 85 पद उपलब्ध। आयु सीमा 23 से 40 वर्ष। मासिक सकल वेतन 17685, इन हैंड वेतन। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनिवार्य।

वर्कर के 66 पद, टेक्नीशियन के 4 पद, वेल्डर के 1 पद, ड्राइवर के 5 पद, इलेक्ट्रिशियन के 4 पद तथा कूक के 5 पद उपलब्ध। सभी पदों हेतु आयु सीमा 23 से 40 वर्ष। मासिक वेतन 17000 से 17110 इन हैंड वेतन। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनिवार्य।


टेक्नीशियन के 2 पद उपलब्ध। आयु सीमा 35 से 50 वर्ष। मासिक वेतन 40000। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनिवार्य।

ऑपरेटर के 2 पद उपलब्ध। आयु सीमा 25 से 45 वर्ष। मासिक वेतन 18000।

# मध्य विद्यालय धनगाईं के जर्जर भवन से छात्रों का शिक्षण कार्य प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण प्रखंड के मध्य विद्यालय धनगाईं का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है। बता दें कि विद्यालय में कुल पांच कमरे हैं जिनमें से तीन की स्थिति बहुत खराब है। वहीं खपड़ैल भवन की छत से बारिश के दिनों में पानी टपकता है। विद्यालय के जर्जर भवन रहने से छात्रों की परेशाली बढ़ जाती है। वहीं विद्यालय में संस्कृत व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं है जिससे छात्रों को उक्त विषयों की जानकारी नहीं मिलती है। बता दें कि विद्यालय में पांच से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित हैं परंतु केवल दो कमरों में कक्षाएं संचालित की जा रही है। शिक्षकों ने




बताया कि एक कमरे में कक्षा एक और दो, दूसरे में कक्षा तीन और चार और तीसरे में कक्षा पांच और छह को पढ़ाई होती है नियमित रूप से 410 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन विद्यालय आते हैं परंतु इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को बैठाकर पढ़ाई कराना एक चुनौती है। अधिक छात्रों की उपस्थिति के कारण बच्चे बरामदें में भी शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। कक्षा सात की छात्राएं पिंकी कुमार, स्वीटी कुमारी ने बताया कि में विद्यालय में हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी के शिक्षक नहीं है जिसमें शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बता कि विद्यालय जाने के लिए नहर में कटाव के कारण रास्ता काफी संकीर्ण हो गया है जिससे भी परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक मिथिलेश पासवान ने बताया कि कमरों की कमी की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई है। ओबरा प्रखंड शिखा पदाधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण कराया जाएगा। छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलेगी।

# मनौरा गांव में भगवान बुद्ध की छह फुट ऊंची है प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड से तीन किलोमीटर पूरब मनौरा वाजिदपुर भास्कर के निकट कुशान काल के प्रतिमा के रूप में गंधार शैली की बुद्ध प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि भगवान बुद्ध इसी रास्ते बोधगया से सारनाथ गए थे। मनौरा गांव में भगवान बुद्ध की छह फीट की प्रतिमा है। यहां बुद्ध की पूजा ग्रामीण भगवान हनुमान मानकर करते हैं। बुद्ध की मूर्ति पर घी व सिंदूर का लेप लगाते हैं। मूर्ति कला के लिए स्वर्णकाल, मौर्यकाल से लेकर हर्षवर्द्धन के शासन काल में 648 ईसा पूर्व में इनकी मृत्यु हुई है। गांव में बुद्ध की प्रतिमा स्थापित



किए जाने की संभावना बनती है। वैसे इस संबंध में प्रमाणित कुछ नहीं किया जा सका है। मौर्य काल के समय के अंतराल में प्रतिमा की स्थापना की ज्यादा संभावना बनती है। इसे दो तर्कों के आधार पर भी माना जा सकता है कि हर्षवर्द्धन का इस क्षेत्र से जुड़ाव रहा था। एक तथ्य और है कि हर्षवर्द्धन के राजकवी वान भक्त थे। परंतु ऐसे ऐतिहासिक महत्व के धार्मिक स्थल के विकास की योजना न तो प्रशासन के पास है और न ही सरकार के पास। जनप्रतिनिधियों को इससे कोई मतलब नहीं है। अंग्रेजी हुकुमत में यह बड़ा परगना था, जहां की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत दुरुस्त हुआ करती थी, लेकिन इसके विकास की चिता भी किसी को नहीं है। हालांकि वर्षों तक स्थानीय लोग उक्त प्रतिमा की किसी हिंदू देवता की प्रतिमा समझ कर पूजा-पाठ करते रहे। फिर काफी दिनों बाद इनकी पहचान गांधार शैली में बनी बुद्ध प्रतिमा के रूप में की गई। वैसे अभी भी इस प्रतिमा के बारे में विशेष अध्ययन नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीण इस स्थल को प्रस्तावित बुद्ध पर्यटन सर्किट से जोड़ने की मांग काफी अरसे से करते आ रहे हैं लेकिन अभी तक इस दिशा में किसी भी स्तर पर पहल नहीं की गई है। बता दें कि मनौरा में बुद्ध की प्रतिमा देखने के लिए विदेश से भी पर्यटक पहुंचते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दराज इला के के साथ-साथ दूसरे प्रदेश व जिले के लोग भी शामिल होते हैं।

# उत्कर्ष स्मॉल बैंक फाइनेंस ने किया रोजगार कैम्प का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बेरोजगार युवकों के लिए उत्कर्ष स्मॉल बैंक फाइनेंस के सौजन्य से संयुक्त श्रम भवन जिला नियोजनालय, जहानाबाद में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में कम्पनीं के द्वारा अभ्यर्थियों के लिए कुल 50 रिक्तियाँ अधिसूचित की गई थी। इस नियोजन कैम्प में कुल 54 आवेदकों




ने अपनी सहभागिता दर्ज की। जिसमें से कुल 17 आवेदकों को स्थल पर औपबंधिक चयनित किया गया। कैम्प में कंपनी के प्रतिनिधि के साथ साथ जिला नियोजनालय, जहानाबाद के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस जॉब कैम्प के उपरांत आगे भी नियोजन कार्यालय द्वारा जॉब कैम्प का आयोजन की जाएगी जिसकी सूचना समाचार पत्र के माध्यम से ससमय प्रकाशित करा दी जायेगी। जॉब कैम्प की सारी प्रक्रिया निःशुल्क है।

# अगहनी धान फसल कटनी का निरीक्षण, 55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज का अनुमान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय (पटना) के सहायक निदेशक अवधेश कुमार राम ने जहानाबाद सदर प्रखंड के मुठेर में 'बिहार राज्य फसल सहायता योजना' के तहत अगहनी धान की फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण मुठेर पंचायत के ग्राम मुठेर स्थित किसान दिनेश सिंह (पिता- शियाशरण सिंह) के खेत (खसरा सं.- 816) में किया गया। सांख्यिकी की 'एसएसएस' पद्धति के तहत 10x5 मीटर के क्षेत्रफल में फसल कटनी प्रयोग संपन्न



हुआ। सीसीई ऐप के अंतर्गत किए गए इस प्रयोग में कुल 27 किलो 530 ग्राम हरा दाना प्राप्त हुआ। इस आधार पर प्रति हेक्टेयर 55 क्विंटल उपज का आकलन किया गया है। ज्ञात हो कि इन आंकड़ों के आधार पर ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा नीतियां तैयार की जाती हैं तथा उपज दर बढ़ाने हेतु नई वैज्ञानिक एवं तकनीकी विधियों का सृजन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि धान एक बीमित फसल है। 'बिहार राज्य फसल सहायता योजना' के अंतर्गत विमित फसलों की क्षति होने पर किसानों को उचित मुआवजा देने का प्रावधान है। उक्त फसल कटनी प्रयोग किसान सलाहकार राजेश कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी नवीन कुमार, आफाक अंसारी व विनोद कुमार तथा प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी रवि कुमार व विपुल कुमार मिश्र सहित अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# कुटुंबा प्रखंड के सरकारी अस्पतालों में चार चिकित्सक पदस्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा रेफरल अस्पताल और इसके अधीन आने वाले सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों का अभाव है। बता दें कि कुटुंबा प्रखंड में चिकित्सकों के 30 स्वीकृत पद हैं परंतु 26 पद खाली है। मात्र चार चिकित्सकों के भरोसे पूरे प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था चल रही है। यह स्थिति समझाने के लिए पर्याप्त है कि विभागीय कार्य किस परेशानी से संचालित हो रहे होंगे। कुटुंबा रेफरल अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के 14 पद स्वीकृत पदों में चिकित्सकों के 14 स्वीकृत पदों में सिर्फ दो चिकित्सक ही पदस्थापित है। एपीएचसी महाराजगंज, सिमरा, बगाही, तुरता, पिपरा, रिसियप और देउरा समेत



कई अस्पतालों में दो-दो पद स्वीकृत हैं परंतु सभी रिक्त पड़े हैं। अंबा एपीएचसी में दो पदों में एक खाली है जबकि कझपा में भी दो पदों में एक खाली है। इस प्रकार एक चिकित्सक अंबा में और एक कझपा में कार्यरत हैं। रेफरल अस्पताल में 24 घंटे सेवा देनी होती है परंतु चिकित्सक इतने कम है कि रोस्टर बनाना भी संभव नहीं है। चिकित्सकों के अभाव में यहां स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। यहां तक की कई चिकित्सक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं तो कई उच्च शिक्षा हेतु विरमित हैं जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है। इसके साथ ही जल्द ही सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की पदस्थापना की मांग की है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सके। इधर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवल किशोर सिंह ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों में बेहतर सेवा देने की कोशिश की जा रही है अगर चिकित्सकों का पदस्थापन हो जाता है तो मरीजों के इलाज में काफी सहुलियत होगी।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बलिया थाना क्षेत्र के नगरगामा दियारा वार्ड संख्या-9 में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई भिड़ंत अचानक हिंसक हो गई। पहले लाठी-डंडे चले, फिर दोनों ओर से गोलियां चलने लगीं। फायरिंग की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई और लोग घरों में छिपने लगे। ग्रामीणों के अनुसार बिनो सिंह और रामानंद सिंह के बीच 9 कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बुधवार को बिनो सिंह द्वारा परशुराम सिंह के माध्यम से जमीन जुताई कराई जा रही थी। इसी दौरान रामानंद सिंह पहुंचे और इसका विरोध किया। बात बढ़ी और मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में दोनों तरफ से गोलियां चलने की खबर फैल गई। घटना की सूचना पर बलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसी बीच विवाद ने नया मोड़ ले लिया जब सेठों सिंह की पत्नी गर्भवती महिला रेणु देवी ने पुलिस पर ही मारपीट करने का आरोप लगा दिया। उनका कहना है कि पुलिस पहुंचते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ही अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गई। इलाज के बाद अहले सुबह घर छोड़ गई। वहीं दूसरी ओर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने महिला द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। पुलिस ने बताया महिला को मानवीय आधार पर अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि नगरगामा और शादीपुर दियारा में फायरिंग की सूचना मिलने पर टीम पहुंची। पुलिस पहुँचते ही रमाकांत सिंह भागने लगा। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि जमीन विवाद को लेकर फायरिंग हुई थी। रमाकांत सिंह के घर की तलाशी में एक देसी कट्टा और गोलियां बरामद की गईं। परशुराम सिंह के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक आवेदन नहीं आया है। वहीं मारपीट के सवाल पर डीएसपी ने साफ कहा किसी के साथ मारपीट नहीं की गई। रमाकांत सिंह हार्ट और डायबिटीज के मरीज हैं। छापेमारी के दौरान बेहोश हो गए थे। गर्भवती महिला को वाटर फ्लो हो रहा था। मानवीय आधार पर पुलिस ने अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। डीएसपी ने कहा कि पीड़िता का आरोप पूरी तरह गलत है और दोनों पक्षों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों ओर से दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर कानूनी कार्रवाई जारी है और पुलिस फायरिंग में शामिल लोगों की पहचान कर आगे की कड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

# पुरूष नसबंदी पखवारा को लेकर पीएससी में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी पंचायत में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं की बैठक पीएचसी नावकोठी में गुरूवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण हेतु स्थायी साधन पुरूष नसबंदी पखबारा का आयोजन 21 नवंबर से होना है। इसके लिए प्रत्येक आशा अपने अपने पोषक क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला कर इसमें अधिकाधिक पुरूषों को भेजने के लिए निर्देश दिया। जननी बाल सुरक्षा अभियान के तहत संस्थागत प्रसव में वृद्धि के लिए गर्भवतियों को पीएचसी लाने का निर्देश दिया। जिन महिलाओं की शादी 21 वर्ष के बाद हुई है वैसे नव दंपतियों को परिवार में बच्चों की संख्या सीमित रखने हेतु सौन्दर्य किट वितरण करने हेतु आशा को उपलब्ध कराया गया। एचबीएनसी, एचबीवायसी कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत महिलाओं के बंध्याकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, पीरामल फाउंडेशन गांधी फेलो नव्या, इंदुजय लाहौर, फेसिलेटर संगीता कुमारी, अंजू कुमारी, कंचन कुमारी, लक्ष्मी देवी, आशा खुश्बू, किरण, पूनम, मुन्नी, रोबिदा, बुलंती, डेजी, रेणु, सीता, वसंती, मुनचुन आदि ने हिस्सा लिया।

# डीआईजी ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** बेगूसराय खगड़िया रेंज के पुलिस उप-महानिरीक्षक आशीष भारती ने गुरुवार को पुलिस निरीक्षक, तेघड़ा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने, कांडों के त्वरित निष्पादन, वांछित एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीआईजी ने संचिकाओं को अद्यतन रखने, पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू कराने तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि तेघड़ा अंचल में मामलों के अनुसंधान का स्तर संतोषजनक नहीं है। इस पर डीआईजी ने नाराजगी जताते हुए पुलिस निरीक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की है।

# प्रसिद्ध प्राचीन स्थलों को चिह्नित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में भागलपुर जिले के प्राचीन पुरातात्विक, प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर उन्हें पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर कला संस्कृति विभाग के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्री अंकित रंजन ने बताया कि मखदूम शाह का मकबरा, बटेश्वर धाम, तीन पहाड़ी जैसे पुराने धार्मिक स्थल भागलपुर में हैं जिन्हें पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। बैठक में बताया गया कि इसके अतिरिक्त नवगछिया का शंकर स्थान, नारायणपुर का 250 साल पुराना कुआं को भी पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित तीनों अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला कला संस्कृति पदाधिकारी को ऐसे पुरातात्विक, प्रसिद्ध एवं धार्मिक स्थलों को चिन्हित करते हुए उन्हें पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने को निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में नगर निगम के पदाधिकारी को रात्रि में शहर का भ्रमण कर यह देख लेने का निर्देश दिए गए कि जहां-जहां डस्टबिन की आवश्यकता है वहां डस्टबिन रखवाया जाए तथा जहां भी को करे कचरे की सफाई की जरूरत है, वहां रात्रि में ही कचरा उठाओ कराया जाए।

# हरिमोहन झा का संपूर्ण साहित्य यथार्थ का जीवंत दस्तावेज : प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** मिल्लत महाविद्यालय, के आई.क्यू .ए.सी. के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वेब व्याख्यानमाला जो कि 18 नवंबर से 3 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है के दूसरे दिन 19 नवंबर को मैथिली विभाग मिल्लत महाविद्यालय के द्वारा हरिमोहन झा के रचना संसार के विविध आयामों पर देश-विदेश के नामचीन विद्वानों ने अपनी प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि हरिमोहन झा का संपूर्ण साहित्य सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक यथार्थ का एक जीवंत दस्तावेज है। इस कार्यक्रम से जुड़ रहे सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत व्याख्यान महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेश चंद्र मिश्रा ने की। प्रस्तुति की श्रृंखला में पोलैंड विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. कुन्दनाथ ने हरिमोहन झा के रचना संसार में वर्तमान दार्शनिक पक्षों का विस्तृत विश्लेषण किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हरिमोहन झा को किसी भी भाषा, समाज या भौगोलिक दायरे में सीमित नहीं किया जा सकता। तत्पश्चात एल. बी. एस. एम. महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार झा ने कहा कि हरिमोहन झा हास्य व्यंग्य के सम्राट माने जाते हैं तथा उनका साहित्य न केवल सामाजिक चेतना का संवाहक है अपितु निर्माता भी है। बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका कुमारी संध्या ने कहा कि हरिमोहन झा ने भारतीय वाङ्मय के विभिन्न पक्षों को जनसुलभ भाषा में हमारे समक्ष उपस्थित किया है।

# मिथिला विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह की रूपरेखा को दिया गया अंतिम रूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के 11वें दीक्षांत समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। आज कुलपति के निर्देश में पदाधिकारियों एवं आयोजक सदस्यों ने समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप प्रदान किया। डॉ नागेन्द्र झा स्टेडियम में कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ इंसान अली आदि के साथ दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार, एसएसपी जे रेड्डी तथा एसडीओ विकास कुमार आदि ने समारोह आयोजन पर विस्तार से विचार- विमर्श किया। कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा, संकायाध्यक्ष, सीनेट, सिंडिकेट तथा विद्वत परिषद् तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के द्वारा विद्वत शोभायात्रा तथा मंच संचालन का अंतिम रूप से पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्य' के निर्देशन में विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने मुख्य मंच पर राष्ट्रगान, विश्वविद्यालय कुलगीत तथा कन्वोकेशन बैण्ड का भी अभ्यास किया। डीएसडब्ल्यू प्रो अशोक कुमार मेहता ने बताया कि प्रत्येक विभाग से संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतिनियुक्ति एक-एक शिक्षक/शिक्षिका को अपने-अपने विभाग के छात्र-छात्राओं को अनुशासित रूप से मुख्य समारोह में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अधिकृत किया गया है। समारोह के लिए पांच प्रवेश द्वारों पर तथा मुख्य पंडाल में एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों की भी अपने पदाधिकारियों के साथ प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्हें समारोह के व्यवस्थित संचालन हेतु पदाधिकारियों द्वारा विगत तीन दिनों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा ने बताया कि डॉ नागेन्द्र झा स्टेडियम के गेट नंबर 01 से विशिष्ट एवं अति विशिष्ट जनों का प्रवेश होगा, जबकि गेट नंबर 02 से सीनेट, सिंडिकेट तथा विद्वत परिषद् के सदस्य प्रवेश करेंगे। वहीं गेट नंबर 03 से केवल छात्राएं और गेट नंबर 04 से केवल छात्र प्रवेश करेंगे। इमरजेंसी गेट नंबर 05 बंद रहेंगे। वहीं गेट नंबर 06 से स्थानीय अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, पदाधिकारी तथा एसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।

# खान सर और नील नितिन मुकेश ने किया स्टार्ज ऑफ इंडिया अवार्ड्स का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश और खान सर ने गुरुवार को 'स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खान सर के हाथों ईस्ट इंडिया चैप्टर मैगज़ीन 2025 के तीसरे संस्करण का विमोचन हुआ। बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश ने इस अवसर पर कहा, 'पटना आकर मुझे बहुत अच्छा लगा, यहां के लोग मिलनसार हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को अपने हाथों से सम्मान देकर गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पटना की संस्कृति और इतिहास बहुत ही समृद्ध है, और यहां के लोगों का स्वागत करने का तरीका अद्वितीय है।' खान सर ने कहा, 'आज पटना में स्टार्ज ऑफ इंडिया मैगज़ीन का विमोचन करने का अवसर मिला, जिसके संपादक अमृता राय वर्मा और श्रीधर वर्मा हैं। मैं सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। स्टार्ज ऑफ इंडिया अवॉर्ड्स पूर्वी भारत की प्रतिभा, प्रेरणा और गौरव का एक भव्य मंच बनकर उभर रहा है।' इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, अमृता राय वर्मा ने कहा कि खान सर और नील नितिन मुकेश जी का आभार है कि दोनों हम सभी के बीच आये और इस आयोजन का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूर्वी भारत की प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।' इस कार्यक्रम के दौरान कई प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, जिनमें आर जे अंजलि, आर जे शशि, सैयद साहेब अली (मटरगश्ती), जे पी यादव, आर्यन बाबू, संजय भूषण पटियाला, अंशुमन सिन्हा सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल थे। इस कार्यक्रम का आयोजन वीकॉन्टेक्ट स्टार्स के द्वारा किया गया था, जिसका नेतृत्व चीफ एडिटर श्रीमती अमृताा रॉय वर्मा और चीफ विजनरी ऑफिसर श्रीधर वर्मा ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभाओं में एक, बिहार के भोजपुरी गायक आर्यन बाबू ने कहा, 'यह आयोजन पटना के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमे महत्वपूर्ण प्रतिभाओं को अवसर मिलता है, उन्हें सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा हमें गर्व है कि इस आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिला हैं।' इस अवसर पर उपस्थित आयोजक श्रीधर वर्मा ने आयोजन में भाग लेने आये सभी लोगो का स्वागत किया और कहा कि यहां उपस्थित लोगों की ऊर्ज़ा और उत्साह बहुत ही प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि स्टार्ज ऑफ इंडिया अवार्ड्स का आयोजन पूर्वी भारत की प्रतिभा को पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# मदन सहनी को पुनः मंत्री बनाए जाने पर बहादुरपुर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार चुनाव जीतने वाले विधायक मदन सहनी को बिहार सरकार में पुनः मंत्री पद की शपथ ग्रहण किए जाने पर गुरुवार को कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने बताया कि जनता के प्रति कर्तव्य बोध के कारण ही उन्हें लगातार राजनीति में ऊंचाई प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि मदन साहनी सामान्य कार्य करता की दुख सुख में सहभागी होते रहे हैं। उनके मंत्री बनने से सिर्फ बहादुर पर ही नहीं पूरे दरभंगा का विकास होगा। इस अवसर पर पूरे विधानसभा के कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए इसे दरभंगा तथा मिथिला के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होने कहा कि मदन सहनी जी का लगातार मंत्री बनना उनके कुशल नेतृत्व, जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

**दो आशा को मिला नियुक्ति पत्र :**

**नावकोठी।** पहसारा पश्चिमी पंचायत के नवचयनित दो आशा कार्यकर्ताओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र पाने वाली आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 12 से चंदा रानी तथा आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 89 से स्नेहा कुमारी है।

**विद्यालयों से गायब बच्चों का होगा सर्वे :**

भगवानपुर। विद्यालय से गायब बच्चों का गृहवार सर्वेक्षण गुरुवार से प्रारम्भ होगा। इसको लेकर 6 से 14 व 15 से 19 साल वाले बच्चे चिन्हित होंगे। इसको लेकर स्कूलों में हेल्प डेस्क बनाया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में 10वीं बार...

सीएम बने हैं। विजय सिन्हा के शपथ लेने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय और दिलीप जायसवाल को एक साथ मंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लेशी सिंह, मदन सहनी, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संतोष सुमन और सुनील कुमार को एक साथ मंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने जमा खान, संजय सिंह टाइगर, नारायण प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद और रमा निषाद को मंत्री पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने श्रेयसी सिंह, लखेंद्र रोशन, दीपक प्रकाश, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार को मंत्री मद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार चौधरी बिजेन्द्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय, डॉ. दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, नितिन नवीन, राम कृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, जमां खान, संजय सिंह 'टाइगर', अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, सुमित निषाद, लखेंद्र कुमार रोशन, शैलेश कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह और दीपक प्रकाश शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से कई बड़े नेता पटना पहुंचे और अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी मौजूद थे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कई केंद्रीय नेताओं जैसे गिरिराज सिंह, शिवराज सिंह चौहान, चिराग पासवान, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, रविशंकर प्रसाद, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा भी इस समारोह में शामिल हुए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उनके बेटे और आईटी मंत्री नारा लोकेश, चिराग पासवान की मां रीना पासवान भी पटना पहुंचीं और समारोह की गरिमा बढ़ाई।

### पीएम मोदी ने पांच ...

उनका उत्साहवर्धन किया और फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। बदले में गांधी मैदान में मौजूद लोगों ने भी अपना अपना गमछा लहराकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। शपथ समारोह में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली रवाना हो गये। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचकर उन्हें विदाई दी। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने भी शपथग्रहण समारोह में शरीक होने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार जताया तथा धन्यवाद दिया। पटना के गांधी मैदान में पवन सिंह और मनोज तिवारी ने शानदार माहौल बना दिया। दोनों बीजेपी नेता मंच पर परफॉर्म कर रहे थे। पवन सिंह ने अपने गानों के जरिए बिहार विधानसभा चुनाव में मोदी-नीतीश की जोड़ी की बड़ी जीत का जश्न मनाया और खूब धमाल मचाया।

### नीतीश कैबिनेट में...

यादव ने कहा कि राजग के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार एक बार फिर सुशासन और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रहा है। मैं उन्हें बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि उनके नेतृत्व में बिहार नई ऊंचाइयों को छुएगा। बाबा महाकाल उन पर कृपा करें। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पटना और पूरे बिहार में बहुत खुशी का माहौल है। नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले रहे हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने श्री कुमार को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और बिहार के लोगों को प्रचंड जनादेश देने के लिए धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि राजग सरकार अपने घोषणा पत्र में युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने की बात कही है। महिलाएं भाजपा की शासन प्रणाली के केंद्र में हैं। हमारी सभी योजनाएं महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो विकसित भारत का निर्माण होगा। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह 'विकसित बिहार' के सपने को पूरा करने की चुनौती है। सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार कानून के राज में परिवर्तित हो। मैं पहले भी मंत्री रह चुका हूँ, लेकिन मुझे संगठन की भी सेवा करनी थी। यह चुनाव मैंने प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए लड़ा। अब मैं फिर से मंत्री बना हूं और आगे प्रदेश के नागरिकों की सेवा करूंगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने राज्य की जनता को ऐतिहासिक जनादेश के लिए धन्यवाद दिया और महिलाओं के विशेष योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को धन्यवाद और शुभकामनाएं। मैं दिल से आभार और बधाई व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोगों ने काम किया और महिलाओं ने मतदान किया वह बिहार लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### एसटीएफ और अपराधियों...

बाढ़ थाना की पुलिस को अलर्ट किया गया है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बरहपुर गांव का रहने वाला कुख्यात अपराधी नीरज कुमार गंगा नदी के मेकरा दियारा में साथियों के साथ है। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इनपुट के आधार पर एसटीएफ की टीम तेघड़ा थाना क्षेत्र और मोकामा-बाढ़ थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में पहुंची। पुलिस के आने की भनक लगते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में एसटीएफ की टीम ने भी फायरिंग की। इस दौरान एक गोली नीरज के बाएं पैर में लगी। गोली लगने के बाद भी उसने भागने का प्रयास किया लेकिन एसटीएफ ने पकड़ लिया। इस दौरान बैकअप दे रही तेघड़ा थाने की पुलिस ने तीन बदमाशों को हथियार के साथ पकड़ा है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 250/PR/ JBVNL /2025-26 | Repair and maintenance of Control Room Building and and allied civil works at 33/11 KV P/S/S, Bairiya under Electric Supply Circle, Daltonganj | 295100/– | (02) Two Months | 6000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 11/12/2025 upto 03:00 PM | 11/12/2025 at 03:30 PM |

**Terms & conditions:-** The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.
1. The tenderer must be accompanied with earnest money with tender part-I (Technical & commercial) in shape of Bank draft payable in favour of Accounts officer, Electric Supply Circle, Daltonganj otherwise it will be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR.NO.366610 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 13/2025-26

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 22.11.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 22.11.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.11.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 01.12.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे ) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | हरिहरगंज | खड़गपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, खड़गपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-13/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | पीपरा | पीपरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पीपरा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-13/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | तरहसी | गुरहा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, गुरहा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-13/ 2025-26/ Gr-03 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 366530 District(25-26)#D

# संपत्ति विवाद में भतीजे ने चाचा को गोली मारकर की हत्या

## जमीन के पैसे को लेकर हुआ था विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के लालाभदसारा गांव में गुरुवार को संपत्ति विवाद के कारण भतीजे ने अपने सगे चाचा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लाला भदसारा गांव निवासी गोरख सिंह का पुत्र राज प्रियदर्शन मोहन अपने चाचा अनिल सिंह से जमीन के पैसे को लेकर विवाद हुआ था। बताया जाता है कि अनिल सिंह ने दो-तीन दिन पहले कुछ जमीन बेची थी और उसी रुपये को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद के दौरान प्रियदर्शन ने चाचा को तीन गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अनिल सिंह विकलांग था उसका शादी नहीं हुई थी। वह अपने भतीजे राज प्रियदर्शन मोहन के साथ रहता था। हत्या की सूचना मिलते ही दुल्हिनबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या भतीजे प्रियदर्शन मोहन ने की है। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रैक की, जो पालीगंज बाजार में मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई धनंजय कुमार के साथ कई अन्य पुलिस पदाधिकारी ने आरोपी को पालीगंज-बिहटा मोड़ के पास से धर दबोचा। उसकी कमर से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी को पहले पालीगंज थाना लाया गया, फिर कड़ी सुरक्षा के बीच उसे दुल्हिनबाजार थाना भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि संपति विवाद में भतीजे ने चाचा की हत्या की है। आरोपी को पालीगंज से गिरफ्तार कर लिया गया है उसके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# दो कारों से 102 लीटर विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** नगर पंचायत स्थित डीहपाली गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो कारों से 102 लीटर विदेशी शराब 102 बरामद की है। मौके से तीन शराब कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान पटना जिले के दुल्हिनबाजार थाने के पाठक मिल्की गांव निवासी सत्यानंद यादव के पुत्र रोहित राज उर्फ बिट्टू, जगमोहन कुमार के पुत्र दीपक कुमार तथा पालीगंज थाने के डीहपाली गांव निवासी महेश प्रसाद के पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि डीहपाली गांव में नहर पुल के पास दो कार खड़ी हैं और उनमें से विदेशी शराब की खेप उतारी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके की घेराबंदी कर दी गई। पुलिस को देखते ही कारोबारी भागने लगे, लेकिन थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने दौड़कर तीनों को पकड़ लिया। दोनों कारों की तलाशी में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं। पकड़े गए आरोपियों को कार समेत पालीगंज थाना लाया गया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि एक स्विफ्ट डिजायर और एक महिंद्रा एक्सयूभी 500 से रॉयल स्टेज के कई बोतलों में कुल 102 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है। इस संबंध में पालीगंज थाने में मामला दर्ज के बाद गिरफ्तार तीनों तस्करों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नदौल में शाम ढलते ही सज जाती है शराब की मंडी, बेखौफ शराब कारोबारी बेच रहे हैं शराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शराब को लेकर बने सख्त कानून के बावजूद शराब कारोबारी शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह तस्वीर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नदौल की है। जहां नदौल रेलवे ओवरब्रिज पुल के नीचे शाम ढलते ही देसी शराब बेचने वाली की मंडी सज जाती है और पीने और पिलाने का खेल रात भर चलते रहता है। हालांकि इसके बगल में फोरलेन भी गुजरी है और इस फोरलेन से न जाने कितने प्रशासनिक पदाधिकारीयों की गाड़ियां गुजरती होगी और सड़क से शराब बेचते हुए सीधे तौर पर तस्वीर दिखती होगी, बावजूद इन शराब कारोबारी पर कार्रवाई नहीं होना प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह रेलवे ओवरब्रिज के ठीक नीचे बैठकर गैलन में देसी शराब को रखकर शराब बिक्री कर रहे हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी भी कर रही है। जगह-जगह पर शराब भठ्ठियों को भी तोड़ रही है। बावजूद नदौल में शराब कारोबारी शराब बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। दरअसल नदौल मुसहरी जो सड़क के किनारे झोपड़पट्टी में बसी हैं। जहाँ शराब के कारोबार में जुड़े हुए हैं कई बार एक्साईज पुलिस और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई की गई है बावजूद शराब बनाने पीने और पिलाने के धंधे में आज भी वह संलिप्त है और दिन के उजाले से लेकर शाम ढलते ही बेखौफ होकर शराब पीने पिलाने का कार्य किया जाता रहा है।

# बाल विद्या निकेतन स्कूल को मिली सीबीएसई प्लस-टू की मान्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी के मोहीहद्दीपुर स्थित बाल बिद्या निकेतन स्कूल को सीबीएसई से प्लस-टू की मान्यता मिली है। विद्यालय के प्राचार्यों वेद प्रकाश गुड्डू ने बताया कि सीबीएसई द्वारा 19 नवबंर को पत्र जारी कर इसकी सूचना विद्यालय को दी गई। अगले सत्र से प्लस-टू की पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी। अब यहां के छात्रों को प्लस टू की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अब उस क्षेत्र के छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए निजी स्कूलों या बाहर के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। नए शैक्षणिक सत्र से इन सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई शुरू हो जाएगी। यह कदम सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और छात्रों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बताया जाता है की सीबीएसई के मानक के अनुसार स्कूल संचालित करने के लिए कम से कम दो एकड़ जमीन होनी चाहिए। कमरे 40 से 42 कमरे होने चाहिए। जिसमें कक्षा 10 वीं के लिए 12 और कक्षा 12 वीं के लिए छह कमरे होने चाहिए। जमीन का डीड सही होना चाहिए। बाल विद्या निकेतन के प्राचार्य वेद प्रकाश उर्फ गुड्डू ने बताया कि हमारे विद्यालय का संख्या 331307 है हमारे विद्यालय में वर्ष 2026-27 सत्र हेतु वर्ग नवम एवं 11वीं में नामांकन शुरू हो गया है हमारे विद्यालय का स्थापना वर्ष 2016 का रहा है।

# एनटीपीसी कांटी ने गोद लिए हुए मरीजों को पोषण युक्त फूड बास्केट की वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांटी।** सामाजिक नैगमिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी कांटी ने आज प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गोद लिए गए 200 टीबी मरीजों को पोषण युक्त फ़ूड बास्केट प्रदान किए। यह वितरण कार्यक्रम कंाटी में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीबी उपचार में पोषण का अत्यधिक महत्व होने के कारण निक्षय मित्र पहल के माध्यम से एनटीपीसी कंाटी ने 200 मरीजों को छह महीने तक निरंतर पोषण सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है। इस पहल का उद्देश्य टीबी से जूझ रहे मरीजों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराना है, जिससे उपचार के दौरान उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और वे तेजी से स्वस्थ हो सकें। एनटीपीसी कंाटी द्वारा वितरित किए गए प्रत्येक फ़ूड बास्केट में दाल, चावल, आटा, मिल्क पाउडर, तेल सहित आवश्यक पोषक तत्व शामिल हैं, जो मरीजों की दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होंगे। यह पहल जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सार्थक योगदान है। कार्यक्रम के अवसर पर श्री देबेश कुमार पाढ़ी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने कहा, एनटीपीसी कंाटी समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति सदैव संवेदनशील रहा है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सहभागी होना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा उद्देश्य है कि पोषण सहायता के माध्यम से टीबी प्रभावित मरीजों को जल्द स्वस्थ होने में मदद मिले। इस अवसर पर श्री उमेश कुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) तथा महेश कुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने भी टीबी उन्मूलन के प्रति एनटीपीसी कंाटी की प्रतिबद्धता दोहराई और आशा व्यक्त की कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से मुज़फ्फरपुर जिला शीघ्र ही टीबी मुक्त श्रेणी में शामिल होगा। कार्यक्रम में डॉ. सी.के. दास, मुख्य विकास अधिकारी (मुज़फ्फरपुर) ने भी उपस्थित रहकर इस पहल की सराहना की और कहा कि सरकारी प्रयासों के साथ-साथ उद्योगों और संस्थाओं का सहयोग टीबी उन्मूलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, संजीत कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित गट्ठ्ए कंाटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एनटीपीसी कंाटी द्वारा संचालित यह पहल न केवल स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि कॉर्पोरेट समाज साझेदारी के उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है। आने वाले छह महीनों में नियमित रूप से 200 टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर एनटीपीसी कंाटी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूत समर्थन देगा।



## ई-रिक्शा पलटा, कई घायल

**मसौढ़ी।** मसौढी मेन रोड में गुरुवार की दोपहर में यात्रियों से भरा एक ई रिक्शा पलट गया, जिस पर सवार कई यात्री चोटिल हो गये है। सडक पर पलटी खाये ई रिक्शा को स्थानीय लोगों की मदद से उसे उठाया गया है। दरअसल बताया जाता है की मसौढ़ी मेंन रोड में इन दिनों आरोबी का निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे के रूप में किए गए हैं। हालांकि बिहार राज्य पुल निगम के द्वारा सभी वाहन चालकों को आवाजाही पर प्रतिबंध लगाते हुए चेतावनी भी दी है, बावजूद इसी रास्ते से कई वाहन गुजर रहे हैं।

## शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रेल पुलिस दिखी अलर्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को गांधी मैदान पटना में मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पटना समेत मसौढ़ी में भी कई जगहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। खासकर पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जीआरपी एवं आरपीआफ की पुलिस कड़ी मुस्तैदी के साथ देखी गई। हर ट्रेन और यात्रियों के बीच सघन तलाशी अभियान किया गया, तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि गांधी मैदान पटना में 16 राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री समेत कई दिग्गज राजनीतिक हस्ती पटना पहुंचे हुए हैं जिसको लेकर पुलिस की सुरक्षा को अलर्ट मोड पर रखा गया है और खासकर रेलवे स्टेशन एवं ट्रेन के अंदर सघन चेकिंग अभियान एवं सुरक्षा को लेकर तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

# सड़क किनारे जलाई जा रहीं एक्सपायरी दवाएं

## दवा माफिया के लिए सेफ जोन बना मसौढ़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए भले ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़े कानून बनाए गए हैं। लेकिन इसका सही ढंग से अनुपालन नहीं हो रहा है। मसौढ़ी में इन दिनों दवा माफिया का सेफ जोन बन गया है, जो सड़कों के किनारे एक्सपायरी दवाओं को न केवल फेंक रहे हैं बल्कि उसे जला दे रहे हैं। इसके कारण न केवल आसपास के इलाकों के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, बल्कि वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। वहीं घास चरने वाले पशु के लिए भी यह नुकसानदेह है. नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि मेडिकल वेस्ट निस्तारण के लिए आईजीआईएमएस में प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मलमाचक गांव के समीप सड़क के किनारे दवा माफिया एक्सपायरी दवा को फेंक रहे हैं। सभी दवा कारोबारी और अस्पतालों को सख्त निर्देश दिया गया है कि मेडिकल वेस्ट और एक्सपायरी दवाओं को इधर-उधर न फेंफ़े के और ना ही उसे जलाएं। आईजीआईएमएस में मेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था की गई है. ससमय में प्रबंध करने का निर्देश भी है।



# नीतीश के सीएम पद पर शपथ लेने पर निकला विजय जुलूस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** नीतीश कुमार के 10वीं बार बिहार के सीएम पद पर शपथ ग्रहण लेने उनके सम्मन में सरथुआ के मां काली स्थान से मिल्की व लाइब्रेरी होते शहीद विजय स्मारक सड़क तक विजयी जुलूस निकला। जुलूस में बड़ी संख्या में युवा और गांव के बच्चे शामिल रहे। सभी ने नीतीश कुमार जिन्दावाद के नारे लगाए और उनके नेतृत्व में बनी नई एनडीए गठबंधन की सरकार को शुभकामनाएं और बधाई दी। युवाओं ने आशा व्यक्त किया की जनाकांक्षाओं को नई हुकूमत पूरा करेगी। साथ ही बिहार और नई ऊंचाई, नई विकास की इबारत लिखेगा। बिहार से पलायन रुकेगा और युवाओं को इसी धरती पर रोजी,रोजगार और नौकरी के अवसर मिलेंगे। मौके पर सुमित कुमार, राहुल, गणतंत्र कुमार, रवि, अंकित पटेल, छोटू व 100 से अधिक युवा, बच्चे और ग्रामीण शामिल थे।

# कई कांडों के वांछित रहे विक्की और सुमन गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ पुलिस ने गुरुवार को चकजोहरा गांव से पूर्व के कंाड के पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त विक्की कुमार पे0 रंजीत प्रसाद सा0-चकजोहरा उसके गांव से गिरफ्तार किया है। वही इसके निशानदेही के आधार पर उसके घर से एक देशी कट्टा एवं दो कारतूस एवं विक्की कुमार के द्वारा चोरी का मोटरसाईकिल जो सुमन कुमार को छुपाने हेतु दिया गया जिसे बरामद किया गया है। इस संबंध में धनरूआ थाना कंाड सं0-662/25 के तहत आर्म्स एक्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार विक्की का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जो गौरीचक थाना के तीन कंाडों में वांछित रहा हैं। जिसमें रंगदारी, फायरिंग कर दहशत मचाने एवं अन्य मामले है।इसके साथ ही धनरूआ थाने मे चार अपराधीक मामले दर्ज है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पूर्व के कंाड के वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है इसके पास से.एक देशी कट्टा, दो कारतुस, एक अपाची मोटरसाईकिल के साथ. विक्की कुमार पे0 रंजीत प्रसाद सा0-चकजोहरा एवं सुमन कुमार पे0 शिवकुमार यादव साव0-महददीपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी को लेकर गठित पदाधिकारी के टीम में थानाध्यक्ष पु.अ0नि0 आलोक कुमार, आलोक कुमार अपर थानाध्यक्ष, अंकित कुमारर, राहुल कुमार, नवीन कुमार राजेश राशन एवं सशरच बल शामिल रहे।

# डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता बिहार गौरव सम्मान से अलंकृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** साहित्य के क्षेत्र में लेखन, प्रकाशन, आयोजन एवं सम्मान के लिए कृत संकल्पित संस्था अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच खगड़िया, बिहार द्वारा विगत 15-16 नवम्बर को दो दिवसीय चतुर्थ महाधिवेशन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता रमेश सिंह, जिला खेल पदाधिकारी घनश्याम सिंह, मंच के अध्यक्ष साधना भगत, कोषाध्यक्ष संगीता चौरसिया, संरक्षक अवधेश्वर प्रसाद सिंह, महासचिव कविता परवाना, सचिव आनंद भूषण श्रीवास्तव, स्वागताध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, संस्थापक संयोजक शिवकुमार सुमन, विशिष्ट अतिथि पटना से आए वरिष्ठ कवि, साहित्यकार पत्रकार डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता , पूर्णिया से आए कवि बाबा बैद्यनाथ झा, साहित्यकार कमल किशोर चौधरी आदि के द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया।




कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल
Email ID- s.s.a.garhwa@gmail.com
jepcgarhwa@rediffmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक ............./JEP, Garhwa    दिनांक ......./......./2025

अति–अल्पकालीन निविदा संबंधी आवश्यक सूचना

निदेशक, जे0सी0ई0आर0टी0, राँची के पत्रांक– 1506 दिनांक– 07.11.2025 के आलोक में झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा जिला के सरकारी एवं गैर–सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), KGBV/JBAV/NSCBAV के कक्षा 1 से 7 तक विद्यार्थियों का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रश्नपत्र/ प्रश्नपत्र–सह–उत्तर पुस्तिका एवं रिपोर्ट कार्ड इत्यादि मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक निविदादाता/फर्म/संस्थान/प्रतिष्ठान निविदा प्रपत्र एवं शर्तों के अधीन दिनांक–22.11.2025 से 01.12.2025 तक गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://garhwa.nic.in से डाउनलोड करते हुए भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक–01.12.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी0 प्रथम तल में स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से हाँथों–हाथ जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी निविदा प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 366614 (School Education and Literacy)25-26*D


# कदाचार मुक्त वातावरण में शुरू हुई तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** तारा शिव शंकर डिग्री कॉलेज, तियारा में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के निर्देशानुसार स्नातक तृतीय सेमेस्टर की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो गई। यह परीक्षा 26 नवंबर 2025 तक विषयवार आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएँ 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित होंगी। कॉलेज प्रशासन की ओर से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हिंदी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान और अंग्रेजी विषयों की परीक्षाएँ आयोजित की गईं। परीक्षा पूरी तरह कदाचार-मुक्त रही। कुल 251 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 4 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने के लिए कक्ष निरीक्षकों और दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। कॉलेज के प्राचार्य धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि परीक्षा कार्य विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार चल रहा है और कॉलेज प्रशासन निष्पक्ष परीक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि वे बिना किसी दबाव के परीक्षा दे सकें। प्राचार्य ने आशा व्यक्त की कि आगामी सभी परीक्षाएँ भी इसी अनुशासित माहौल में सम्पन्न होंगी।




JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Circle, Daltonganj

Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status..

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 251/PR/ JBVNL /2025-26 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied works at 33/11 KV P/S/S, Latehar under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 298300/– | (02) Two Months | 6000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 11/12/2025 upto 03:00 PM | 11/12/2025 at 03:30 PM |
| 2. | 252/PR/ JBVNL /2025-26 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied works at Staff quarter, Redma under Electric Supply Circle, Daltonganj | 296400/– | (02) Two Months | 6000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 11/12/2025 upto 03:00 PM | 11/12/2025 at 03:30 PM |

Terms & conditions:-

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

1.The tenderer must be accompanied with earnest money with tender part-I (Technical & commercial) in shape of Bank draft payable in favour of Accounts officer, Electric Supply Circle, Daltonganj otherwise it will be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 366626 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

# स्वास्थ्य सेवाओं को करें बेहतर : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सभा कक्ष में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक की गई। आशय की जानकारी देते हुए डीपीएम मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गई तथा विभिन्न निर्देश दिए गए। संस्थागत प्रसव में वृद्धि एवं सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भावस्था के अंतिम त्रैमास में मोबाइल पर कॉल कर फॉलो अप करने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन कम होने को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई तथा आवश्यक सुधार हेतु सिविल सर्जन एवं उपधीक्षक को निर्देश दिया गया। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करते हुए प्रसव की संख्या में वृद्धि करने तथा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर सेवाओं का विस्तार किया कराने का निर्देश दिया गया। आमजन को कल्याणकारी राज्य की ओर से स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्तापूर्ण मिले इसलिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय मानकों के आधार पर सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में मातृ-शिशु, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में दवा एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा के साथ-साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, सभी उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला लेखा प्रबंधक मो.अफरोज हैदर, जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी, अनुश्रवण पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला महामारी सलाहकार उपेंद्र कुमार चौबे, आरबीएसके के जिला सलाहकार नीलम रानी, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, डेवलपमेंट पार्टनर विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ मो. नक़ीब, यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर, यूएनडीपी के वीसीसीएम मो. अर्शी खान, पिरामल स्वास्थ्य के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शशांक राज प्रधान एवं अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में धान खरीद का काम शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में 15 नवंबर से धान खरीद का काम शुरू हो गया है। जिले के 80 समितियों को विभाग की ओर से अधिकृत किया गया है। इनमें 72 पैक्स और आठ व्यापार मंडल शामिल है। अब तक 107.200 एमटी टन धान की खरीद की जा चुकी है। हालांकि जिले में अभी धान की कटाई न के बराबर हुई है। जिले में नवंबर माह के पहले सप्ताह में हुई लगातार बारिश के कारण धान की कटनी में विलंब हो रहा है। कुछ जगहों पर कटाई शुरू हो गई है। वर्तमान में फसल पककर तैयार है। एक सप्ताह के अंदर कटनी में और तेजी आएगी। इसके बाद धान अधिप्राप्ति में भी तेजी आएगी। फिलहाल धान अधिप्राप्ति के लिए विभाग की ओर से लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार लगभग ढाई लाख एमटी धान खरीद का लक्ष्य आगामी टास्क फोर्स की बैठक में तय किया जा सकता है। जिले में कुल 204 पैक्स और 11 व्यापार मंडल है जिनके माध्यम से धान अधिप्राप्ति का कार्य कराया जाता है। फिलहाल 80 समितियों को ही इस कार्य में लगाया गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित समितियों को 8 करोड़ 40 लख रुपए का कैश क्रेडिट उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक समिति को लगभग 10.5 लख रुपए आवंटित किए गए हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि दिसंबर माह से धान अधिप्राप्ति में तेजी आएगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 नवंबर से 28 फरवरी तक धान अधिप्राप्ति का कार्य किया जाता है। सामान्य धान के लिए इस वर्ष 2369 रुपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य निर्धारण किया गया है। सरकारी स्तर पर धान बिक्री के लिए जिले के 7197 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें से 6598 किसानों ने पैक्स में तथा 599 किसानों ने व्यापार मंडल में धान बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। कृषि विभाग के आकलन के अनुसार इस वर्ष जिले में कुल 11लाख 60 हजार एमटी धान का उत्पादन होने का अनुमान है। किसानों का मानना है कि इस हिसाब से धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य भी बढ़ाया जाना चाहिए। पिछले वर्ष विभाग द्वारा 3.12 लाख एमटी धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया था। लगभग 190 समितियां को इस कार्य में लगाया गया था इसके बावजूद भी लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका। पिछले वर्ष 2.35 लाख एमटी धान की खरीद हो सकी थी। जिले के कुटुंबा प्रखंड के बुमरु गांव निवासी किसान संजय कुमार सिंह, सुही के सुदर्शन पांडेय, चिरैयाटांड़ गांव के राजकुमार सिंह समेत अन्य किसानों ने बताया कि पैक्स में धान बेचने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण किसान बिचौलियों के हाथों धान बेच देते हैं। छोटे व्यापारी खलिहान से ही धान उठा लेते हैं जबकि पैक्स में बेचने के लिए किसानों को बोरा में भरकर धान क्रय केंद्र तक पहुंचाना पड़ता है। इसके अलावा पैक्स में सरकार द्वारा निर्धारित रेट पर अधिप्राप्ति नहीं होती है। परेशानियों से बचने के लिए किसान खेत से ही धान बेचना मुनासिब समझते हैं। धान की कटनी शुरू होने से पहले ही बिचौलिया बाजार पर हावी होने लगे हैं। फिलहाल बाजार में 1900 रुपए प्रति क्विंटल मंसूरी तथा 2200 प्रति क्विंटल सोनम धान का रेट खुल चुका है। कई किसानों ने पहले ही व्यापारियों से एडवांस के तौर पर रुपए ले लिया है।

# अलग-अलग मामलों में दो किशोरों को मिली सामुदायिक सेवा की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने कुटुंबा थाना में दर्ज एक मामले में सजा सुनाई है। इसमें एक मात्र विधि विरूद्ध किशोर को 15 दिन सतबहिनी मंदिर अंबा में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है और मंदिर समिति के प्रबंधक को आदेश दिया है कि सामुदायिक सेवा काल अवधि में विधि विरूद्ध किशोर के नाम, पता, सेवा अवधि उजागर नहीं करें। सेवा अवधि में विधि विरूद्ध किशोर के आचरण व व्यवहार का प्रतिवेदन ससमय किशोर न्याय बोर्ड में समर्पित करें। वहीं किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने पौथू थाना में दर्ज एक मामले में सुनवाई करते हुए एकमात्र विधि विरूद्ध किशोर को सजा सुनाई है। इसमें किशोर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पौथू में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया गया है। साथ ही यह भी आदेश दिया गया है कि विधि विरूद्ध किशोर का नाम पता उजागर नहीं किया जाये। सेवा अवधि में विधि विरूद्ध किशोर के आचरण व व्यवहार से संबधित प्रतिवेदन एक निश्चित समय किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद में प्रस्तुत करें। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि विधि विरूद्ध किशोर पर आरोप था कि जमीनी विवाद में ग्राम कचहरी के सदस्य दुधेश्वर साव एवं वार्ड सदस्य के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया था।

# दो महिलाओं ने फांसी लगाकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो महिलाओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना ओबरा थाना क्षेत्र के ओबरा बाजार स्थित शांतिनगर मोहल्ले की है जहां विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान शंकर गुप्ता की 28 वर्षीय पत्नी मधु कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पति शंकर गुप्ता के साथ सब्जी लाने को लेकर उसका विवाद हुआ था। बुधवार की शाम शंकर सब्जी बनाने के लिए आलू लेकर अपने घर पहुंचा था। उसने अपनी पत्नी मधु को आलू की सब्जी बनाने को बोला लेकिन उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पत्नी ने अपने कमरे में कुंडी लगा दुपट्टा का फंदा बना कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को घटना की जानकारी तब मिली जब गुरुवार की सुबह काफी देर तक वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकली। परिजनों ने कमरे के अंदर झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना के आलोक में दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोलकर शव को फंदे से उतार कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआवां के टिकरी मुहल्ला में पति की प्रताड़न से तंग आकर एक नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान बनारसी कुमार की 20 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतका की बहन सरिता देवी ने मृतका पति के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि काजल की शादी दो वर्ष पहले बनारसी से हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। तब से काजल को पति द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इस दौरान कई बार रिश्तेदारों व ग्रामीणों की मध्यस्थता में समझौता हुआ लेकिन उसके साथ मारपीट किया जाता रहा। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार, पीएसआई सुरेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस बलों ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से जख्मी एक व्यक्ति की इलाज़ के दौरान दिल्ली में मौत हो गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के गुलाब बिगहा निवासी 45 वर्षीय केशर यादव के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक 1 नवंबर को केशर हरियाणा और दिल्ली के सीमा स्थित कुंडली थाना क्षेत्र पिआउ में सड़क पार कर रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय की मदद से इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पिछले 19 दिनों से इलाजरत थे। इसी क्रम में देर रात उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गुलाब बिगहा में मातम पसरा गया। इस घटना के बाद से पत्नी सुगापति देवी, मां देवरानी देवी समेत अन्य परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के भाई इंद्रदेव यादव ने बताया कि केशर दिल्ली के सिंधु बोर्डर के समीप एक निजी कंपनी में काम करते थे। अज्ञात वाहन की टक्कर से जख्मी हो गए थे। देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार की शाम तक शव घर पहुंचेगी। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पटना जिले के दुल्हीन बाजार थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी जीतेन्द्र कुमार, गोलू कुमार, पंसुडीह गांव निवासी सूरज कुमार एवं पालीगंज निवासी उमेश कुमार उर्फ दुखन के रूप में की गई है। दरअसल 5 नवंबर की रात्रि एनएच 139 पथ पर रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा गांव के समीप से बारह चक्का एक ट्रक की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी थी। चोरी गई ट्रक एक सप्ताह पहले झारखंड से बरामद किया गया था। साथ ही गिरीडीह जिले के देवपुर थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर गांव निवासी राजेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी से पुछताछ और उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आज वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों को पटना जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार किया। इस दौरान कौड़ी गांव से जीतेन्द्र कुमार एवं गोलू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं विक्रमगंज से सूरज कुमार एवं उमेश कुमार उर्फ दुखन को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि मामले में ट्रक चालक सड़सा गांव निवासी बसंत कुमार सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस कप्तान अम्बरीष राहुल के निर्देश पर स्पेशल टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई जिसमें चोरी गई ट्रक के साथ गिरोह के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में ट्रक लूटकांड से जुड़े राज खोले जिसके आधार पर आज मामले में गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पकड़े गए इन सभी के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

# अफीम तस्करी मामले में तीन दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज द्वितीय अनिन्दिता सिंह ने मुफस्सिल थाना कांड संख्या 263/22, जीआर 24/22 और एनडीपीएस टीआर 42/25 के मामले में तीन अभियुक्तों को अफीम तस्करी का दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा निर्धारण के लिए 25 नवंबर 2025 की तारीख तय की है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि अभियुक्त राजू कुमार सिंह और सुजीत कुमार यादव 20 जुलाई 2022 से जेल में बंद हैं। हाईकोर्ट ने उनकी जमानत याचिका निरस्त कर दी थी। वहीं, तीसरे अभियुक्त अखिलेश यादव झागदांग, चतरा को पूर्व में जमानत मिली थी, लेकिन फैसले के मद्देनज़र उसे भी आज रिमांड पर ले लिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 7 गवाहों ने बयान दिया, जिन सभी ने आरोपों का समर्थन किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही के अनुसार, इस मामले में प्राथमिकी सूचक पुलिस सब इंस्पेक्टर सरोज कुमार सिंह थे। उनके मुताबिक थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से सासाराम जाने वाली बस में भारी मात्रा में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए एनएच-2 के मंजुराही मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया, जहां बस से तीनों अभियुक्तों को 6.5 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। स्पेशल पीपी ने बताया कि वर्ष 2025 में इस फैसले के पहले भी एनडीपीएस से जुड़े 15 मामलों में अभियोजन पक्ष ने अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। अदालत अब 25 नवंबर को तीनों दोषियों की सजा पर फैसला सुनाएगी।

# अब और तेजी से विकास करेगा बिहार : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के राज्यपाल महामहिम आरिफ मोहम्मद खान की उपस्थिति में 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और सभी मंत्री परिषद के सदस्यों को शपथ लेने पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने हर्ष जताया है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह डबल इंजन के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकास करेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर जनता ने पूर्ण विश्वास जताया है। यह भी स्पष्ट संदेश दिया है कि झूठे वादे, भय दिखाकर और तुष्टिकरण की राजनीति से जनता ठगी नहीं जायेगी। बिहार के मतदाताओं द्वारा दिया गया यह पूर्व जनादेश देश की राजनीति को नयी दिशा देगा। बिहार के सभी मतदाताओं का स्नेह, आशीर्वाद, समर्थन और एनडीए के कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है कि एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिली है। वरीय भाजपा नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, आदित्य शेखर, व्यापार मंडल पीयूष रंजन सिंह उर्फ रिशु सिंह, देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, युवा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, अमरीश सिंह, भाजपा नेता मुनींद्र राम, प्रफुल्ल सिंह, भरत सिंह, जिला प्रवक्ता भाजपा नेता विनय सिंह एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खेत से 520 लीटर स्पिरिट जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप फ़ेसर पुलिस द्वारा भारी मात्रा में स्पिरिट जब्त किया गया है। जबकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के देवरिया बिगहा के समीप स्पिरिट की बड़ी खेप पहुंचने वाली है जिसके आलोक में छापेमारी की गई। इस क्रम में उस जगह खेत से 520 लीटर स्पिरिट बरामद किया गया है। जबकि कारोबारी मौके से फरार हो गए। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# बेटियों को लेकर सोच बदलने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन औरंगाबाद द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बारून में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विश्व बाल दिवस के अवसर पर आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज एवं परिवार में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उनकी शिक्षा, सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बेटियों के प्रति समाज और परिवार की मानसिकता में बदलाव लाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि बेटी पढ़ेगी तभी परिवार, समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। यह देश के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है। बाल एवं महिला विकास निगम के डीपीएम विनय प्रताप सिंह तथा डीएचईडब्लू के मिथलेश कुमार ने उपस्थित छात्राओं को उनके विकास, पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि समाज में अभी भी कुछ लोग बेटियों के प्रति भेदभावपूर्ण सोच रखते हैं, किंतु सरकारी योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों से यह स्थिति तेजी से बदल रही है। सरकार द्वारा बेटियों को सशक्त बनाने हेतु अनेक पहलें की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप पंचायती राज से लेकर पुलिस सेवा तक में बेटियों की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हुई है। जेंडर स्पेशलिस्ट चंदन ने महिला सुरक्षा हेतु 181 हेल्पलाइन के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के बीच 100 मीटर दौड़, कबड्डी एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा प्रत्येक को ज्योमेट्री बॉक्स प्रदान किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया।

# नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के पूर्वी केताकि पंचायत अंतर्गत वंडा गांव में एक व्यक्ति की मौत नदी में डूबने से हो गई। गुरुवार को घटना की सूचना पर देव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार वंडा गांव निवासी मृतक सुखलाल भुइंया (70 वर्ष) दो दिन पहले से घर से लापता थे। परिजन काफी खोजबीन कर रहे थे। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के बगल स्थित केसहर नदी में शव को देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। वैसे ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से निकाला गया और फिर शव की पहचान होने के बाद देव थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना के उपरांत देव थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि वंडा गांव निवासी सुखलाल भुइंया का शव केसहर नदी से बरामद हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# विभिन्न मामलों में 26 लोग गिरफ्तार, देसी कट्टा जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 15 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1024 वाहनों की जांच की गई जिसमें 5000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# रामनंदन पांडेय कॉलेज ऑफ फार्मेसी में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कुटुम्बा प्रखंड के एरका कॉलोनी स्थित आरएनपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में दशरथ प्रसाद रामनंदन पांडेय कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नेशनल फार्मेसी वीक के तहत आज कबड्डी, लॉन्ग जंप तथा रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लॉन्ग जंप में अंजना एएनएम प्रथम वर्ष प्रथम, सुमी कुमारी एएनएम फर्स्ट ईयर द्वितीय तथा सीमा कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप लड़कों की प्रतियोगिता में निखिल कुमार बी फार्म प्रथम वर्ष प्रथम, आलोक कुमार बी फार्म प्रथम वर्ष दूसरे तथा रौशन कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता लड़कियों में किरण, गंगा, स्वीटी, रुचि, सुमी, निशा तथा अंजना ने बाजी मारी तथा प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी प्रतियोगिता लड़कों में तेजस्वी, कुमार पल्लव तनुज, रंजन, शुभम तथा चंदन ने बाजी मारी तथा प्रथम स्थान पर रहे। संस्था के सचिव शंभूनाथ पांडेय ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर फार्मेसी प्राचार्य, प्राचार्य नर्सिंग रंजू यादव, शालू ओझा, राजदीप, दीपक कुमार, सूरज कुमार, पिंकी कुमारी, सचिन कुमार, किरण साहनी, पिंकी कुमारी आदि उपस्थित रहे।

